राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-115
लखनऊ, मंगलवार 12 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00

आमंत्रण मूल्य ₹3

लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जन समस्याओं को गंभीरता के साथ निस्तारित करें अधिकारी : केशव मौर्य 03

विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए मिलकर करें काम 12

## सियाचिन में तैनात हुईं पहली महिला मेडिकल ऑफिसर कैप्टन फातिमा

एजेंसी



**लद्दाख।** सियाचिन ग्लेशियर में सेना की ऑपरेशनल पोस्ट पर पहली बार महिला मेडिकल ऑफिसर की तैनाती की गई है। कैप्टन फातिमा वसीम को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी पोस्टिंग 15 हजार 200 फीट की ऊंचाई पर होगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सेना के फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोमवार (11 दिसंबर) को इस बात की जानकारी दी।

फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें सियाचिन बैटल स्कूल में फातिमा ट्रेनिंग लेती दिखीं। फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स को आधिकारिक तौर पर 14वां कॉर्प्स कहा जाता है। इसका हेडक्वार्टर लेह में है। इनकी तैनाती चीन-पाकिस्तान की सीमाओं पर होती है। साथ ही ये सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा करते हैं। इससे पहले 5 दिसंबर 2023 को सेना ने बताया कि स्नो लेपर्ड ब्रिगेड की कैप्टन गीतिका कौल पहली महिला मेडिकल ऑफिसर बनीं थीं। उन्हें सियाचिन की बैटलफील्ड पर तैनात किया गया है, जिसकी ऊंचाई 15,600 फीट है। कैप्टेन गीतिका ने अपनी तैनाती को लेकर सेना का आभार जताया था।

# 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में जुटे युवा शक्ति

## पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत एट 2047 : युवाओं की आवाज' का शुभारंभ किया

▸ हर युवा को विकसित भारत की कार्ययोजना से जोड़ेगी सरकार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की युवा शक्ति को 'बदलाव का वाहक' और 'बदलाव का लाभार्थी' बताते हुए देश के युवाओं का सोमवार को आह्वान किया कि वे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर अपनी कल्पना एवं चेतना शक्ति के साथ सरकार की कार्ययोजना में जुड़ें। श्री मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत एट 2047 : युवाओं की आवाज' का शुभारंभ किया और इस मौके पर प्रधानमंत्री ने देश भर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संस्थानों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी इस वर्चुअल सम्मेलन में उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया की आबादी तेज़ी से बुज़ुर्ग हो रही है और भारत युवाशक्ति से सशक्त है। विशेषज्ञ बताते हैं कि आने वाले 25-30 वर्षों तक कामकाजी आबादी के मामले में भारत सबसे अग्रणी रहने वाला है। इसलिए भारत के युवाओं पर पूरी दुनिया की नज़र है। युवाशक्ति, बदलाव का वाहक भी है और बदलाव का लाभार्थी भी है। आज जो युवा साथी, कॉलेज और विश्वविद्यालय में हैं, उनके करियर को भी यही 25 साल तय करने वाले हैं। यही युवा नए परिवार बनाने वाले हैं, नया समाज बनाने वाले हैं। इसलिए ये तय करना कि विकसित भारत कैसा हो, ये हक भी सबसे अधिक हमारी युवा शक्ति को ही है। इसी भाव के साथ सरकार, देश के हर युवा को विकसित भारत की कार्ययोजना से जोड़ना चाहती है। देश के युवाओं की आवाज़ को विकसित भारत के निर्माण की नीति-रणनीति में ढालना चाहती है। युवाओं के साथ आप सबसे ज्यादा संपर्क में रहते हैं, इसलिए इसमें आप सभी साथियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। उन्होंने कहा कि हमें प्रगति के जिस रोडमैप पर चलना है, वो सिर्फ सरकार तय नहीं करेगी, उसे देश तय करेगा।

### व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण संभव

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत विकसित भारत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आज की कार्यशाला आयोजित करने के लिए सभी राज्यपालों को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए की और कहा कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर आज का दिन विशेष है। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में देश के युवाओं का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी संभालने वाले सभी हितधारकों को एक साथ लाने में उनके योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि कोई देश अपने लोगों के विकास से ही विकसित होता है। श्री मोदी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों की भूमिका व्यक्ति निर्माण की होती है, और व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण होता है।

### सबके प्रयास से ही होगा विकसित भारत का निर्माण

स्वच्छ भारत अभियान हो, डिजिटल इंडिया अभियान हो, कोरोना से मुकाबला हो, वोकल फॉर लोकल होने की बात हो, हम सभी ने सबका प्रयास की ताकत देखी है। सबका प्रयास, से ही विकसित भारत का निर्माण होना है। उन्होंने कहा, आप सभी विद्वत जन, स्वयं भी देश के विकास के विजन को आकार देने वाले लोग हैं, युवा शक्ति को निर्देशित करने वाले लोग हैं। इसलिए आपसे अपेक्षाएं कहीं अधिक हैं। ये देश का भविष्य लिखने का एक महाअभियान है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएफए के पूर्व सचिव के घर इनकम टैक्स की छापेमारी

**कोलकाता।** आयकर विभाग ने विदेशी शराब व्यापार में वित्तीय अनियमितताओं की चल रही जांच के सिलसिले में सोमवार को भारतीय फुटबॉल संघ (आईएफए) के पूर्व सचिव उत्पल गांगुली से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयकर अधिकारी प्रासंगिक दस्तावेजों की जांच कर रहे थे और गांगुली से उनके ढाकुरिया स्थित आवास पर पूछताछ कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय बलों के जवानों ने सुबह से ही परिसर की घेरेबंदी कर रखी थी। अधिकारी ने कहा कि हमारे अधिकारी गांगुली से पूछताछ कर रहे हैं और भारत-निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) के व्यापार से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं, जिससे वह जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि कोलकाता के बालीगंज और काशीपुर इलाकों में गांगुली से जुड़े कुछ कार्यालयों की भी तलाशी ली जा रही है। फिलहाल, इस मुद्दे पर टिप्पणी के लिए गांगुली से संपर्क नहीं हो सका है।

### संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई फरवरी तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और ईडी को आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और सुनवाई अगले साल 5 फरवरी तक टाल दी। सिंह ने कथित दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू से मामले में लिस्टिंग की अगली तारीख से पहले जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने के लिए कहा। राजू ने पीठ को बताया कि राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आप सांसद द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं और अगली सुनवाई 12 दिसंबर के लिए निर्धारित है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई अगले साल 5 फरवरी को तय की।

### तेल बाँड पर मोदी सरकार ने चुकाए 3.5 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार ने आज राज्यसभा को बताया कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) द्वारा जारी 1.41 लाख करोड़ के तेल बाँड के लिए मोदी सरकार ने 3.5 लाख करोड़ रुपये चुकाये हैं जबकि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद में की गयी कटौती से 2.2 लाख करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सुशील मोदी के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि संप्रग सरकार द्वारा तेल बाँड के माध्यम से जुटाये गये ऋण पर मोदी सरकार को बहुत अधिक रकम चुकानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल कीमतों में आयी तेजी के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पिछले वर्ष दोबार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्कों में कटौती की जिसके कारण केन्द्रीय राजस्व को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने सुनाया फैसला

# अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला सही

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववती जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले को सोमवार को बरकरार रखने का फैसला सुनाया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने अपने सर्वसम्मत फैसले कहा कि अनुच्छेद 370 विशेष परिस्थितियों के लिए अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति द्वारा इसे मान्यता देने की कवायद थी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। संविधान पीठ ने केंद्र को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के आश्वासन के अनुसार जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने तीन फैसले सुनाए। मुख्य न्यायाधीश ने खुद और न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति कांत के का, जबकि दूसरा न्यायमूर्ति कौल ने और तीसरा न्यायमूर्ति खन्ना ने सुनाया। न्यायमूर्ति खन्ना ने मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति कौल के फैसले से सहमति व्यक्ति की। संविधान पीठ ने अपना बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने दो अगस्त 2023 को याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुननी शुरू की थीं। संबंधित पक्षों की दलीलें 16 दिनों तक सुनने के बाद पांच सितंबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान पीठ ने याचिकाकर्ताओं, उत्तरदाताओं - केंद्र और अन्य - सभी की दलीलें सुनीं। केंद्र सरकार ने 5-6 अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 में बदलाव किया था, जिसमें पहले पूर्ववर्ती सीमावर्ती राज्य जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ताओं - कपिल सिब्बल, राजीव धवन, गोपाल सुब्रमण्यम, दुष्यंत दवे, जफर शाह, गोपाल शंकरनारायणन- ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें पेश कीं थी। याचिकाकर्ताओं में शामिल सज्जाद लोन के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस का प्रतिनिधित्व श्री धवन किया था।

### फैसला मजबूत भारत के निर्माण की आशा का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत रिपीट स्वागत करते हुए कहा कि यह आदेश एक मजबूत और अधिक एकजुट भारत के निर्माण की आशा की किरण है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा सर्वसम्मति से उस संवैधानिक फैसले को वैध ठहराए जाने के बाद आयी, जिसने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और इससे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निष्प्रभावी हो गया।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला भारत की हार : महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा कि यह जम्मू कश्मीर के लोगों की नहीं, बल्कि भारत देश की हार है। उन्होंने इसे आइडिया ऑफ इंडिया की हार करार दिया। उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा कि जम्मू-कश्मीर ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला एक मुश्किल पड़ाव है, पर यह मंजिल नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे विरोधी चाहते हैं कि हम उम्मीद छोड़कर इस शिकस्त को स्वीकार करें, यह हमारी हार नहीं, यह भारत देश की हार है।



राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''आज उच्चतम न्यायालय द्वारा, संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय और उस पूरी प्रक्रिया को सही ठहराया गया है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करके प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल एक नया अध्याय लिखा है बल्कि भारत की एकता और अखंडता को नई मजबूती भी दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास एवं सुशासन की दृष्टि से सिरमौर साबित होगा।



जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही बताया है। उन्होंने एक्स पर कहा, सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा धारा 370 और 35 ए के संबंध में दिया गया निर्णय अभिनंदनीय है। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाये जाने की वैधता को बरकरार रखने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाला बताया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बयान जारी कर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने को वैधता प्रदान करना स्वागत योग्य है।

### 10 जनवरी तक बढ़ी सिसोदिया की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सोमवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 10 जनवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज कोर्ट से अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। 21 नवंबर को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया के वकीलों से कहा था कि आप मामले के ट्रायल में देरी करना चाहते हैं। 10 नवंबर को कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाज़त दी थी। 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सीबीआई ने 25 अप्रैल को इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। पूरक चार्जशीट में सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया गया था। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 25 नवंबर, 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी।

### जम्मू-कश्मीर को तत्काल प्रभाव से दिया जाए पूर्ण राज्य का दर्जा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर को तत्काल प्रभाव से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमने हमेशा जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। हम इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि जिस तरीके से अनुच्छेद 370 को निरस्त किया गया, उस फैसले से हम सम्मानपूर्वक असहमत हैं।

## बैठक में फैसला : मोहन यादव बनेंगे मध्य प्रदेश के नए सीएम

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के नए सीएम मोहन यादव होंगे, सोमवार को विधायक दल की बैठक में उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव के नाम का ऐलान किया गया। मध्य प्रदेश सीएम का नाम तय करने के लिए पर्यवेक्षकों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से बात की।

इसके बाद पर्यवेक्षक हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, भाजपा सांसद के लक्ष्मण और पार्टी नेता आशा लकड़ा ने भोपाल स्थिज राज्य मुख्यालय में विधायकों के साथ बैठक की। इसी में सीएम के नाम पर मुहर लगी. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 230 में से 163 सीटों पर जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था।यहां शिवराज सिंह चौहान के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, राकेश सिंह, कैलाश विजयवर्गीय के नाम भी सीएम पद की रेस को लेकर चर्चा में रहे।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ मोइत्रा, लोकसभा से निष्कासन को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** लोकसभा सदस्यता खत्म होने के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ एथिक्स कमेटी की सिफारिश और उसके बाद लोकसभा से प्रस्ताव पारित होने को गलत बताया है। लोकसभा ने 8 दिसंबर को महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी थी। संसद की एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा पर लगे पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप को सही मानते हुए संसद की सदस्यता खत्म करने की अनुशंसा की थी। महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

## कोर्ट ने ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करने के लिए एएसआई को एक सप्ताह का समय दिया

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** जिला अदालत ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को यहां ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वैज्ञानिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पूरी करने और उसे जमा करने के लिए एक सप्ताह का और समय दिया है।

विवाद में हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि मामले की सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने एएसआई को सर्वेक्षण पूरा करने और अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया। अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख 18 दिसंबर तय की है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि एएसआई ने अपने आवेदन में अपने अधीक्षण पुरातत्वविद् अविनाश मोहंती के खराब स्वास्थ्य, रक्तचाप में अचानक वृद्धि और अदालत में उपस्थित होने में असमर्थता का हवाला देते हुए सोमवार को रिपोर्ट पेश करने में असमर्थता जताई। यह छठी बार है जब अदालत ने एएसआई को अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया है।

समारोह

### राष्ट्रपति मुर्मू ने डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में कहा

# समाज के हर वर्ग को स्वस्थ हृदय के बारे में जागरूक करें डॉक्टर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जिन अस्पतालों में नर सेवा, नारायण सेवा की भावना प्रबल हो, वहां मानवता के श्रेष्ठतम रूप का दर्शन होता है। डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर का ध्येय इसी पर आधारित है। मानवता की सेवा का यह भाव सराहनीय है। उक्त बातें राष्ट्रपति ने सोमवार को लखनऊ के डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहीं।

राष्ट्रपति ने हार्ट केयर के डॉक्टरों से अनुरोध किया कि समाज के जन-जन को स्वस्थ हृदय के बारे में जागरूक करें। एक अस्पताल में 100, 200 व 500 का इलाज करते हैं, लेकिन जनजागरूकता से हजारों को लाभान्वित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को कम दर पर अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे और हम सभी मिलकर स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे।

अलग धर्म, जाति, क्षेत्र राज्य व आस्था से जुड़े होने के बावजूद हमारी पहचान भारतीय ही है। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. एके श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार शाम लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

### लखनऊ ने देश को दिया भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि परम श्रद्धेय अटल जी का लखनऊ के लोगों से गहरा रिश्ता था। आपने प्रतिनिधि के रूप में जहां अटल जी को चुना, वहीं देश को अद्भुत प्रधानमंत्री व भारत रत्न दिया। वे हमारे लोकतंत्र और लखनऊ के अनमोल ध्येय थे।

### बेटियों के बेहतर प्रदर्शन में विकसित भारत की झलक

**वाराणसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 45वें दीक्षान्त समारोह में कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में बेटियों के बेहतर प्रदर्शन में विकसित भारत और बेहतर समाज की झलक दिखाई देती है। समारोह में विद्यापीठ के विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक पाने वाले 16 मेधावी विद्यार्थियों में स्वर्ण पदक वितरित कर राष्ट्रपति ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में योगदान का जिक्र कर कहा कि काशी विद्यापीठ के प्रथम प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों में महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, जमनालाल बजाज, जवाहरलाल नेहरू, आचार्य नरेंद्र देव और पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे महापुरूष इतिहास निर्माता शामिल थे। काशी विद्यापीठ के असाधारण आचार्यो में आचार्य नरेंद्र देव, डॉ संपूर्णानंद, बाबू श्रीप्रकाश जैसे मूर्धन्य विद्वान सदैव याद रखे जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रिटिश शासन की वित्तीय सहायता और नियंत्रण से दूर रहते हुए भारतीय संसाधनों से निर्मित काशी विद्यापीठ का नामकरण महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ करने के पीछे हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों के प्रति सम्मान जताने की भावना निहित है।

### जम्मू-कश्मीर आरक्षण-पुनर्गठन संशोधन बिल राज्यसभा से भी पास

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के छठे दिन (11 दिसंबर) गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो बिल पेश किए। इनमें जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023 शामिल रहे। राज्यसभा में बहस के दौरान अमित शाह ने धारा 370 हटाने का विरोध कर रहे विपक्ष को चेतावनी दी कि लौट आइए, नहीं तो जितने हो, उतने भी नहीं बचोगे। दरअसल, पूरे दिन बिल पर बहस के दौरान विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत ठहराता रहा। अमित शाह के जवाब के दौरान भी विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद बिलों पर वोटिंग हुई और दोनों बिल राज्यसभा से भी पास हो गए।

# विकसित देश की श्रेणी में पहुंच रहा भारत : अरविंद मौर्य

## भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और विश्वास पर काम कर रही है : संदीप गुप्ता

**मसौली,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनता के विश्वास एव प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के साथ आज हमारा भारत देश विकसित भारत के रूप मे मजबूत हो रहा है हमारी सरकार का उद्देश्य है कि समाज के सभी वर्गो को योजनाओं का लाभ मिले और प्रत्येक नागरिक के चेहरे पर मुस्कान हो।

उक्त बाते सोमवार को ग्राम पंचायत टेरा दौलतपुर मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य ने कही उन्होंने कहा कि सरकार की तमाम ऐसी योजनाएँ है जिनके प्रति



लोग जागरूक नही है ऐसी योजनाओं को उनके बीच तक पहुंचना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। श्री मौर्य ने विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कार्यक्रम मे बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग सहित अन्य स्टालो का जायजा लिया। भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और विश्वास पर काम कर रही है जिसका फायदा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और लोगो का सरकार की तरफ विश्वास बढ़ रहा हैं।

खण्ड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा ने बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई कराते हुए बच्चो को अन्नप्राशन कराया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चो को पुरुस्कृत किया।

कार्यक्रम के दौरान ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता शशि गुप्ता, आशीष कुमार वर्मा, एडीओ एम आई अरुण कुमार व्यास, एडीओ कृषि देवेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान शमशेर कुमार टी ए संदीप कुमार, लिपिक अनिल दुबे, आपरेटर प्रदीप वाजपेई, पंचायत सचिव मो. आकिब जमाल, शौम्या सिंह, संजीव कुमार सिंह, समाजसेवी मुन्ना किदवाई आदि लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम ग्राम सदरुद्दीनपुर मे सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम, ग्राम प्रधान सुमेरा बानो, प्रतिनिधि औसफ अंसारी की अध्यक्षता मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया तथा ग्राम पंचायत अनखा व गदाईपुर मे भी यात्रा का स्वागत किया गया।

# महादेवा महोत्सव के पांडाल में विकसित भारत का लिया संकल्प

**रामनगर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

▸ अच्छी फसल उगाने वाले किसानों को दिया प्रशस्ति पत्र

महादेवा महोत्सव के पंडाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए एमएलसी अंगद सिंह ने कहाकि जब तक गांव का प्रत्येक व्यक्ति विकसित नही होगा तब तक देश प्रदेश विकसित नही हो सकता। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जो सपना देखा था उसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने का काम कर रहे है। इस कार्यक्रम में आवास के लाभार्थियो सबीना, अलीमुन,मुन्नी को आवास स्वीकृत पत्र एवं चाबी प्रदान की गयी।सौ दिनो का रोजगार पाने वाले मनरेगा श्रमिको को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को प्रमाण पत्र दिया गया। आंगनबाड़ी की नन्हे मुन्ने बच्चों को बर्तन वितरण किये गये। अच्छी फसल उगाने वाले किसानो को प्रशस्ति पत्र दिया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये और मकान की छत मिलने पर देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा महिलाओं की गोद भराई कराई।

## नगर पंचायत में होर्डिंग हटाने का अभियान हुआ तेज

**जैदपुर,बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पंचायत जैदपुर में लगी भारी संख्या होल्डियों को हटाने का कार्य सोमवार को नगर पंचायत की गठित टीम द्वारा दिन भर चलता रहा। जिसमें कस्बे के मुख्य मार्गों पर लगी होल्डिंग हटायी गयी। जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पंचायत जैदपुर टीम ट्रक्टर ट्राली डाला सहित कर्मचारी कस्बे में लगी तमाम होल्डिंग हटाने का काम करते रहे। जबकि अधिक संख्या में लगी होर्डिंग अभी पूरी तरह से नहीं हट पायी हैं। सिनेमा हाल बाजार चमरहिया सहित अंय जगहों की होर्डिंग हटाया गया है। बची शेष जिसे अभियान के अंतर्गत हटाने का काम लगातार चलाया जायेगा। इस संबंध मे ईओ अलोक कुमार वर्मा ने बताया कि उपजिलाधिकारी के आदेशनूसार होर्डिंग हटाने का काम करवाया जा रहा है।

# एलईडी वैन से ग्रामीणों को बताई सरकार की योजनाएं

## विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से दी जानकारी



**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरवल किर्सिया में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का बयान एवं उनके द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा प्रसारण उपस्थित ग्रामीणों को दिखाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों पिछड़ों का जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए तमाम विकास परक योजनाएं चलाकर ऐसे लोगों को लाभान्वित कर रही है बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बसे हर व्यक्ति तक इस सरकार में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राजन सिंह एडियो पंचायत उदय शुक्ला भाजपा मंडल महामंत्री रंजीत सिंह प्रवीण सिंह राणा सहित योजनाओं का लाभ उठाने वाले सैकड़ो किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विशाल भण्डारे के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

गुरुदत्त पुरवा मजरे कमेला स्थित चारों बाबा धाम के प्रांगण में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आज विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया समापन अवसर पर आचार्य सुशील मिश्रा को समाजसेवी दीपक तिवारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर कथा व्यास आचार्य सुशील मिश्रा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से हमारे जीवन में सदुणों का विकास होता है चरित्र निर्माण की दिशा मिलती है और हमें संस्कार एवं मर्यादा की शिक्षा मिलती है। इस



अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान कमेला समाजसेवी दीपक तिवारी दिवाकर मिश्रा प्रेम नारायण मिश्रा डॉ श्री नारायण चंद्रनाथ तिवारी भगवानदीन साहू वेदनाथ तिवारी चंद्रभान मिश्रा शीतल सोनी महंत देवशरण मिश्रा नरेंद्र सिंह चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया लोधेश्वर महादेवा महोत्सव का शुभारंभ

**रामनगर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

लोधेश्वर महादेवा के अगहनी महोत्सव का जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विश्व कल्याण द्वार पर फीता काटकर महादेवा महोत्सव का शुभारंभ किया।उसके बाद मंदिर में पूजा अर्चना कर देवाधिदेव भगवान शंकर से विश्व कल्याण की कामना की जिलाधिकारी ने पूरे दल बल के साथ सांस्कृतिक पंडाल में पहुचकर दीप प्रज्वलित कर स्कूली बच्चों के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने इस मौके पर कहाकि लोधेश्वरधाम जिले का गौरव है हम सभी की जिम्मेदारी बनती है इस तीर्थ स्थल के विकास में सहयोग करें। मेला महोत्सव को सफल बनाने के लिए संभव प्रयास किया गया है। उन्होने बेहतर आयोजन के लिए मेला व्यवस्था से जुड़े विभागो के



अधिकारियो को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी लोगो के द्वारा स्मारिका का विमोचन भी किया गया।जिलाधिकारी ने महोत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गये स्टालों का अवलोकन किया। जिसमे सूरतगंज ब्लाक के विभिन्न समूहो के द्वारा अलग-अलग स्टाल लगाए गये थे। स्वास्थ्य विभाग,बाल विकास एवं परियोजना, हथकरघा उद्योग,विकास विभाग के द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह,पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व विधायक शिवकरन सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह,अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान, तहसीलदार सीमा भारती, प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय,खंड विकास अधिकारी सूरतगंज प्रीति वर्मा सहित मेला व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### एक दिवसीय रोजगार मेला 13 दिसंबर को

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन कार्यालय/मॉडल कॅरियर सेन्टर राजापुर द्वारा शासन के निर्देश पर 13 दिसंबर को जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण सेवायोजन एवं एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध है, आप सेवायोजन पोर्टल पर अपनी योग्यता अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने बॉयोडाटा के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय, राजापुर, लखीरी में प्रातः 10:30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी।

### जागरुकता कार्यक्रम 14 दिसंबर को

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि विपणन विकास सहायता योजना (एससीएसपी) के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 14 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भंसरिया कासिंग में 11.30 बजे आयोजित होगा। जनपद के विभिन्न विकासखण्डों के क्षेत्रों के बेरोजगार नवयुवकों-नवयुवतियों-पॉलीटेक्निक- आईटीआई से प्रशिक्षित/परम्परागत कारीगरों/उद्यम स्थापना में रूचि रखने वाले क्रियाशील व्यक्तियों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

### कार्यो के संपादन के लिए रहेगा शटडाउन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अभियंता (विद्युत) शैलेंद्र कुमार ने समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए बताया कि विद्युत वितरण खंड प्रथम लखीमपुर के तहत आरडीएसएस योजना के कार्यों के संपादन के लिए विभिन्न घोषित क्षेत्र में 12 से 14 दिसंबर तक सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गढ़ी रोड एवं नई बस्ती के अंतर्गत 12 दिसंबर को निर्मल नगर (अंदर) व महाराज नगर (बगिया के पास), 13 दिसंबर को बेरी के पास आवास विकास, दुर्गापुरवा, सरदार नगर सैधरी और 14 दिसंबर को कांति विसेन बाग से सब्जी मंडी तक, सरदारनगर सैधरी, वीमार्ट के पास सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### गन्ना कोल्हू में लगी आग, दो मवेशियों की मौत

**लखीमपुर खीरी/ सिंगाही समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के खैरीगढ़ गांव में अज्ञात कारणों से गन्ना कोल्हू में आग लग गई। कोल्हू के उपकरण सहित गुड़, मोटरसाइकिल व जलकर राख हो गया। वहीं तीन मवेशी झुलस गए और दो मवेशियों की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना दमकल कर्मियों को दी, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा चुके थे।

# गन्ना कोल्हू में लगी आग, लाखों का सामान राख



**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के खैरीगढ़ गांव में अज्ञात कारणों से गन्ना कोल्हू में आग लग गई। कोल्हू के उपकरण सहित गुड़, मोटरसाइकिल व जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने सूचना दमकल कर्मियों को दी, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा चुके थे। थाना क्षेत्र के खैरीगढ़ के उत्तर की तरफ़ संजय गुप्ता गांव के बाहर गन्ना कोल्हू लगाकर गुड़ तैयार करते हैं। संजय गुप्ता के मुताबिक, रविवार रात करीब बारह बजे कोल्हू पर काम करने वाले सभी लोग घर गए थे। तभी अचानक अज्ञात कारणों से खोई के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग कोल्हू के पूरे हिस्से में फैल गई। संजय के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाना शुरू किया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो की हुई मौत

**धौरहरा खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के एनएच 730 पर जसवंतनगर के पास रविवार को देर रात शादी समारोह से वापस अपने घर पड़ोसी जनपद सीतापुर के थाना लहरपुर क्षेत्र के गांव अडमलपुर जा रहे बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गए, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी जानकारी पाकर मौके पर दलबल के साथ पहुचे कार्यवाहक थाना प्रभारी ने घायलों को जिला अस्पताल भेजकर मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। वही एक घायल की जिला अस्पताल में सांसे थम गई और एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। खमरिया थाना क्षेत्र के एनएच 730 पर जसवंतनगर के पास रविवार को देर रात बेलवा मोती गांव में शादी समारोह से होकर बाइक पर सवार होकर अपने घर अडमलपुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर जा रहे पुष्कर,मानसिंह व सतीश अज्ञात वाहन से टकराकर हाइवे पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसकी सूचना पाकर मौके पर दलबल के साथ पहुचे कार्यवाहक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नागेन्द्र कुमार पाण्डेय को पुष्कर पुत्र अवधेश मृत अवस्था मे मिले वही मान सिंह व सतीश की सांसें चलती देख उन्होंने दोनों को तत्काल कड़ी मशक्कत के बाद जिला अस्पताल भेजा जहां मान सिंह ने दम तोड़ दिया वही सतीश की हालत गंभीर बनी हुई है।

## कवच चौकी बनवाने के लिए पुलिस ने शुरू कराया काम

**पलियाकलां-खीरी।** पलिया नगर के सीओ ऑफिस के सामने दुधवा मुख्यालय कार्यालय के बाहर पीडब्ल्यूडी विभाग की जमीन में पुलिस के द्वारा कवच चौकी बनवाए जाने से संबंधित कार्य शुरू कराया गया। इसी बीच पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उसे अपने हैंड ओवर की जमीन बताते हुए अपनी आपत्ति दर्ज की। काफी देर तक दोनों विभागों के अधिकारियों के बीच बहस हुई उसके बाद मामला सीओ दरबार तक जा पहुंचा। बता दें कि पलिया संपूर्णानगर रोड पर सीओ ऑफिस के पास दुधवा मुख्यालय का कार्यालय बना हुआ है। सोमवार को कोतवाल विवेक उपाध्याय ने अपनी मौजूदगी में उक्त जमीन पर पुलिस कवच चौकी के लिए खुदाई का कार्य शुरू कराया?

# तेल का ड्रम फटने से हड़कंप पांच मजदूर झुलसे, तीन रेफर

**पलियाकलां खीरी। समृद्धि न्यूज**

पलिया निघासन रोड पर तिलकपुरवा से फरसहिया मार्ग पर रोड निर्माण कार्य के बाद आग ताप रहे मजदूरों के पास रखा डीजल का ड्रम अचानक फट गया। डीजल का ड्रम फटने से पांच मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में झुलसे सभी मजदूरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में लाकर भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर तीन मजदूरों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह सीएचसी पर पहुंचे और मजदूरों का हाल जाना। बता दें कि पलिया निघासन रोड पर तिलक पुरवा से फरसहिया मार्ग पर डामर रोड निर्माण कार्य का काम किया जा रहा है। दिन का काम खत्म करने के बाद मजदूर आग तापने लगे?। बताया जाता है कि जिस स्थान पर मजदूर आग ताप रहे थे वहीं पास में डीजल का ड्रम रखा हुआ था। बताया जाता है कि आग की आंच से गर्म हुआ डीजल का ड्रम अचानक फट गया। डीजल का ड्रम फटते ही पास में बैठे मजदूर झुलस गए। आनन-फानन में झुलसे मजदूरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि पांच झुलसे मजदूरों में से गम्भीर मजदूर प्रेम पुत्र विश्राम निवासी तकिया थाना हैदराबाद, दुर्गेश कुमार पुत्र राम सहाय निवासी तकिया व सुभाष पुत्र राम सहाय को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अश्रु पूरित आंखों से दी अंतिम विदाई

**बिसवां,सीतापुर।** हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. श्याम किशोर वर्मा के दिवंगत पिताश्री सन्तराम वर्मा के अंतिम संस्कार में नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उन्होंने 112 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पांच पीढ़ियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं सोमवार सुबह जैसे ही उनके निधन का समाचार मिला लोग उनके अंतिम दर्शन को उमड़े पड़े। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव मवासेपुर में दोपहर बाद वैदिक रीति से कर दिया गया। इस मौके पर भाजपा विधायक निर्मल वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सकरन सहित विश्व हिन्दू परिषद, संस्कार भारती,आर एस एस,बजरंग दल,भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी तथा भारी संख्या में ग्रामीण लोग शामिल रहे।

# 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस का होगा आयोजन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर पेंशन संबंधी समस्याओं के निस्तारण को हर वर्ष की तरह 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाएगा। इसमें सभी विभागाध्यक्षों के साथ पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने बताया कि पेंशनर दिवस के उपलक्ष्य में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर दिन रविवार को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन होगा। कार्यक्रम में पेंशनरों एवं पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों को पेंशन से सम्बन्धित अपनी-2 समस्याओं को रखने एवं सुझाव देने का अवसर दिया जायेगा, जिनका निराकरण/समाधान सम्बन्धित विभाग के कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन ने पेंशनर दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं। पेंशनर दिवस पर पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी पेंशन संबंधी समस्याएं और पेंशन सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव देंगे। वहीं विभागाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रमुख समस्याओं के निस्तारण में सहयोग करेंगे।

# उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव, समझाया बेटियों का महत्व

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

महिला कल्याण विभाग की ओर जिला महिला अस्पताल में सोमवार को कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित उत्सव में सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को सम्मान-पत्र और बेबी किट देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।

सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए। जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे



आने वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता-पिता का ज्यादा ख्याल रखती है। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं।बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने कहा कि बेटियां लक्ष्मी, सरस्वती एवं दुर्गा मां का स्वरूप होती हैं। उनके होने भर से घर की शोभा बढ़ जाती है। बेटियों के जन्म पर बेटों के जन्म जैसा ही उत्सव मनाना चाहिए। इस दौरान प्रचार-प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। इस मौके पर हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा सहित चिकित्सालय का स्टाफ एवं नव जन्मी कन्याओं के अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# एसडीएम ने मेडल व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

▸ गोल्ड मेडल प्राप्त मानसी गुप्ता ने शिक्षकों और माता-पिता को किया समर्पित

**मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज**

महामहिम राज्यपाल से गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली मानसी गुप्ता और शिक्षक सम्मान समारोह मोहम्मदी महाविद्यालय में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार रहे, विद्यालय के अध्यापकों ने मुख्य अतिथि सहित विद्यालय प्रबंध समिति का बैच लगाकर सम्मान किया उसके उपरांत विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना की, लखनऊ



विश्वविद्यालय की ब्रांच मोहम्मदी महाविद्यालय की बालिका मानसी गुप्ता ने एम ए अंग्रेजी में 77.70 अंक पाकर पूरे लखनऊ मंडल के विश्वविद्यालय में टॉप किया जिसमें महामहिम राज्यपाल ने मानसी गुप्ता को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया, इसी क्रम में उप जिला अधिकारी और विद्यालय प्रबंध समिति ने मानसी गुप्ता को प्रशस्ति पत्र, मेडल , सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

सम्मान से अभिभूत मानसी गुप्ता ने सम्मान पाकर कहा कि विद्यालय के शिक्षक और माता-पिता के आशीर्वाद के कारण यह मुकाम हासिल किया, वहीं उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमार ने कहा शिक्षा एक अमूल्य धरोहर है और यह हर ताले की चाबी है उन्होंने कहा बच्ची ने मोहम्मदी ही नहीं पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है, मेरी शुभकामनाएं, सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य बीके पांडे, सचिन मल्होत्रा, कृष्ण मोहन शुक्ला, युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, जिला संचालक अमित भसीन,विनोद श्रीवास्तव ,दिलीप श्रीवास्तव, डॉ सुभाष गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन अध्यापक चमन सक्सेना ने किया ,कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया।

## आवास के लाभार्थी के घर पहुंच बढ़ाया मान

**मसौली, बाराबंकी।** प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थी के आग्रह पर पीएम आवास पहुंचे भाजपा नेता एव अधिकारियो ने लाभार्थी का बढ़ाया मान गदगद हुई आवास की लाभार्थी। बताते चले कि सोमवार को ग्राम पंचायत अनखा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम था जिसमे सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसी दौरान प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थी आरती देवी पत्नी संजय कुमार ने कार्यक्रम मे मौजूद भाजपा नेताओं एव अधिकारियो से आवास पर आने के लिए आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए भाजपा नेता प्रमोद कुमार तिवारी, पंचायत सचिव उत्तम वर्मा एव प्रताप नारायण ने लाभार्थी के घर पहुंच दलित महिला का मान बढ़ाया।

# दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आ रहे हाईवे पर दौड़ रहे ई-रिक्शा

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

स्टेट हाईवे ओंर नेशनल हाईवे पर दौड़ रहे ई रिक्शा लगातार दुर्घटनाओं को दावत देते नजर आ रहे हैं? लखीमपुर - गोला रोड पर लालपुर स्टेडियम के आगे कार और ई रिक्शा की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल। सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया।स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा अनियंत्रित होकर कार से जा टकराया। टक्कर के बाद दोनों वाहन साइड में पलट गये। पिछले दिनों तहसील मोहम्मदी दिलावरपुर में ई रिक्शा जिसमें स्कूली छात्र बैठे थे टकरा गया था और टकराने के बाद



बच्चे घायल हो गए थे? जिला प्रशासन खीरी को कई बार प्राइवेट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे पर ई रिक्शा के दौड़ने को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं? लेकिन यह सब ढाक के तीन पात साबित हो रहा है? न हीं पुलिस प्रशासन, न ही, परिवहन विभाग कोई कार्यवाही कर पा रहा है? किसी दिन ई रिक्शा नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर बड़ी दुर्घटना का कारण बनेगा तब जागेगा खीरी प्रशासन जब पूरे प्रदेश में होगी खीरी की दुर्घटना की चर्चा?

## हादसे मे बाल-बाल बचे गोला नगर पालिका अध्यक्ष

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू कार सड़क हादसे से साफ साफ बच गए। रविवार को



पालिका अध्यक्ष किसी के शादी समारोह मे लखनऊ गए हुए थे। वापसी के समय सीतापुर से कस्ता की रोड पर ग्राम विक्रमपुर के पास रात्रि करीब 12:30 कार के सामने नीलगाय आ जाने से हादसा हो गया। पालिका अध्यक्ष के साथ दो और लोग भी थे। गाड़ी के एयर बैग खुलने से सभी लोग सुरक्षित रहे। किसी को कोई चोंटे नही आई। कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। कार को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि नीलगाय से टक्कर काफी तेज हुई होगी।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, मंगलवार, 12 दिसंबर, 2023



# क्लैट परीक्षा में सीएमएस के श्रेयस पाण्डेय बने यूपी टॉपर

**क्लैट 2024 के परिणामों में मेधावियों का रहा दबदबा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** क्लैट 2024 के परिणामों में राजधानी के मेधावियों ने काबिलियत का लोहा बनवाया है। लखनऊ के श्रेयांश पांडेय को आल इंडिया 25वीं रैंक हासिल हुई हैं। वही सार्थक मिश्रा को 80, साकेत को 83 रैंक मिली हैं। इसके अलावा ओबीसी केटेगरी के आदित्य कुमार यादव को 23 रैंक और रिया वर्मा को 61 रैंक मिली। वही यथार्थ सोनी को 81 रैंक, हर्दिक जिंदल को 244 रैंक मिली।

साथ ही एससी केटेगरी के यशी किशोर को 69, ऋषभ निर्वाण 169, आहना मेहरोत्रा को 443 रैंक मिली। लखनऊ के लॉ प्रेप कोचिंग इंस्टिट्यूट के निदेशक नितिन राकेश ने बताया कि लॉ प्रेप ट्यूटोरियल के जोधपुर सेंटर से जय बोहरा को एआईआर 1 रैंक हासिल हुई हैं। इसके अलावा लखनऊ सेंटर के छात्रों ने भी मील का पत्थर प्रदर्शन किया। शीर्ष रैंकर्स में सार्थक मिश्रा को एआईआर 80, साकेत रंजन को एआईआर 83, अग्रिमा साहू एआईआर 12 (ओबीसी) आदित्य कुमार यादव एआईआर 23 (ओबीसी), रिया शामिल हैं।

# किसानों को कृषि उपकरणों की खरीद पर 50 लाख तक अनुदान देगी सरकार

**14 दिसंबर तक कृषक कर सकते हैं आवेदन**

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** केंद्र की मोदी सरकार की तर्ज पर यूपी की योगी सरकार ने भी किसानों खातिर नई योजना लाई है। राज्य सरकार की इस स्कीम के तहत योगी सरकार किसानों को कृषि उपकरण खरीद पर 4 से 50 लाख तक का अनुदान देगी। योगी सरकार की स्कीम का लाभ उठाने के लिए किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आखिरी तारीख 14 दिसंबर है।

योजना का लाभ उठाकर किसान बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकिंग, मोबाइल आउटलेट और स्टोर की स्थापना कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं और ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी का चयन होगा। 10 हजार से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के आवेदन के लिए बुकिंग प्रक्रिया चल रही है। कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं एनएफएसएम, एसएमएएम, एनएमएओ ओएस-टीबीओ में कृषि यंत्र,कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर व स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन व बुकिंग 30 नवंबर से चल रही है। लाभार्थी कृषक 14 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। 30 नवंबर से 14 दिसंबर तक मिले आवेदन में डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सामने विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी आयोजित होगी। इसमें ब्लॉकवार लक्ष्यों के लाभार्थी का चयन किया जायेगा। ई-लॉटरी के जरिए लाभार्थियों का चयन होगा। ई-लॉटरी में चुने जाने वाले लाभार्थियों के अलावा 50 प्रतिशत तक की एक प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी। लक्ष्य की पूर्ति न होने पर प्रतीक्षा सूची में से लाभार्थी का चयन किया जायेगा। ई-लॉटरी हेतु स्थल, तारीख एवं समय की जानकारी उप कृषि निदेशक उपलब्ध कराएंगे। जिन कृषि यंत्रों पर अनुदान मिलेगा, उनमें लेजर लैंड लेवलर, पोस्ट होल डीगर, पोटैटो प्लान्टर, पोटैटो डीगर, शुगर केन कटर प्लांटर, शुगर केन थ्रेस कटर, शुगर केन रेटून मैनैजर, हैरो, कल्टीवेटर, पावर स्प्रेयर, मल्टीक्रॉप थ्रेसर, पावर चौफकटर, स्ट्रा रीपर, ब्रस कटर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, मिलेट मिल, सोलर ड्रायर, ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, पैकिंग मशीन, रोटावेटर, ट्रैक्टर माउण्टेड स्प्रेयर, ब्रिकेट मेकिंग मशीन, यूरिया डीप प्लेसमेन्ट एप्लीकेटर, सेल्फ प्रोपेल्ड यंत्र, पावर टिलर, पावर वीडर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस.एम.एस., राइस ट्रांसप्लांटर, जीरो टिल मल्टीक्रॉप प्लांटर, मेज सेलर, हैप्पी सीडर, रीपर कम बाइण्डर, सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर, छोटा गोदाम, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग आदि कृषि यंत्र हैं।

## सांस्कृतिक विविधता को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृतिमंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरब से पश्चिम तक विभिन्न सांस्कृतिक विविधताओं से भरा हुआ है। यहां पर धार्मिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक विरासत के चिन्ह हर जगह पाये जाते हैं। इनको संरक्षित एवं परिरक्षित करके भावी पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। इन धरोहरों का अभिलेखीकरण करके शोधार्थियों एवं जिज्ञासुओं तक पहुंचाने तथा प्राचीन विरासत को संरक्षित रखने के लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। पर्यटन मंत्री यहां पर्यटन भवन के सभागार में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं नेशनल ट्रस्ट फार प्रमोशन आफ नॉलेज लखनऊ के मध्य किये गये एक एमओयू के निष्पादन के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार भी मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### संयुक्त चिकित्सा सेवा 2023 में एलपीसी के घनश्याम चयनित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के लखनऊ पब्लिक कालेज के होनहार छात्र डा0 घनश्याम सहाय श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग 2023 की कंबाइंड मेडिकल सर्विसेज की परीक्षा में 633वीं रैंक प्राप्त कर राजधानी लखनऊ के साथ अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। डॉ. घनश्याम का चयन केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा में चिकित्सा अधिकारी के पद पर हुआ है। जो कि एक राजपत्रित अधिकारी का पद है। यूपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उनकी माता नीरू श्रीवास्तव और पिता राजेश श्रीवास्तव खासे उत्साहित है वही उनके विद्यालय में खुशी का माहौल है। पिता राजेश श्रीवास्तव जो खुद लखनऊ पब्लिक कालेज में जीव विज्ञान के लेक्चरर है ने, बताया कि धनश्याम में 2017 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर राजधानी के डा0 राम मनोहर लोहिया इन्सटीट्यूट ऑफमेडिकल साइन्सेज से 2022 में मेडिकल की पढ़ाई पूरी की थी। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक कालेज के संस्थापक व महाप्रबन्धक डॉ एसपी सिंह व प्रधानाचार्या भारती गोंसाई ने इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाइयां दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एलडीए तोड़ेगा राप्ति अपार्टमेंट के पार्क में बना मंदिर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर विस्तार स्थित राप्ती अपार्टमेंट में बने मंदिर को तोड़ेगा। कोर्ट के आदेश के यह कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, यहां पर अपार्टमेंट के पार्क में स्थानीय लोगों द्वारा चंदा लगातार मंदिर का निर्माण करा लिया गया है। उसका कुछ लोगों विरोध किया। पार्क की जमीन में मंदिर या मस्जिद का निर्माण नहीं हो सकता है। इसी आधार पर कोर्ट ने इसको गिराने का आदेश दिया है। अब आदेश का पालन करते हुए एलडीए प्रवर्तन दल सो मवार को यहां ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने जा रहा है। हालांकि इसके खिलाफआवंटी एक हो गए है। उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया है। एलडीए ने पुलिस आयुक्त से इसको लेकर पुलिस की डिमांड की थी। सुरक्षा की दृष्टि से फोर्स की मांग की गई है। इसके बाद अभियान को तेज किया जाएगा। मंदिर को तोड़ने के लिए स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना शुरू कर दिया है।

### रोजगार मेले में 503 युवाओं को मिले जॉब ऑफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त निदेशक भगवत दयाल के निधन पर स्टॉफ कम्पनियों के प्रतिनिधियों एवं अभ्यर्थियों ने उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। गया। उसके बाद रोजगार मेले का प्रारम्भ हुआ। संस्थान में राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एम ए खाँ ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट आफिसर एवं सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ ने किया। इस अवसर पर हिमांशु, जिला सेवायोजन अधिकारी एवं प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला सेवायोजन अधिकारी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की। एम ए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया, रोजगार मेले आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के द्वारा आमंत्रित गयी 48 कम्पनियों में 503 अभ्यर्थियों को रुपये 10,000 से 40,000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये।

### लखनऊ विवि पूर्व महामंत्री की 15वीं पुण्य तिथि आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री दिवंगत विनोद त्रिपाठी की 15वीं पुण्यतिथि आयोजित हुई। पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री समेत पूर्व छात्र नेताओं ने दिवंगत विनोद त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की। विवि के छात्र संघ सभागार में आयोजित हुई। पुण्यतिथि में दिवंगत विनोद त्रिपाठी के द्वारा किए गए कार्य और छात्राओं के हितों में किए गए कार्य को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री स्व. विनोद त्रिपाठी और गौरव सिंह की 15 वीं पुण्य तिथि छात्र संघ भवन में मनाई गई इस अवसर पर छात्र संघ समन्वयक डा. महेन्द्र अग्निहोत्री, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, पूर्व महामंत्री लखनऊ विश्वविद्यालय अनिल सिंह वीरू, पूर्व छात्र नेता विनोद तिवारी अप्पू, चन्द्र पाल सिंह सी पी सिंह, अधिवक्ता शैलेन्द्र पांडेय गुंनु, अधिवक्ता वरुण गुप्ता, अन्नू पांडेय, पंकज शर्मा, गांधी भाई सहित आम छात्रों ने श्रद्धांजलि अर्पित में मौजूद रहे।

### जमीन कब्जाने का प्रयास करने वाले दबंगों पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जैतीखेड़ा गांव निवासी ललित कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया विपक्षी सूबेदार अपने भाई बाबूलाल व पिता जुराखन समेत मैकू व आदर्श के साथ लाठी डंडो से लैस होकर उसके खेत में कब्जा कर जबरन फसल बुआई कराने आ गये, विरोध करने पर उक्त सभी ने गाली-गालौज करते हुये मारपीट की कोशिश करते हुये कहा दोबारा खेत पर दिखाई दिये तो तुम्हे जान से मार देगे। पीड़ित किसान ने बताया कई अपराधिक मुकदमें दर्ज छेदालाल उसकी कृषि योग्य जमीन कब्जा कराने आये थे। इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर पांच आरोपियों के विरूद्ध जबरन अवैध कब्जा करने, बलवा समेत जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

### निगोहां पुलिस ने वारण्टी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां पुलिस ने छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के मुकदमें में न्यायायल से एलबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे वारण्टी को सोमवार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से वारण्टी को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया थाना क्षेत्र के एक गांव में 28अक्टूबर 2019 को घर की छत में सो रही किशोरी से युवक आशीष द्वारा छेड़छाड़ मामले में दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एलबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से आरोपी आशीष निवासी नंदौली थाना निगोहां फरार चल रहा था।

# जन समस्याओं को गंभीरता के साथ निस्तारित करें अधिकारी : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 7 कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना। समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें, उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और चक्कर न लगाने पड़ें। महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है,प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रकरणो को अधिकारियों को सन्दर्भित करते हुये निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराया जाए।

## योजनाओं के लिए आवंटित धन का शत-प्रतिशत हो उपयोग



**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाय। योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के प्रोत्साहन हेतु नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया जाय। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत और समय से छात्रवृत्ति दिलवायी जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखा जाय और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाय। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों में अगले वित्तीय वर्ष के लिए योजनाओं के अनुरूप बजट का प्रस्ताव तैयार किये जायें, जिससे कि योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने का कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को मिले। किसी प्रकार की समस्या आने पर इसका त्वरित समाधान किया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य समयबद्ध रूप से किया जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के कंप्यूटर प्रशिक्षण में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय।

# अनूप जलोटा ने बढ़ाई हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की शोभा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इन दिनों चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में सोमवार को भजन सम्राट अनूप जलोटा महोत्सव में सम्मलित हो महोत्सव की शोभा बढ़ा दी इस अवसर पर महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा ने भजन सम्राट का स्वागत पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर किया।

सांस्कृतिक संध्या की शुभारम्भ महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया जिसके पश्चात 12वीं सांस्कृतिक संध्या की शाम सुप्रसिद्ध नृत्यांगा शिप्रा चंद्रा ने अपनी टीम संग अवधी गाने रेलिया बैरन पिया को लिए जाए... झुलनिया झोकेदार सईयां हमका गढ़ा दा...... अनाड़ी बलमा ओ अनाड़ी बलमा.... गीतों पर लोक नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधा 7 अवधी नृत्य के उपरांत हनु श्री ट्रस्ट की अध्यक्षा रागिनी पूजा जायसवाल के संयोजन में घूमर - घूमर गाने पर वैष्णवी गुप्ता व चुनरी चुनरी गाने पर अनिका गुप्ता ने डांस प्रस्तुत किया इसी क्रम में मिस्टी, हनु, मानुसी, प्रिया द्वारा फिल्मी गानों पर डांस प्रस्तुत किया गया।

हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की मंच से सोमवार को महोत्सव आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्यो एवं निष्पक्ष रूप से खबरों को प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित चावला, आरिफ मुकीम, जुबैर, मनीष, कवंलजीत, श्वेता विजय गुप्ता समेत कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया। महोत्सव के रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के विनय दुबे रनवीर सिंह समेत मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया, सचिन गुप्ता,नीरज यादव उपस्थित रहे।

# 812 दागी पत्रकारों की मान्यता समाप्त कराने की सीएम से मांग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पुलिस अधीक्षक (अपराध) उत्तर प्रदेश संतोष कुमार मिश्रा द्वारा प्रमुख सचिव विधान सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ को संबोधित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मानवाधिकार उत्तर प्रदेश को पृष्ठांकित कर प्रेषित किये गए पत्र संख्या पत्रांक डीजी सात एस 4 नियम दृ 51(09) ध् 2023 दिनांक 09 अगस्त, 2023 को आधार बनाकर राजधानी के राजाजीपुरम क्षेत्र निवासी कंसलटेंट इंजीनियर संजय शर्मा ने यूपी के 812 दागी पत्रकारों की सरकारी मान्यता समाप्त करानेय आवास,सचिवालय-लोकभवन-विधानसभा प्रवेश पास,यात्रा,इलाज जैसी सरकारी सुविधाएं बापस लेने की मांग सीएम योगी को पत्र लिखकर की है।

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के इस पत्र के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से 2022 तक कुल 812 पत्रकारों के खिलाफ 612 अभियोग पंजीकृत हुए हैं, जिसमें 211 पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है तथा 5 पत्रकार अभी जेल में बंद हैं। बकौल संजय उनको भ्रष्टाचार विरोधी मोबाइल फोन हेल्पलाइन 7991479999 पर कुछ पत्रकारों ने ही बताया है कि आपराधिक मामलों के अभियुक्त उत्तर प्रदेश के इन 812 दागी पत्रकारों में से कई के सम्बन्ध में एल.आई.यू. विभाग ने कतिपय कारणों से आपराधिक मामलों को छुपाकर रिपोर्ट दी हैं जिसके आधार पर कई पत्रकारों को उत्तर प्रदेश के सूचना विभाग द्वारा सरकारी मान्यता प्रदान कर दी गई है।

परिवहन विभाग द्वारा फ्री बस की सुविधा दी जा रही है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा फ्री इलाज की सुविधा दी जा रही है, राज्य संपत्ति विभाग द्वारा सरकारी आवास आबंटित हैं, सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा सचिवालय स्थाई प्रवेश पास और स्थाई वाहन पास निर्गत हैं, विधान सभा सचिवालय द्वारा स्थाई पास निर्गत हैं और लोकभवन तक के स्थाई प्रवेश पास निर्गत हैं जिसके कारण सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग तो हो ही रहा है साथ ही गैर आपराधिक पृष्ठभूमि के अर्थात स्वच्छ छवि के पत्रकारों के अधिकारों का हनन भी हो रहा है।

## डॉक्टरों का दमन छोड़कर सरकार दे उचित वेतन : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** लखनऊ के चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियालिटी कैंसर संस्थान में आज सोमवार को ओपीडी सेवाएं ठप हो गई हैं। यहां के डॉक्टर एसजीपीजीआई के समान वेतनमान समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसको लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्षअखिलेश यादव ने भाजपा सरकार निशाना साधते हुए कहा कि सरकार डॉक्टरों का दमन छोड़े और उन्हें उचित वेतन दे। डॉक्टर जीवन देते हैं, उनका महत्व समझा जाए। डॉक्टरों के प्रदर्शन को लेकर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल साइट एक्स पर फोटो साझा करते हुए लिखा कि लखनऊ के कैंसर इंस्टीट्यूट में डॉक्टरों का वेतनमान वैसे ही प्रायवेट हॉस्पिटल की तुलना में 5-6 गुना कम है और ऐसे में वेतन 1.3 लाख रुपये से घटाकर 98 हजार रुपये करने पर कौन अपनी सेवा देना चाहेगा? सरकार डॉक्टरों का दमन छोड़े और उन्हें उचित वेतन दे। डॉक्टर जीवन देते हैं, उनका महत्व समझा जाए। लखनऊ स्थित चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियालिटी कैंसर संस्थान में सोमवार को ओपीडी सेवाएं ठप हो गई है।

# अफसर की बेटी से गैंगरेप में तीन गिरफ्तार

**पांच दिसंबर को हुई थी घटना, परिवार ने दर्ज कराई एफआईआर**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक बड़े अफसर की बेटी से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लड़की को तीन लड़कों ने अगवा किया। 1 घंटे तक शहर में कार से घुमाते रहे। जबरन शराब पिलाई और चलती कार में गैंगरेप किया। इसके बाद फैजाबाद हाईवे पर एक ढाबा में ले जाकर गैंगरेप किया। फिर फैजाबाद रोड के पॉलिटेक्निक चौराहा पर छोड़ दिया। आरोपियों के पास से पीड़िता का बनाया गया वीडियो भी मिला है।

पूरी घटना 5 दिसंबर की है। घबराए हुए परिवार ने 10 दिसंबर को वजीरगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। लखनऊ पुलिस ने 12 घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक निजी एंबुलेंस संचालक और दो मेडिकल कॉलेज के पास चाय का ठेला लगाने वाले हैं। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके आरोपियों को सामने लाया गया। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया, मैं लखनऊ के एमिटी यूनिवर्सिटी से पासआउट हूं। मेरा केजीएमयू के मानसिक चिकित्सा विभाग में इलाज चल रहा था। यहां आने-जाने के दौरान, केजीएमयू के बाहर चाय का ठेला लगाने वाले सत्यम से पहचान हो गई। 5 दिसंबर को डॉक्टर को दिखाने के लिए केजीएमयू आई थी। इसके बाद सत्यम की दुकान पर गई। पीड़िता के मुताबिक, मेरा मोबाइल डिस्चार्ज हो गया था। परिवार के लोगों से बात नहीं हो पा रही थी। मैंने यह बात सत्यम को बताई। चूंकि वहां पर कोई मोबाइल चार्जिगं प्वाइंट नहीं था, तो सत्यम ने मुझे बताया कि मेरे परिचित की एंबुलेंस में मोबाइल चार्ज कर लो।

सत्यम के कहने पर चाय की दुकान पर बैठे एक लड़के के साथ मैं कुछ दूरी पर खड़ी एंबुलेंस में मोबाइल चार्ज करने के चली गई और मोबाइल चार्ज में लगा कर वापस दुकान पर आ गई। पीड़िता ने बताया, कुछ देर बाद सत्यम से फोन लाने को कहा। इस पर उसने बताया कि एंबुलेंस डालीगंज चली गयी है। वहां जाकर मोबाइल ले आते हैं। पीड़िता के मुताबिक, वो उस वक्त कुछ समझ नहीं सकी और उसके साथ चली गई। डालीगंज पहुंचने के बाद बताया गया कि एंबुलेंस आईटी चौराहे के पास है। इस पर सत्यम के साथ आईटी चौराहा चली गई। वहां पर एंबुलेंस नहीं थी, लेकिन चाय की दुकान पर बैठा युवक मिला।

## कोर्ट के आदेश पर सामूहिक-दुष्कर्म करने वालों पर केस

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र निवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पहले युवक ने महिला का आपत्तिजनक वीडियो बनाया। फिर आपत्तिजनक वीडियो डिलीट करने के बहाने महिला को घर बुलाकर अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने दुबग्गा थाने में शिकायत की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई भी की। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर दुबग्गा पुलिस ने तीन लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# सड़क मरम्मत में लापरवाही बरतने पर अधिशासी अभियंता व एई निलंबित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डॉ. बलकार सिंह ने सड़क मरम्मत कार्य में बरती गई लापरवाही पर कुशीनगर के अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता को सस्पेंड कर दिया है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के निर्देश पर एमडी जल निगम(ग्रामीण) ने सड़क मरम्मत कार्य की समीक्षा की। इस दौरान कुशीनगर में सड़क मरम्मत का कार्य पूरा नहीं कर सकने वाले अधिशासी अभियंता को निलंबित कर दिया है।

जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम को निलंबित करके उनको मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। उनके खिलाफ सड़क मरम्मत में बरती गई लापरवाही के आरोपों की विस्तृत जांच के लिए जल निगम (ग्रामीण) के मुख्य अभियंता आरबी राम को जांच अधिकारी बनाया गया है। सहायक अभियंता अतुल कुमार गुप्ता के खिलाफ सड़क मरम्मत में बरती गई लापरवाही के साथ जिले में किये जा रहे विभाग के अन्य कार्यों में भी शिकायतें आईं। विभाग ने आरोपों की विस्तृत जांच के लिए मुख्य अभियंता आरबी राम को ही जांच अधिकारी बनाया है।

## खान अधिकारी को मिली विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म उत्तर प्रदेश माला श्रीवास्तव द्वारा खान अधिकारी, बांदा को खनन पट्टा क्षेत्रों में सर्तक निगरानी एवं पर्यवेक्षण नहीं किये जाने तथा कार्य के प्रति शिथिलता एवं उदासीनता के लिए विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है। संयुक्त निदेशक खनन विभाग अमित कौशिक ने बताया कि बांदा में अवैध खननअवैध परिवहन की प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय द्वारा एक जांच टीम का गठन कर जाँच करायी गयीनिदेशालय की जाँच टीम द्वारा अवैध परिवहन करते हुए ओवरलोड वाहन, वे-ब्रिज के अगल-बगल वाहनों के निकासी हेतु पर्याप्त जगह तथा टेम्पर्ड, स्मरेड, स्मूदगेड, अपठनीय नम्बर प्लेट के साथ वाहन खड़े पाये जाने के साथ ही 971.05 घनमीटर उप खनिज का अवैध खनन पाया गया।

**स्थापना दिवस** | राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो मनाएगा 40वीं वर्षगांठ

# मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ने खोजी मछली की 51 नई प्रजातियां

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो अपने स्थापना की 40वीं वर्षगांठ मनायेगा। इस संस्थान की स्थापना 1983 में बौद्धिक संपदा संरक्षण, सतत उपयोग और भावी पीढ़ी के लिए भारत के मत्स्य आनुवंशिक संसाधनों के आकलन और संरक्षण करने के उद्देश्य से की गई थी।

संस्थान के बुनियादी ढांचे में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, गंगा एक्वेरियम, राष्ट्रीय मत्स्य संग्रहालय और भंडार, ऊतक और डीएनए बैंक, मत्स्य सेल लाइनों का विश्व में सबसे बड़ा राष्ट्रीय भंडार आदि शामिल हैं। यहाँ भारत की मत्स्य विविधता पर डेटाबेस विकसित किया है जिसका नाम एक्वाटिक जेनेटिक रिसोर्सेज इंफॉर्मेशन सिस्टम ऑफ इंडिया एक्यूजीआरआईएसआई है जिसमें 3205 फिनफिश प्रजातियों की जानकारी है। अब तक संस्थान ने 51 नई मछली प्रजातियों की खोज की जो प्राकृतिक जलीय संपदा के बारे में देश के ज्ञान के आधार में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। संस्थान ने महत्वपूर्ण खाद्य मत्स्य प्रजातियों के संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण, जनसंख्या आनुवंशिकी, ट्रांसस्क्रिप्टोमिक्स, एक्स-सीटू और इन-सीटू संरक्षण, शुक्राणु क्रायोबैंकिंग, आणविक रोग निदान और चिकित्सीय, जलीय पशु रोग निगरानी, मत्स्य पालन और जलीय कृषि में रोगाणुरोधी प्रतिरोध, उच्च मूल्य वाले समुद्री सजावटी जीवों के कैप्टिव प्रजनन और पालन, गुणवत्ता युक्त मत्स्य बीज उत्पादन एवं वितरण सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने अनुसंधान कार्यक्रमों का विस्तार किया है।

11 नवम्बर को लखनऊ के स्कूली बच्चों के लिए एक ओपन हाउस आयोजित किया गया ताकि छात्रों को संस्थान के परिसर में सुविधाओं से रूबरू होने और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का अवसर मिल सके।12 दिसम्बर को संस्थान के महत्वपूर्ण दिन को चिह्नित करने के लिए मत्स्य बीज रिलीज, मत्स्य किसानों के लिए प्रशिक्षण सत्र व जागरूकता कार्यक्रम सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

## आपदा प्रबंधन को विभिन्न विषयों पर कार्यशाला आज व कल

**लखनऊ।** क्राइसिस मैनेजमैन्ट् ग्रुप परमाणु उर्जा विभाग, भारत सरकार तथा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान मे 12 व 13 दिसम्बर की अवधि इंटिग्रेटेड मिशन फार परिप्रेडनेस एंड अवेर्नेस-कम-ट्रेनिंग (इम्पैक्ट) फार न्यूक्लियर एंड रेडियोलॉजिकल इमरजेंसी विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संस्थान के महानिदेशक राजेश सिंह की अध्यक्षता में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अनूप प्रधान बाल्मीकि राज्य मंत्री राजस्व विभाग प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब के प्र.अपर निदेशक बी डी चौधरी ने दी है।

# सपा शिक्षक सभा की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

- पार्टी कार्यालय पर वितरित किया मनोनयन पत्र
- मुलायम सिंह यादव स्वयं एक शिक्षक थे और उन्होंने हमेशा शिक्षकों के हित में कार्य किया : आलम खान राणा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह पटेल के निर्देशन में शिक्षक सभा बहराइच की 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी का मनोनयन पत्र पार्टी कार्यालय पर वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा शाह आलम खान राणा व विशिष्ट अतिथि विधायक कैसरगंज आनंद कुमार यादव रहें। कार्यक्रम का संचालन अयोध्या प्रसाद यादव ने किया।

समाजवादी शिक्षक सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम खान राणा एंव जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एंव जिलाध्यक्ष शिक्षक सभा डा जीतेन्द्र मौर्य के द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया और सभी पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

कमेटी मे एक महामंत्री, पांच उपाध्यक्ष, बारह सचिव व चौदह सदस्य को जगह दी गयी है।बैठक को रामहर्ष यादव, विधायक आनंद यादव,



राम आधार पटेल, प्रो0 डी.आर यादव, शैलेन्द्र सिंह शैलू, हाजी मो. असलम, बृज राज यादव आदि ने सम्बोधित किया।शाह आलम खान राणा ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव स्वंय एक शिक्षक थे और उन्होंने हमेशा शिक्षकों के हित में कार्य किया। शिक्षक चाहे एडेड विद्यालय का हो या वित्तविहीन शिक्षक साथी हो चाहे शिक्षा मित्र हो या अनुदेशक हो सारे शिक्षकों के पदो को समाप्त करने उनके अधिकारों को सिमित करने व उनके सेवाओं को छीनने का कार्य भाजपा ने किया है। भाजपा द्वारा सदन के अंदर धारा 12,18,21 को समाप्त करने का काम किया गया है जो शिक्षकों के सेवा सुरक्षा एव पद उन्नति से जुड़ा हुआ है।

शिक्षक व कर्मचारियों के अलावा हमारा पिछड़ा, दलित, मजदूर, नवजवान, विद्यार्थी, किसान वर्ग सब इस भाजपा सरकार से बहुत परेशान है। वर्तमान भाजपा सरकार हमारे युवाओं को नौकरी देने व उनका भविष्य सुरक्षित करने मे पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है। उन्होने आगे कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व मे जब उत्तर प्रदेश में सपा सरकार थी तो हाई स्कूल उत्तीर्ण करने पर साइकिल और इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर लैपटाप देने का कार्य किया गया।इतिहास गवाह है कि प्रदेश में जब जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनी है शिक्षकों को पूरा सम्मान और उनको उनके अधिकार दिए गए हैं।अगर पुरानी पेंशन बहाल करना है, वित्त विहीन शिक्षकों को बंद मानदेय चालू कराना है तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करते हुए रोके गये वेतन को पाना है शिक्षामित्रों को पुनः पूर्ण शिक्षक की श्रेणी में लाना है तो वर्तमान तानाशाह सरकार,जो शिक्षको और कर्मचारियों का शोषण कर रही है उसे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में केंद्र से उखाड़ फेंकना होगा और 2027 में उप्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार लाना होगा। रामहर्ष यादव ने कहा कि शिक्षको एंव कर्मचारियों का हित समाजवादी पार्टी में निहित है।इस बैठक मे सुमन शर्मा, अंजली सोनी, निशी खान, जीत कुमार यादव, जीतेन्द्र चौधरी, बैजनाथ श्रीवास्तव, अनूप कुमार शर्मा, सौरभ मौर्य, प्रो दया राम यादव, राधे श्याम वर्मा, दुर्गा प्रसाद सहित अधिक संख्या मे शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## धार्मिक स्थलों से हटवाये गए लाउड स्पीकर



- 400 से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर हुई कार्रवाई, हड़कंप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों पर पुलिस विभाग द्वारा लाउड स्पीकर हटवाने का अभियान चलाया गया। पूरे जिले में 400 से अधिक लाउडस्पीकर उतरवाए गए। शासन के निर्देश पर जिले की पुलिस ने धार्मिक स्थल से लाउड स्पीकर उतरवाने का अभियान चलाया।पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक और चौकी इंचार्ज के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अभियान चलाया।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले के धार्मिक स्थल से लाउड स्पीकर उतारे गए। साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई।महसी में सीओ जय प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में अभियान चलाया गया। एसपी ने बताया कि पूरे जिले में 400 से अधिक लाउडस्पीकर धार्मिक स्थल से उतरवाए गए।

## खबरें एक नजर में

### किसानों ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राठ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के पदाधिकारी किसानों की समस्याओं को लेकर पहुंचे। एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने बताया कि बिजली की अघोषित कटौती चल रही है। किसानों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं नहर जलालपुर शाखा गोहांड रजवाहा की टूटी पुलिया दुरूस्त कराने, जलशक्ति मिशन के तहत ग्राम पंचायत लींगा में जलापूर्ति देने, व प्राइवेट खाद की दुकानों पर रेट सूची लगाने की मांग की है। कहा दुकानदार मनमाने रेट वसूल कर किसानों को ठग रहे हैं। साथ ही मंडी में मूंगफली खरीद के लिए सरकारी केंद्र खोलने की मांग की। कहा सभी बकाएदार किसानों का ऋण माफ किया जाए व उनका उत्पीड़न न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में सुखसिंह राजपूत, खेमराज सिंह, मुरलीधर, शिवनारायण, किशोरी सिंह, बीरबल, चंद्रकिशोर, भगत सिंह आदि रहे।

### बस चली तो अधिक किराया आड़े आया

- ग्रामीणों ने 25 फीसदी कम किराये वाली लोहिया बस चलाने की मांग की

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** जिले का सबसे पिछड़ा चौबीसी कहा जाने वाला सिसोलर क्षेत्र में आवागमन की सुविधा नहीं है। यहां के लोगों ने परिवहन निगम की बसों का संचालन कराए जाने की मांग की थी। दो माह बाद परिवहन निगम ने इस पर संज्ञान लिया। हमीरपुर डिपो की एक बस का संचालन शुरू कर दिया गया है। लेकिन निजी वाहनों की अपेक्षा रोडवेज बस में किराया अधिक लगने पर लोहिया बस चलाने की मांग तेज कर दी है। हमीरपुर से सिसोलर होते हुए बांदा और अन्य स्थानों के लिए परिवहन निगम की बस सेवा शुरू करने की मांग की थी। यह बस संचालित तो कर दी गई जो सुबह सिसोलर पहुंचती है। यहां से बांदा और बांदा से पुन: 12 बजे हमीरपुर के लिए यहां से फर्राटे मार कर निकल जाती रही। अगले दिन यात्रियों ने उसे रोका और चालक को बताया कि यह बड़ा केंद्र है और यहां की यह आवश्यकता है। जिस पर बस रुकी, लेकिन इसका किराया अधिक होने और निजी बसें जो यहां से बांदा चलती है। उसका किराया कम होने से रोडवेज बस में सफर करने से कतरा रहे हैं। यह बस मात्र एक ही बार की सेवा दे पा रही हैं। इसको लेकर सिसोलर प्रधान शकुन्तला प्रजापति ने मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा है कि वर्ष 2017 में इस क्षेत्र से 6 बसें चलती थीं। जिसमें दो हमीरपुर डिपो और चार बांदा डिपो की थीं। जो लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज आदि स्थानों तक ले जाती थी। यह 22 माह तक अच्छी खासी सेवा देने के बाद ठप हो गई। अब जब मांग के बाद जब मात्र एक बस शुरू हुई तो अधिक किराया आड़े आ रहा है। प्रधान ने 25 प्रतिशत कम किराए पर चलाईं जा रही लोहिया बस सेवा संचालित कराने की मांग की है। साथ ही पूर्व की भांति बांदा व हमीरपुर डिपो की अन्य बसें भी चलाए जाने को कहा गया है। इस मामले में सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने कहा कि उनके प्रयास से बस संचालित हुई, लेकिन उन्हें यह पता चला है कि एक ही बस यहां से निकल रही है। कहा पुन: परिवहन मंत्री व स्थानीय स्तर पर बात कर सिसोलर क्षेत्र के लिए हमीरपुर- बांदा के बीच अन्य बसें चलवाएंगे जो दूर-दराज तक यात्रियों को पहुंचाने का काम करेंगी। खास कर लोहिया सेवा की कम किराए की बसों को चलवाने का प्रयास होगा।

# गड्ढे में ट्रॉली पलटने से 10 घंटे तक लगा रहा जाम

- वन साइडेड आवागमन से लोग रहे परेशान
- गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जरवल चीनी मिल मार्ग पर हैं कई गड्ढे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जरवल रोड में लखनऊ-गोंडा मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इन गड्ढों में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से ट्राली में लदा गन्ना सड़क पर ही बिखर गया। इससे आवागमन वन साइडेड हो गया। लगभग 10 घंटे तक मार्ग के लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ा। लेकिन तहसील और जिला प्रशासन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में लखनऊ गोंडा मार्ग पर कुड़वा ओवर ब्रिज के निकट लखनऊ से गोंडा की ओर जाने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। रविवार रात मे सीतापुर से आइपीएल चीनी मिल गन्ना लेकर आ रही ट्राली पलट गई। जिसके चलते रात 12 बजे से सुबह 10 बजे तक आवागमन ठप रहा। 10 बजे के बाद ट्रॉली सीधी की गई और गन्ने को फिर से लादकर रवाना किया गया जिसके बाद आवागमन बहाल हुआ। गन्ना न हटने तक लोगों को वन साइडेड मार्ग से आवागमन करना पड़ा। इससे पूर्व ब्रिज की दक्षिणी रोड पर एक ही सड़क पर दोनों तरफ से वाहनो का आवागमन हो रहा था। जिसके चलते गोंडा, बलरामपुर, बहराइच की ओर से जाने वाले वाहनों को एक से 2 घंटे जाम का सामना करना पड़ा। मालूम हो कि लखनऊ बहराइच गोंडा मार्ग रेलवे ओवर ब्रिज के निकट ब्रिज के दोनों तरफ उत्तर व दक्षिण तरफ अप डाउन रोड बनी हुई है। ब्रिज के उत्तरी किनारे बनी सड़क बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिसके चलते ओवर ब्रिज के उत्तर साइड में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे के चलते आए दिन दुपहिया चौपाइयां वाहन पलट जाते हैं। ब्रिज के दक्षिणी तरफ गोंडा बलरामपुर से आने वाले वाहनो लखनऊ की ओर से गोंडा बहराइच बलरामपुर जाने वाले वाहन एक ही सड़क पर आमने-सामने निकलने से जाम लग जाता है। जिससे कई घंटे जाम का सामना आवागमन करने वाले यात्रियों को भी करना पड़ता है। लेकिन लोगों की इस समस्या पर जिला प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने सड़क सही कराए जाने की मांग की है।







### कर्मियों का किया उत्साहवर्धन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** 15 नवम्बर को पर्यटन सत्र के शुभारंभ के बाद सोमवार को कतर्नियाघाट पहुंचे कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने इको पर्यटन से रोजगार पाने वाले 40 कर्मी जिनमें नेचर गाइड, जेनोन, जिप्सी एवं बोट चालकों का उत्साहवर्धन किया। क्लब अध्यक्ष ने सभी से सैलानियों से अच्छा व्यवहार रखने, जंगल भ्रमण के दौरान सैलानियों द्वारा जंगल में अजैविक कूड़ा न फेंकने देने, सैलानियों को प्रकृति का महत्व समझाने और उन्हें सुरक्षित तरीके से जंगल घुमाने एवं बोटिंग कराने संबंधित टिप्स देकर सभी 40 इको वनकर्मियों को क्लब की ओर से जंगल एवं बाघों को बचाने के संदेश वाले की चैन वितरित किये एवं सभी का मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर विजय पांडे, शानू, इमतियाज, रवि यादव, कन्हैया, बबलू, शंकर, नंदलाल, कल्लू सिंह एवं नजाकत अली आदि उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार ने बाइक में मारी ठोकर

- पति-पत्नी हुए गंभीर रूप से घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-बहराइच मार्ग पर महमूदपुर गांव के पास सोमवार को कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जिसमें पति और पत्नी घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखनऊ बहराइच मार्ग पर सोमवार दोपहर में कार ने बाइक में ठोकर मार दी। जिसमें फखरपुर से कैसरगंज की तरफ जा रहे थाना क्षेत्र के बेदौरा गांव निवासी भगोले व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची फखरपुर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएससी फखरपुर पहुंचाया। जहां हालात सीरियस होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार चालक किसी गाड़ी को ओवरटेक कर रहा था। सड़क के किनारे रखी पहले ढवली पर ठोकर मारी वह दूर जा गिरी। वह अनियंत्रित ने बाइक सवार को भी चपेट में लेते हुए गढ्ढे में जाकर पलट गई। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कार को कब्जे में ले लिया गया है। बेदौरा फखरपुर निवासी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। अभी तक किसी की तरफ से तहरीर नहीं मिली है।

## मरौचा में पीआरडी का जिला स्तरीय 75वां स्थापना दिवस आयोजित

- स्थापना दिवस के अवसर पर सात दिवसीय रिहर्सल कार्यक्रम संपन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल के 75 वां स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय रिहर्सल कार्यक्रम का समापन हुआ।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी रही। जबकि विशिष्ट अतिथि बीडीओ तेजवापुर अजय प्रताप सिंह व जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पंवार रही।

मुख्यातिथि एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रैतिक परेड की सलामी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी,अजय प्रताप सिंह व डीओ पीआरडी प्राची पंवार ने ली।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि प्रज्ञा त्रिपाठी ने सभी पीआरडी के जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। व्यवस्था एवं मार्च पास्ट के लिए जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पंवार के प्रयासों को सराहा। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1250 पीआरडी जवान हैं।पीआरडी जवानों के द्वारा पूरी लगन एवं मेहनत के साथ निर्वाचन ड्यूटी, दैवी आपदा एवं पुलिस के सहयोग की ड्यूटी की जाती है।

रिहर्सल कार्यक्रम में जवानों ने गोला फेंक,चक्का फेंक,रस्सा कसी समेत अन्य खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया।गोला फेंक प्रतियोगिता में फखरपुर के सौरभ तिवारी व हुजुरपुर के जिला जीत ने प्रथम व पयागपुर के वकील कुमार ने द्वितीय व विशेश्वरगंज के प्रवीण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिहर्सल कार्यक्रम में जिले भर से आयें 70 जवानों ने भाग लिया।इस अवसर पर आलोक कुमार सिंह,विनम्र शुक्ला,अखिलेश मौर्य,शैलेश मिश्र,अजय गुप्ता,ब्लॉक कमांडर फखरपुर देवनारायण पांडेय,लाल जी मौर्य, सूर्यमणि वर्मा,राजेन्द्र सिंह व उदयभान मिश्रा समेत अन्य पीआरडी जवान मौजूद रहे।



# एकघरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित

- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया लाभान्वित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत सोमवार को विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकघरा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मनरेगा में 100 मानव दिवस का कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, पुष्टाहार वितरण एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्रासन के साथ-साथ अन्य योजनाओं से भी लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर एल.ई.डी. वैन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार आमजन को योजनाओं की पात्रता इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर को सम्बोधित करते हुए सीडीओ रम्या आर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत सरकार की मंशानुरूप अभियान के तहत आमजन को जोड़ा जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हो सके। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये शिविर में एमडीएम मेन्यू तथा उपयोग में आने वाले खाद्य पदार्थों, पुस्तकों, हस्तनिर्मित टी.एल.एम. मॉडल, बच्चों द्वारा तैयार किये गये मतदाता जागरूकता स्लोगन का प्रदर्शन किया गया। शिविर के अन्त में मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलायी गयी।



### पात्र व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभ

सीडीओ ने कहा कि आयोजन के पीछे भारत सरकार की मंशा है कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े सभी पात्र असंतृप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में खुशहाली लायी जा सके। उन्होंने जिले के अधिकारियों का आहवान किया कि पूर्व आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के अनुभव का लाभ उठाते हुए शिविरों का आयोजन इस प्रकार से करें कि जिले के सभी वंचित पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। शिविर के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आये हुए लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### तिकोनीबाग पुलिस चौकी से शमशान घाट तक बनने वाले डिवाईडर की बाधाएं हुई दूर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** तिकोनीबाग पुलिस चौकी से त्रिमुहानी शमशानघाट के रास्ते में मार्ग के दोनों ओर बनने वाले डिवाईडर के सम्बन्ध में मोटर्स व्यापार मण्डल त्रिमुहानी रोड, बहराइच के अध्यक्ष मोहिउद्दीन खान द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना-पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि डिवाईडर बनने से स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को काफी असुविधा होगी। डीएम मोनिका रानी ने जनता दर्शन में आये हुए मोटर्स व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों एवं व्यवसाईयों की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को समस्या का समाधान कराये जाने का निर्देश दिया। डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के कक्ष में प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों एवं नगर पालिका प्रशासन के मध्य वार्ता के माध्यम से डिवाईडर निर्माण पर दोनो पक्षों के मध्य सहमति बन गई।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विभिन्न विकास खंडों में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में सोमवार से अर्ध वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन कक्षा छह, सात और आठ की छात्राओं ने अपने अपने विषय की परीक्षा दी। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में चला। जिले में 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने अर्ध वार्षिक परीक्षाएं शुरू करने का पत्र जारी किया था। जिसके तहत सोमवार से सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में परीक्षाएं शुरू हुईं।

पहले दिन कक्षा छह, सात और आठ की छात्राओं ने परीक्षा दी। सभी छात्राओं को दूरी में बैठा कर अर्ध वार्षिक परीक्षाएं ली गईं। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 के बीच हुईं। पहले दिन कक्षा छह की छात्राओं को सामाजिक विज्ञान, कक्षा सात की छात्राओं को गणित और कक्षा आठ की छात्राओं को विज्ञान की परीक्षा देनी पड़ी। वहीं मंगलवार को विभिन्न क्लास में हिंदी, सामाजिक, विज्ञान और गणित की परीक्षा होगी। परीक्षा 19 दिसंबर को समाप्त होगी।



### मूल्यांकन के लिए शुरू हुई परीक्षाएं

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में सोमवार से अर्ध वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। परीक्षा के द्वारा छात्राओं के शिक्षा का मूल्यांकन और बेसलाइन असिसमेंट की जानकारी हो सकेगी।

## साथी के उत्पीड़न से तंग आकर किसान फांसी पर झूला

- आक्रोशित परिजनों ने पुलिस को शव पीएम को ले जाने से किया मना

**समृद्धि न्यूज।**

**बिवांर।** दबंगों की घर से बाहर न निकलने की धमकी से आहत आकर एक किसान ने अपने घर में धन्नी में रस्सी को बांधकर गले में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर आई पुलिस को परिजनों ने शव को सौंपने से इनकार कर दिया है। अधेड़ युवक की तलाशी लेने पर जेब से सुसाइड नोट मिला है। मौके पर मौदहा सीओ विवेक कुमार पहुंच गए हैं।

बिवांर थाना के महेरा गांव के 57 वर्षीय मंगल सिंह पुत्र कफरू राजपूत को पड़ोस के तीन युवक उसको आए दिन परेशान करते रहे हैं। पीड़ित की बहू सुनीता पत्नी रितेश राजपूत ने दो बार 15 नवंबर 26 नवंबर को तहरीर दी है। परंतु कोई कार्यवाही न होने और दबंग के धमकी देने से आहत आकर सोमवार सुबह घर जब उसकी पत्नी काम में लगी थी। तभी मौका पाकर किसान ने घर के कमरे की धन्नी में रस्सी के सहारे फांसी पर झूल गया। पत्नी ने जब पति को फांसी के फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। मृतक की जेब से सुसाइट नोट बरामद हुआ। जिसमें गांव के रिंकू सुभाष उसे आए दिन परेशान करते थे मारपीट गाली गलौज करने से आहत था। इसके पहले सुभाष और किसान ने साजे में बलकट खेत लिया था। जिसकी फसल सुभाष ने अपने दबंगई पर अपने पास रख ली थी। जिसकी शिकायत किसान ने थाना में की थी। सुसाइड नोट के अनुसार शिकायत से वापस आने पर सुभाष का पुत्र रिंकू अपने साथियों सहित उसे करने के लिए बैठा हुआ था। जिसकी सूचना होने पर किसान रात में चुपचाप खेतों से पैदल अपने घर पहुंचा था। ल्गातार दबंग से परेशान होकर किसान ने यह आत्मघ्षाती कदम उठाया है। मृतक किसान के पुत्र ने बताया कि दबंग पर कोई कार्रवाई न होने से पिता ने आत्महत्या की है। जब तक कोई कार्रवाई नहीं होती है हम शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने देंगे। मौके पर मौजूद सीओ विवेक कुमार ने बताया कि परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# वालीबॉल प्रतियोगिता में चित्रकूट ने परछा को हरा ट्राफी पर किया कब्जा

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम जाफरी मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे संस्करण में सोमवार को वालीबॉल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल तथा फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें चार टीमों के मध्य सेमीफाइनल का मुकाबला सम्पन्न होने के बाद स्थानीय जनपद तथा चित्रकूट की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा और बेस्ट ऑफ फाइव के सुपर मुकाबले में चित्रकूट ने ट्राफी पर कब्जा कर लिया। वहीं वालीबॉल प्रतियोगिता का यह महासंग्राम देखने के लिए चिलचिलाती धूप में भी हजारों की तादाद में दर्शक रहमानिया ग्राउंड में डटे रहे।

बताते चलें कि कस्बे के रहमानिया ग्राउंड में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे संस्करण में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें रविवार को लीग मैच खेले गए थे और चार टीमों ने लीग मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों में परछा हमीरपुर, बरौर कानपुर देहात, गोयरा मुगली बांदा तथा चित्रकूट की टीमें थीं। वहीं सेमीफाइनल का पहला मुकाबला परछा हमीरपुर व बरौर कानपुर देहात के मध्य खेला गया जिसमें परछा हमीरपुर की टीम ने 2-0 के फासले से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया वहीं सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला गोयरा बांदा तथा चित्रकूट की टीम के बीच खेला गया जिसमें चित्रकूट की टीम ने इस मुकाबले को 2-0 के अंतर से जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि मौदहा क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान गाकर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। आपको बता दें कि फाइनल मुकाबला बेस्ट ऑफ फाइव का खेला गया जिसमें पहला और दूसरा सेट बड़े ही आसानी से परछा की टीम ने जीत कर बढ़त बना ली थी लेकिन तीसरे सेट में चित्रकूट की टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए तीसरा और चौथा सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी में लाकर खड़ा कर दिया था अब पांचवां सेट केवल 15 प्वाइंटों का खेला जाना था जिसमें चित्रकूट की टीम ने परछा को 15-13 के अंतर से जीत कर फाइनल मुकाबले को 3-2 के अंतर से जीत लिया। वहीं इस टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका सद्दाम खांन, जमाल खान ने निभाई तथा कमेंटेटर पौथिया हमीरपुर के अमित सचान तथा परछा के इरफान खान रहे जिन्होंने बेहतरीन अंदाज में कमेंट्री कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, प्रबंधक नौशाद संजरी, प्रवक्ता बाबूजी कप्तान, कोषाध्यक्ष अख्तर मास्टर, परवेज दिवान जी, तौकीर भाई, गुड्डू साबरी, अनीस आबूधाबी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं आज से मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के तीसरे संस्करण का आगाज होगा जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आईं हांकी की टीमों के मध्य मैच खेले जाएंगे।



# दुष्कर्म के आरोपी दो बाल अपचारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को सरेनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दुष्कर्म के आरोपी दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बाल अपचारियों को किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

उल्लेखनीय है कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 380/23 धारा 363,366,376 व पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त बाल अपचारी शिवम पुत्र शिवकुमार धारु व मोहित पुत्र वीरेंद्र निवासीगण ग्राम बड़ा भगतखेड़ा थाना खीरों जनपद रायबरेली को सरेनी थाना क्षेत्र के कस्बा सरेनी-सेमरी मोड़ के पास से हिरासत में लेकर किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है! उल्लेखनीय है कि बीते 30 नवंबर 2023 को खीरो थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले राजकुमार पुत्र रामनाथ लोध ने पुलिस को शिकायती पर देते हुए बताया था कि उसकी दो नाबालिक पुत्रियां 29 नवंबर 2023 को अपने दादा के घर सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव आई हुई थी,जहां से 30 नवंबर 2023 को मेरी दोनों नाबालिक पुत्रियों को मोहित पुत्र वीरेंद्र व शिवम पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम बड़ा भगतखेड़ा थाना खीरों जिला रायबरेली बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं!प्रार्थी ने अपनी पुत्रियों की काफी खोजबीन किया तो पता चला कि मेरी दोनों पुत्रियां बिहार कस्बा उन्नाव में देखी गई हैं!वहीं प्रार्थी की तहरीर पर पुलिस ने बीते 6 दिसंबर 2023 को संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया था, जिसमें धारा 376 व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए दो बाल अपचारियों को हिरासत में लेते हुए किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

# उद्यान मंत्री ने किया सहकारी समिति धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद के ब्लॉक बछरावां के पटेल नगर में क्रय-विक्रय सहकारी समिति धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया। इसके इस अवसर पर उन्होंने किसानो व उपस्थित लोगों से नवीनतम केंद्र के माध्यम से क्रय-विक्रय में होने वाली सुविधा व लाभों के विषय में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस सहकारी समिति के खुल जाने से न केवल किसानों को लाभ होगा बल्कि उनको अपने फसलों की उचित कीमत भी मिलेगी।

उद्यान मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को आर्थिक लाभ हो इसके लिए किसानों के लिए सरकार ने अलग से कई योजनाएं चला रखी हैं।

# ताइक्कांडो प्रतियोगिता में बुसरा शेख ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जनपद स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में गत दिवस संपन्न हुई।जिसमें सलोन क्षेत्र के ग्राम पूरे रामप्रसाद (पूरे जोधी) मजरे खतियारा निवासी बुशरा शेख पुत्री मोहम्मद वसीम ने गोल्ड मेडल जीतकर सलोन क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ रायन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सदफ खान ने किया।ताइक्कांडो संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान अहमद एवं जिला अध्यक्ष रणजय सिंह ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।जनपद के विभिन्न तहसीलों से लगभग ढाई सौ बच्चों ने प्रतिभाग किया था।जिसमें बुशरा शेख की जीत पर सलोन क्षेत्र वे समाज सेवियों शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके पिता जो कि गौवा बाजार प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं बेटी के साथ-साथ उन्हें भी मुबारकबाद दी है।ताइक्कांडो संघ के जिला सचिव मो0 परवेज़ खान,अजय प्रताप सिंह, सेवानिवृत्ति शिक्षक मो. इस्माइल खान, इम्तियाज अहमद, मोहम्मद जहदी, साधना शर्मा,बबली गुप्ता, बीना, सै0 साजिद अली ज़ैदी, अब्दुल मज़ीद, आशीष तिवारी आलोक मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



## विधायक के नेतृत्व में निकली भारत संकल्प यात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड औरास के पूराचांद गांव में सोमवार को सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के विषय में बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जन लोक कल्याणकारी योजनाओं को विचलोरियो को हटाकर सीधे जनता तक पहुंचाने का काम कर रही है। मोदी योगी की सरकार ने गरीबो को इलाज मे खेत गहने अब गिरवी नही रखना पड़ता। 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मोदी सरकार के आयुष्मान कार्ड देता है। इसके अलावा देश में 85 करोड़ लोगों तक राशन पहुंचाने का काम भी किया। उज्जवला सिलेण्डर, किसानों को किसान सम्मान निधि सहित दर्जनों योजनाएं गरीबों के लिए चलाई जा रही हैं। 2047 आजादी की शताब्दी तक देश को विश्व की आर्थिक सामाजिक व्यावसायिक स्थिति को पहले स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य है। कृषि यंत्रों के सब्सिडी प्रशस्तिपत्र भी विधायक द्वारा वितरित करते किये गये। इस मौके पर प्रधान रवी कनौजिया छोटक्के कनौजिया राहुल सिंह राजेश सिंह पंचू शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणों के अलावा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने बताया कि अगला कार्यक्रम नौहाई खुर्द व नौहाई बुजुर्ग गांव में किया जायेगा।

# इण्टलॉकिंग उखाड़ ईंटे उठा ले गये अराजकतत्व

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ नगर के मोहल्ला पुर्विया टोला में अराजकतत्वों ने जबरन कब्रिस्तान के किनारे स्थित इंटरलॉकिंग मार्ग को ध्वस्त कर दिया और ईंटें उठा ले गए। नागरिकों ने एसडीएम से अराजकतत्वों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई है। पालिका प्रशासन द्वारा मोहल्ला पुर्विया टोला में घनी बस्ती और कब्रिस्तान को जाने वाले ऊबड़-खाबड़ मार्ग पर इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कराया गया था। अभी कुछ ही दिनों पूर्व मोहल्ले के ही अराजकतत्वों ने जबरन मार्ग की इंटरलॉकिंग ईंटें उखाड़ डाली और ईंटें उठा ले गए। इंटरलॉकिंग मार्ग ध्वस्त कर देने से राहगीर गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। मोहल्ले के ऐजाज अंसारी, जाहिद, अयाज व अयान आदि नागरिकों ने उपजिलाधिकारी शुभम यादव को शिकायती पत्र सौंपकर अराजकतत्वों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# बिजली बिल मीटर रीडिंग बढ़कर आने के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष लवकुश कुमार की अगवाई में किसानों ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड महराजगंज रायबरेली को सम्बंधित ज्ञापन एसडीओ भैय्या लाल को सौंपा।

किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बिजली बिल व मीटर रीडिंग बढ़कर आ रहा है। भारतीय



किसान यूनियन (टिकैत )ने बताया कि ब्लाक महराजगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा मे किसान सदस्यों के बिजली के बिल की समस्या से ग्रसित हैं। किसान अपनी समस्याओं को लेकर सोमवार को विद्युत वितरण खंड महराजगंज में ज्ञापन के माध्यम से सूचित कराया जा रहा है और निवेदन है कि एक सप्ताह के अंदर इन समस्याओं का निष्कर्ष ना किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी एसडीओ भैया लाल को ज्ञापन देते हुए किसानों ने मीटर रीडिंग बढ़कर आने की शिकायत की।इस मौके पर सन्तोष कुमार ताराचंद संतलाल बेचूलाल छेदीलाल रमेश कुमार राममिलन राम पियारे मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना लाखों कीमत के जेवरात व नगदी किया पार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात चोरों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत तीन घरों को बनाया निशाना लाखों कीमत के जेवरात व नगदी किया के पार

मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के लबेदवा गांव का है जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत तीन घरों को निशाना बनाते हुए घरों में रखे सोने चांदी के लाखों कीमत के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया चोरी की घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया वही सूचना पर पहुंची जांच पड़ताल में जुटी

चोरों के घर में घुसते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है फिलहाल पुलिस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है लाबेदवा



गांव निवासी शिवकुमार यादव रोहनिया ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख हैं पूर्व ब्लाक प्रमुख के घर में छत के रास्ते घुसकर जबकि उनके पड़ोसी रामकिशोर के घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने लाखों कीमत के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया सोमवार की सुबह जब घर के लोग सो कर उठे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई चोरी की घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया सूचना पुलिस को दी गई मौके पर कोतवाल आदर्श कुमार सिंह मय पूरी फोर्स टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना का बारीकी से निरीक्षण किया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## बेटी-दामाद ने पिता-पुत्र को पीटा

### पीड़ित पिता-पुत्र ने थाने में दी तहरीर

**बीघापुर-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बहुराजमऊ में पुरानी रंजिश के चलते बेटी ने अपने पति के साथ मिलकर पिता व भाई की लाठी-डंडो से पिटाई कर दी। पीड़ित पिता पुत्र ने थाने में तहरीर दी है। बहुराजमऊ निवासी मदन पासवान ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी बहन दीपा ने बिना परिजनों की सहमति के पड़ोस में रहने वाले टिंकू से 5 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था जिसके चलते वह रंजिश मानते हैं। गुरुवार को वह घर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडो से पिता व मेरी पिटाई कर दी। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# एमएमडीपी को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा एम्स एवं स्वयंसेवी संस्था पाथ के सहयोग से सोमवार को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को एएनएमटीसी कार्यालय में रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता उपचार (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके तहत उन्हें फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के बारे में बताया गया।

जिला मलेरिया अधिकारी भीखूल्लाह ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है और यह ऐसी बीमारी है जो ठीक नहीं होती है। इसका केवल प्रबंधन ही किया जाता है ।उचित प्रबंधन और फाइलेरिया प्रभावित अंगों के व्यायाम करने से यह बीमारी नियंत्रित रहती है। इस बीमारी में लिम्फ़ नोड्स में सूजन आ जाती है। इस मौके पर फाइलेरिया कार्यक्रमके प्रभारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट ब्लॉक स्तर सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , हेल्थ वेलनेस सेंटर पर कैंप लगा कर रोगियों को इसकी जानकारी देते हुए वितरित की जाए तथा फाइलेरिया रोगियों की लाइनलिस्टिंग समय-समय पर जिले पर भेजी जाए। पाथ से डा. पूजा ने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित पैरों को बहुत देर तक लटकाकर नहीं रखना चाहिए।

सोते समय पैरों के नीचे तकिया लगा लेनी चाहिए ।महिलाओं को प्रभावित पैरों में पायल या बिछिया नहीं पहननी चाहिए ।फाइलेरिया प्रभावित अंगों की नियमित रूप से सफाई करनी चाहिए।उन्होंने प्रदर्शन करके बताया कि किस तरह से फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सफाई करनी चाहिए।

# चारा काटते समय पावर मशीन में कटा युवक का हाथ, गंभीर

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पवार मशीन से चारा काटते समय एक युवक का हाथ कट गया जिसे गंभीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर युवक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार



की शाम लगभग 4 बजे रायपुर नेरुवा गांव निवासी आकाश कुमार पुत्र मोहनलाल उम्र लगभग 21 वर्ष गांव के ही गंगा दीन पुत्र बुद्धु के यहां मजदूरी पर पवार मशीन से पशुओं के लिए चारा कटाने गया था इसी दौरान अचानक उसका दाहिना हाथ मशीन में फसकर लहूलुहान हो गया घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया खून से लथपथ युवक को परिजन सीएचसी शिवगढ़ लेकर पहुंचे जहां मौजूद चिकित्सकों ने युवक का प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया वहीं ग्रामीणों के मुताबिक घायल युवक दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक चालक ने मोपेड में मारी टक्कर पौत्र की मौत, बाबा घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोमवार की सुबह लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर दही थाना क्षेत्र स्थित मिर्जा फैक्ट्री के सामने अनियंत्रित ट्रक चालक ने मोपेड में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पौत्र की घटनास्थल पर ही मौत ही गई। जबकि बाबा को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेजा है। अजगैन थाना क्षेत्र के नानाटीकुर गांव के मूल निवासी मेवालाल शुक्ला वर्तमान में सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नूरदी नगर मोहल्ले में सपरिवार निवास करते हैं। बताते हैं कि रविवार को कार्तिकेय शुक्ला 18 पुत्र अनिल कुमार शुक्ला अपने बाबा मेवालाल शुक्ला के साथ मोपेड से लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में बुआ पिंकी तिवारी पत्नी विनय तिवारी के बेटी आकांक्षा की शादी में शामिल होने गया था जहां सोमवार को सुबह वहां से लौटते समय लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही थाना क्षेत्र मिर्जा फैक्ट्री के समीप अनियंत्रित ट्रक के चालक ने मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में पौत्र कार्तिकेय शुक्ल की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाबा मेवालाल को मामूली चोटें आई। मृतक कार्तिकेय दो भाईयो में बड़ा था। बाल विद्या इंटर कॉलेज छात्र था। पिता एक फैक्ट्री में प्राइवेट करते है। मां प्रीति दादी रानी शुक्ला का रो-रोकर बुरा हाल था। हादसे की जानकारी होते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डण्डे, पिता-पुत्र घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में गाली-गलौज के साथ जमकर मारपीट शुरु हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जमकर लाठी डंडे बरसाए जिसमें पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनो ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के चाचा ने पुलिस को चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के फाजिलपुर गांव निवासी सुशील पुत्र डोरी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीतीशाम उसका भतीजा विजयकांत पुत्र श्रीराम गांव में मजदूरी करके जीवन यापन करता है। बीतीशाम गांव मे ही एक जगह मजदूरी कर रहा था तभी गांव के ही मंगलू पुत्र कामता लोध सियाराम पुत्र मंगलू लोध शिवनारायण पुत्र मंगलू लोध पहले से ही घात लगाकर बैठे थे जैसे ही वह मजदूरी करके वापस घर आने लगा सभी ने उसके ऊपर लाठी-डंडे व तब्बल से हमला बोल दिया। बेटे को पिटता देख पिता श्रीराम पुत्र डोरी भी बचाने के लिए दौड़ा तो उसको भी मारने पीटने लगे। घटना में विजयकांत गम्भीर रूप से घायल हो गया। हमलावर जातिसूचक गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की तहरीर मिली थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का जरूरतमंदों ने उठाया लाभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,184 ड्रीमलैंड कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड,इटावा में सैफई मेडिकल कॉलेज की पूर्व वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ममता सिंह द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों का नि:शुल्क परामर्श एवं अल्ट्रासाउंड और जांचो पर विशेष छूट दी गई।साथ में विभिन्न रोगों के लिए दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई।इस शिविर में लगभग 70 मरीजो को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर डी.के.सिंह ने बताया कि सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित सभी तरह की सुविधा जिसमें नॉर्मल डिलीवरी सिजेरियन ऑपरेशन नि:संतान दंपति का इलाज,आईयूआई, बच्चेदानी व रसौली का ऑपरेशन, अल्ट्रासाउंड तथा सभी तरह की जांचों की सुविधा उपलब्ध है।

### पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया पैदल गश्त

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपदीय कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं थाना बकेवर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बियर/शराब के ठेको को चेक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह एवं थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया, साथ ही पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले बियर/शराब ठेकों को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# दबंगों ने युवक पर धारदार हथियार से किया हमला, घटना कैमरे से कैद



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दिनदहाड़े दबंगों ने युवक पर हथियार से किया हमला दबंगों के हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ युवक, हमले की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में हुई कैद घायल सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इंदिरा गार्डन का है जहां प्रशांत सिंह पुत्र स्वर्गीय राम निहोर सिंह निवासी फिरोज गांधी कॉलोनी की इंदिरा गार्डन के सामने गिट्टी मोरंग की दुकान है सुबह प्रशांत सिंह इंदिरा गार्डन के सामने टहल रहा था तभी अभिषेक उर्फ़ जंगली ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रशांत सिंह पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया दबंगों के हमले में प्रशांत सिंह खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा स्थानीय लोगों की मदद से ?घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायल युवक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य आरोपी अभिषेक को हिरासत में लेने के बाद फरार दो आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है युवक पर हमले की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

# बाइकों की भिड़न्त में दो की मौत, दो घायल

**समृद्धि न्यूज।**

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में संडीला मार्ग पर स्थित नवनिर्मित थाना भवन के निकट रविवार को देरात तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच सम्यक भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि एक बाइक पर सवार एक महिला सहित तीन लोग तथा दूसरी बाइक का चालक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस आनन-फानन चारों घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने दोनों बाइकों पर सवार दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक महिला सहित दो लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई और परिजन बांगरमऊ सीएचसी आ पहुंचे।

जिला हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम पालेपार निवासी सरनाम पुत्र केहरी का पुत्र गुड्डू अपने नाना नंदलाल के घर ग्राम जैतापुर थाना बेहटा गया था। जहां बीते रविवार को गुड्डू गिरकर घायल हो गया था। घायल गुड्डू के





पिता सरनाम 40 वर्ष अपनी पत्नी सुरजा देवी 35 वर्ष को लेकर गांव के ही मुकेश 27 वर्ष पुत्र भैय्यालाल के साथ अपने पुत्र गुड्डू को देखने बाइक से गांव जैतापुर आ रहा था। बाइक मुकेश चला रहा था।

उधर जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम ऊंचगांव कोसिया निवासी सुधीर 41 वर्ष पुत्र सोबरनलाल बाइक के जरिए अपनी रिस्तेदारी से वापस अपने गांव आ रहा था तभी रास्ते में रविवार को देरात संडीला मार्ग पर स्थित नये थाने की बिल्डिंग के निकट तेज रफ्तार दोनों बाइकों के मध्य जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर से दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने एक बाइक पर सवार सरनाम और दूसरी बाइक के चालक सुधीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल सुरजादेवी और बाइक चालक मुकेश को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और मृतक सरनाम के पुत्र गुड्डू, दिलीप व शिवम और पुत्रियां रजनी, मानसी व शिवानी दहाड़े मारकर रोने लगीं। जबकि मृतक सुधीर की अचानक मौत की खबर मिलते ही उसके तीन भाई बाबूराम, अनिल कुमार और राधेश्याम गहरे शोक में डूब गए। दोनों मृतकों के परिजन रात में ही अस्पताल आ पहुंचे। परिजनों के अनुसार सुधीर अविवाहित था और वह वाहन चलाने का काम करता था। आज सुबह पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** अनियंत्रित वाहनों के कारण राजमार्गों पर मार्ग दुर्घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं मामला बांदा बहराइच राजमार्ग का है जहां पर बीती रात अनियंत्रित अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक फौजी की दर्दनाक मौत हो गई। वही बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरज 24 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला जो कि पंजाब प्रांत में आर्मी में मेडिकल कोर में तैनात हैं व निशांत 22 वर्ष पुत्र संतोष निवासी महारानीगंज मजरा सेमरी थाना खीरो घर में पालतू मछली के टैंक को लेकर बछरावां पानी बदलवाने आए थे। बछरावां से घर लौटते समय बांदा बहराइच राजमार्ग पर अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चला रहे धीरज की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने दुर्घटना की सूचना बछरावां पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बछरावां पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों लोगों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां पर मौके पर मौजूद चिकित्सक ने धीरज को परीक्षण के उपरांत मृत घोषित किया। वहीं दूसरे युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में संवाददाता ने जब बछरावां थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार राय से बात की तो उन्होंने बताया दुर्घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## काला धन और सांसद

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े ठिकानों से करीब 400 करोड़ रुपए नकद बरामद किए जा चुके हैं और अभी यह सिलसिला जारी है। धीरज का परिवार देसी शराब का बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा होटल, रियल एस्टेट, परिवहन और मछली आदि क्षेत्रों में भी वह व्यापार करता है, लेकिन उनके 30 से अधिक ठिकानों से, अलमारियों में ठूंसे गए, नोटों के बंडल मिले हैं, तो यकीनन वह 'काला धन' है, बेहिसाबी और बेईमानी का पैसा है। इस 'काले धन' का स्रोत क्या है? इतने धन-संग्रह का सच क्या है? क्या इस 'काले पैसे' से कुछ और लोग भी जुड़े हैं? क्या किसी और का 'अवैध धन' धीरज साहू ने छिपा कर रखा था? ईमानदारी, नैतिकता और पारदर्शिता का ढोल बजाने वाले आज खामोश क्यों हैं? इन सवालों के जवाब देश के सामने सार्वजनिक होंगे अथवा नहीं, उसे लेकर हम निश्चित नहीं हैं, क्योंकि ऐसे कई छापों में करोड़ों रुपए का नकदी बेनकाब, बेपर्दा हुआ है, लेकिन उन्हें उचित कानूनी दंड दिया गया हो, यह हमें याद नहीं है। किसी राजनेता और सांसद के अपने ही ठिकानों से, आयकर विभाग के एक ही ऑपरेशन में, इतना 'काला धन' बरामद करने का यह अभूतपूर्व मामला जरूर है। इतना संवेदनशील मामला है कि प्रधानमंत्री मोदी ने नोटों के बंडलों वाली, अखबार में छपी, तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है और देश को भरोसा दिलाया है कि जनता का जो पैसा लूटा गया है, उसकी पाई-पाई लौटाना पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।' बहरहाल 6 दिसंबर से छापेमारी का जो सिलसिला शुरू किया गया था, वह रविवार तक भी जारी था और 400 करोड़ रुपए के करीब का नकदी बरामद और जब्त किया जा चुका था। कुछ सांसदों का अनुमान है कि जब सभी बैंक खाते और लॉकर आदि खंगाल लिए जाएंगे, तो बेहिसाब का यह धन 1000 या 2000 करोड़ रुपए तक भी पहुंच सकता है। कंपनी के एक मैनेजर बंटी साहू के बोलांगीर (ओडिशा) वाले ठिकानों से नकदी के 20 बैग अलग से बरामद किए गए हैं। उनमें भी 100 करोड़ रुपए बताए गए हैं। नोटों के पहाड़ से लबालब 176 बैग पकड़े गए थे, जिनमें से 100 बैगों की गिनती की जा चुकी है। भारतीय स्टेट बैंक की बोलांगीर शाखा के 40-50 कर्मचारी मशीनों के जरिए नोटों की गिनती कर रहे हैं। मशीनें खराब भी हो रही हैं, लिहाजा उनकी मरम्मत करने वाले विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। चूंकि छापों में आयकर विभाग ने, विभिन्न ठिकानों से, कंप्यूटर, लैपटॉप और डिजीटल उपकरण भी अपनी गिरफ्त में लिए थे, लिहाजा उनकी सम्यक जांच और उन्हें पढ़ने के लिए हैदराबाद से आईटी के 20 विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। कंपनी से जुड़े लोग कितने लंबे सालों से इन 'काली करतूतों' में लिप्त थे, इसका अभी खुलासा होना है, लेकिन जो शख्स सांसद के तौर पर सार्वजनिक जीवन में रहा है और जिसने संविधान और शुचिता की शपथ ली थी, अब उसका अंजाम क्या होगा? विडंबना है कि फिलहाल सांसद को 'आरोपित' माना जाता रहेगा और उसकी सांसदी बरकरार रहेगी। सांसद के तौर पर धीरज साहू कई संसदीय समितियों से जुड़ा है। खासकर ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, कोयला, खदान, इस्पात आदि की सलाहकार समितियों का भी सदस्य है। ये अति महत्वपूर्ण समितियां हैं, जो सरकार की नीतियों की समीक्षा करती हैं और सुझाव भी देती हैं। 2018 में धीरज तीसरी बार राज्यसभा सदस्य चुने गए थे।

## ब्याज दरों में कटौती के बारे में सोचे आरबीआई

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है। अन्यथा, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर तो लम्बे समय से रिणात्मक बनी हुए है एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मूल मुद्रा स्फीति की दर भी पूर्ण रूप से नियंत्रण में है। हां, वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिस्थितियां जरूर भारत में ब्याज दरों को कम करने के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। चीन सहित, विश्व के कई देशों में आर्थिक विकास दर कम हो रही है एवं इन देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों को अभी भी ऊंची दरों पर बनाए रखा गया है। इसी माह अमेरिका में सम्पन्न हुई फेडरल रिजर्व की बैठक में फेड रेट में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। चूंकि अन्य देशों में ब्याज की उच्च दर अभी भी बनी हुई है अतः अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बना हुआ है। इन परिस्थितियों के बीच यदि भारतीय रिजर्व बैंक भारत में ब्याज दरों को कम करता है तो भारतीय रुपए पर दबाव और अधिक बढ़ेगा। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर में सुधार जरूर दृष्टिगोचर है।**

**प्रह्लाद सबनानी**




**भारतीय रिजर्व बैंक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में करना चाहता है। जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की इस दर में विभिन्न खाद्य पदार्थों की कीमतें भी शामिल रहती हैं। खाद्य पदार्थों की कीमतें पूर्णतः मांग एवं आपूर्ति के सिद्धांत पर तय होती हैं। जब किसी वर्ष किसी खाद्य पदार्थ की फसल संतोषजनक होती है तो उस खाद्य पदार्थ की कीमतें नियंत्रण में रहती है और यदि किसी मौसम में किसी सब्जी अथवा फल की फसल ठीक नहीं रहती है तो उसकी कीमतें बाजार में आसमान छूने लगती हैं। जैसा कि अक्सर भारत में प्याज, टमाटर एवं अन्य सब्जियों एवं फलों की स्थिति में देखा गया है। इस प्रकार की मुद्रा स्फीति को ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।**

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 8 दिसम्बर 2023 को समाप्त हुई और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर यथावत बनाए रखा है, क्योंकि मुख्य रूप से भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। हालांकि अभी यह देश के मध्यावधि लक्ष्य 4 प्रतिशत के अंदर नहीं आई है। परंतु, भारतीय अर्थव्यवस्था जिस गति से आगे बढ़ रही है, इसे देखते हुए एवं आर्थिक विकास की दर को और अधिक गति देने के उद्देश्य से अब भारत में ब्याज दरों को कम किये जाने का समय आ गया लगता है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है। अन्यथा, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर तो लम्बे समय से रिणात्मक बनी हुए है एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मूल मुद्रा स्फीति की दर भी पूर्ण रूप से नियंत्रण में है। हां, वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिस्थितियां जरूर भारत में ब्याज दरों को कम करने के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। चीन सहित, विश्व के कई देशों में आर्थिक विकास दर कम हो रही है एवं इन देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों को अभी भी ऊंची दरों पर बनाए रखा गया है। इसी माह अमेरिका में सम्पन्न हुई फेडरल रिजर्व की बैठक में फेड रेट में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। चूंकि अन्य देशों में ब्याज की उच्च दर अभी भी बनी हुई है अतः अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बना हुआ है।

इन परिस्थितियों के बीच यदि भारतीय रिजर्व बैंक भारत में ब्याज दरों को कम करता है तो भारतीय रुपए पर दबाव और अधिक बढ़ेगा। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर में सुधार जरूर दृष्टिगोचर है। अमेरिका में तो अभी हाल ही में सोवरेन बांड प्रतिफल में गिरावट भी दर्ज हुई है एवं अमेरिकी डॉलर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कुछ कम हुई है। इससे कई देशों के पूंजी (शेयर) बाजार मजबूत हुए हैं। अतः अब आगे आने वाले समय में इन परिस्थितियों के बीच विश्व के विभिन्न देशों द्वारा ब्याज दरों में कमी किए जाने की सम्भावना बढ़ती जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था को तो इससे अत्यधिक लाभ होगा। ब्याज दरें कम होने से भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित किए जाने वाले उत्पादों की उत्पादन लागत कम होगी और भारत में निर्मित होने वाले उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे, इससे इन उत्पादों का भारत से निर्यात बढ़ेगा।

भारत में आंतरिक आर्थिक परिस्थितियां लगातार अनुकूल बनी हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के बाद द्वितीय तिमाही में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। यह वृद्धि दर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों एवं भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमानों से कहीं अधिक है। भारत में लगातार बढ़ रहे निवेश एवं केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे पूंजीगत एवं अन्य खर्च में अपार वृद्धि के चलते सम्भव हो पा रहा है। विनिर्माण एवं निर्माण गतिविधियों में अतुलनीय वृद्धि के चलते दूसरी तिमाही में विकास दर अत्यंत आकर्षक रही है। आगे आने वाले समय में भी विनिर्माण गतिविधियों में मजबूती, निर्माण में भारी वृद्धि एवं ग्रामीण इलाकों में बढ़ रही उत्पादों की मांग के चलते घरेलू स्तर पर उत्पादों की मांग में और अधिक सुधार होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमानों में सुधार करते हुए इसे 7 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में करना चाहता है। जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की इस दर में विभिन्न खाद्य पदार्थों की कीमतें भी शामिल रहती हैं। खाद्य पदार्थों की कीमतें पूर्णतः मांग एवं आपूर्ति के सिद्धांत पर तय होती हैं। जब किसी वर्ष किसी खाद्य पदार्थ की फसल संतोषजनक होती है तो उस खाद्य पदार्थ की कीमतें नियंत्रण में रहती है और यदि किसी मौसम में किसी सब्जी अथवा फल की फसल ठीक नहीं रहती है तो उसकी कीमतें बाजार में आसमान छूने लगती हैं। जैसा कि अक्सर भारत में प्याज, टमाटर एवं अन्य सब्जियों एवं फलों की स्थिति में देखा गया है। इस प्रकार की मुद्रा स्फीति को ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। इन पदार्थों की कीमतों को तो केवल इनकी आपूर्ति को बढ़ाकर ही नियंत्रण में लाया जा सकता है। फिर, इन पदार्थों की बढ़ती कीमतों के चलते यदि ब्याज दरों में वृद्धि हो रही है तो यह अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों, विशेष रूप से उद्योग एवं सेवा क्षेत्र, के लिए हानिकारक परिणाम देता दिखाई दे रहा है। इन कारणों के चलते अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मूल मुद्रा स्फीति की दर को ही नियंत्रित करना चाहिए एवं उसके आधार पर ही ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी की जानी चाहिए।

### विचार

## न्याय की आस में पचास साल से सलमान रुश्दी

**आर.के. सिन्हा**



**भारत में 2022 में जजों की स्वीकृत संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 21.03 की थी। जजों की कुल स्वीकृत संख्या सर्वोच्च न्यायालय में 34, उच्च न्यायालयों में 1108, और जिला अदालतों में 24,631 थी। भारत के विधि आयोग और न्यायमूर्ति वीएस मलीमथ की समिति ने जजों की संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 50 तक बढ़ाने की सिफारिश की थी। जजों की स्वीकृत संख्या निर्धारित होने के बावजूद, भारत की अदालतों ने जजों की रिक्ति के कारण काफी समय से पूरी क्षमता में काम नहीं किया है।**

लेखक सलमान रुश्दी की दिल्ली के पॉश एरिया फ्लैग स्टाफ रोड में पैतृक संपत्ति का कोर्ट में बीती आधी सदी से चल रहा कानूनी विवाद इस बात की चीख-चीख कर पुष्टि करता है कि हमारे यहां कोर्ट के रास्ते से न्याय पाना कितनी कठिन और थकाने वाली प्रक्रिया है। दरअसल सलमान रुश्दी के पिता अनीस अहमद रुश्दी ने पूर्व कांग्रेस नेता और सांसद भीखू राम जैन से 1970 में 3.75 लाख रुपये में संपत्ति बेचने का समझौता किया था। जैन ने रुश्दी को कुछ बयाना भी दे दिया था। पर रुश्दी सौदे से मुकर गए और इसके बाद से यह केस निचली अदालतों से देश की सर्वोच्च अदालत में झूल रहा है।

भारत में अदालती मामलों में फैसला आने में देरी की वजह सभी स्तरों के न्यायालयों द्वारा पीड़ित व्यक्ति या संगठन को न्याय प्रदान करने में होने वाली है। आप जानते हैं कि देश में न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है - सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, और जिला न्यायालय। अदालती मामलों को दो प्रकारों में बांटा गया है-सिविल और क्रिमिनल। 2022 में पूरे भारत में लंबित रहने वाली सभी कोर्ट केस की संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई थी, जिसमें जिला और उच्च न्यायालयों में 30 से भी अधिक वर्षों से लंबित 169,000 मामले शामिल हैं। दिसंबर 2022 तक 5 करोड़ मामलों में से 4.3 करोड़ यानी 85त्न से अधिक मामले सिर्फ जिला न्यायालयों में लंबित हैं। सरकार स्वयं सबसे बड़ी वादी है, जहां 50 प्रतिशत लंबित मामले सिर्फ राज्यों द्वारा दायर हैं।

सरकार और कानून की दुनिया के सभी पक्षों को इस बारे में सोचना होगा कि भारत में दुनिया के सबसे अधिक अदालती मामले क्यों लंबित हैं? 2018 के नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारी अदालतों में मामलों को तत्कालीन दर पर निपटाने में 324 साल से अधिक समय लगेगा। उस समय 2018 में 2.9 करोड़ मामले कोर्ट में लंबित थे। अदालतों में देरी होने से पीड़ित और आरोपित दोनों को न्याय दिलाने में देरी होती है। अप्रैल 2022 में बिहार राज्य की एक अदालत ने 28 साल जेल में बिताने के बाद, सुबूतों के अभाव में, हत्या के एक आरोपित को बरी कर दिया। उसे 28 साल की उम्र में गिरफ्तार किया गया था, 58 साल की उम्र में रिहा किया गया।

भारत में 2022 में जजों की स्वीकृत संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 21.03 की थी। जजों की कुल स्वीकृत संख्या सर्वोच्च न्यायालय में 34, उच्च न्यायालयों में 1108, और जिला अदालतों में 24,631 थी। भारत के विधि आयोग और न्यायमूर्ति वीएस मलीमथ की समिति ने जजों की संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 50 तक बढ़ाने की सिफारिश की थी। जजों की स्वीकृत संख्या निर्धारित होने के बावजूद, भारत की अदालतों ने जजों की रिक्ति के कारण काफी समय से पूरी क्षमता में काम नहीं किया है। 2022 में भारत में जजों की असल संख्या प्रति दस लाख आबादी पर 14.4 की थी। यह संख्या 2016 में 13.2 की थी और तब से इसमें बहुत मामूली बदलाव हुआ है। इसकी तुलना में, जजों की संख्या यूरोप में प्रति दस लाख आबादी पर 210 है और अमेरिका में 150 हैं। गैर-न्यायिक कर्मचारियों के पद भी रिक्त हैं, कुछ राज्यों में 2018-19 में 25त्न तक रिक्तियां थी।

सरकार ने कुछ समय पहले राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि कई अदालतों में लंबित मामलों की संख्या कुछ महीनों में 5 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच सकती है। लंबित मामलों के मुद्दे पर चिंता जताते हुए सरकार ने कहा था कि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में कमी आ सकती है, लेकिन असली चुनौती निचली अदालतों में है। एक बात समझ लें कि लंबित मामलों की बढ़ती संख्या से सुप्रीम कोर्ट भी परेशान है। उसका मानना कहा है कि लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने की तत्काल जरूरत है। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने पिछले माह दिए अपने एक आदेश में जिला और तालुका स्तर की सभी अदालतों को समन की तामील कराने, लिखित बयान दाखिल करने, दलीलों को पूरा करने, याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार या इनकार करने की रिकॉर्डिंग और मामलों के त्वरित निपटारे आदि के निर्देश दिए।

पीठ ने पांच साल से अधिक समय से लंबित पुराने मामलों की लगातार निगरानी के लिए संबंधित राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों की ओर से समितियों के गठन का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि लोग न्याय की आस में अपने वाद दायर करते हैं, इसलिए सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी है कि न्याय मिलने में देरी के कारण इस प्रणाली में लोगों का विश्वास कम न हो। बेशक, भारत की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती है न्याय मिलने में होने वाली अभूतपूर्व देरी। इस तरफ तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

## महुआः अदानी पर सवाल पूछने की सजा

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की उस बात को एक बार फिर से सही साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में पहले क्रमांक पर गौतम अदानी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उनके नीचे हैं। शुक्रवार को जिस प्रकार से तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया, उससे संदेश गया है कि जो भी अदानी के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज ऐसे ही बन्द की जायेगी। वैसे अपनी सदस्यता जाने के बाद जिस प्रकार से महुआ ने अपनी लड़ाई जारी रखने के इरादे जाहिर किये हैं और सारा विपक्ष उनके समर्थन में लामबन्द हुआ है, उससे स्पष्ट है कि महुआ को लोकसभा से निकालना मोदी के लिये महंगा साबित हो सकता है।

मोदी सरकार द्वारा जिस तरह से एक के बाद एक सारी सार्वजनिक सम्पत्तियां अदानी के हवाले की जा रही हैं, उसे लेकर राहुल गांधी लगातार हमलावर रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष सितम्बर में निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मोदी द्वारा अदानी को दिये जा रहे संरक्षण पर सवाल किये थे। बाद में उन्होंने मोदी-अदानी के रिश्तों को लोकसभा में भी उठाया था। इसके चलते गुजरात की एक अदालत में लम्बित मानहानि की याचिका के आधार पर इस साल के प्रारम्भ में राहुल की सदस्यता भी छिनी गई थी। महुआ भी मोदी सरकार के उसी कोप का शिकार हुई हैं। उन पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया गया था। यह मामला संसद की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) के पास विचारार्थ गया था। समिति ने उन्हें इस बात का दोषी पाया कि उन्होंने एक समूह विशेष के खिलाफ ज्यादातर सवाल पूछे और इसके लिये अपना लॉग इन पासवर्ड बाहरी व्यक्ति को दिया। शुक्रवार को करीब 500 पन्नों की रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई और इस पर चर्चा के लिये बहुत अल्प समय रखा गया। अनेक सदस्य मांग करते रहे कि इस पर कुछ दिनों के बाद चर्चा हो ताकि सदस्यगण प्रस्तुत रिपोर्ट का ठीक से अध्ययन कर सकें। सरकार ने यह बात नहीं मानी और सदन में अपने बहुमत के बल पर महुआ की सदस्यता रद्द कर दी।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले जब कमेटी के समक्ष उनका बयान हुआ था, तो उनसे बेहद अशिष्ट और अशोभनीय सवाल किये गये थे जो किसी भी महिला की गरिमा के खिलाफ थे। उन्हें वकील के जरिये जिरह की अनुमति भी नहीं मिल सकी थी जो कि किसी भी आरोपी का नैसर्गिक अधिकार होता है। सदन में महुआ के पक्ष में खड़े सदस्यों ने इस प्रक्रियागत त्रुटि की ओर ध्यान दिलाया परन्तु सम्भवतरू उस कमेटी ने ऐसा सायास किया था जिसमें भाजपा के सदस्यों का बहुमत है। वैसे भी इस मामले में एथिक्स कमेटी ने जिस प्रकार से सुनवाई की, उसमें कई तरह की खामियां हैं। जिस निशिकांत दुबे की ओर से यह शिकायत दर्ज की गई थी, उनका प्रतिपरीक्षण (क्रॉस एक्जामिनेशन) नहीं हुआ। इसके अलावा महुआ को अपनी बात कहने का अवसर भी नहीं मिला- न तो कमेटी के सामने और न ही लोकसभा में। इसमें सबसे बड़ी कमी तो यह है कि उनके पास से कोई नगदी या वे वस्तुएं बरामद नहीं हुई हैं, जिनके बारे में कहा गया कि सांसद ने इसके एवज में सवाल किये थे। यानी कि आरोप को सही साबित करने के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये।

फिर उनके खिलाफ आयकर, प्रवर्तन निदेशालय या सीबीआई तो दूर की बात है, पुलिस द्वारा भी अपराध दर्ज नहीं किया गया जो इसलिये होना था क्योंकि यह तो आपराधिक मामला बनता है। बहरहाल, यह देश के सामने अब स्पष्ट हो गया है कि अदानी के बाबत प्रश्न पूछने का अर्थ है उसके लिये किसी को भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। खासकर, अगर वह ऐसे मंच से बोले जिससे अदानी को किसी भी तरह का नुकसान होने का अंदेशा हो। चूंकि संसद में उठाये जाने वाले मामलों की गूंज न केवल देश भर में वरन पूरी दुनिया में सुनी जाती है, मोदी सरकार के लिये ऐसी आवाजों को बन्द कराना बहुत आवश्यक हो जाता है।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**बल्जभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। आलस्य कतई न करें।

**मिथुन :-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें।

**कर्क:-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कल्पनाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा।

**मीनः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

## अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय, टाटा!

**शकील अख्तर**



**छत्तीसगढ़ में तो कोई कह ही नहीं रहा था कि कांग्रेस हार भी सकती है। मगर अब वहां के अखबार टिकट बेचने की खबरों से भरे पड़े हैं। कांग्रेस के नेता खुलेआम टिकट बेचने के आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रदेश में ऐसे ही आरोप लग रहे हैं। कांग्रेस में यह तो पुरानी शिकायत है कि जितना पैसा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाता है उसमें से बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर काट लिया जाता है। लेकिन इस बार एक नई शिकायत और सुनने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के इंतजाम के लिए 25-25 लाख रुपए हर जगह भेजे गए थे। उसमें से आधे खर्च किए जाते थे और आधे बांट लिए जाते थे। कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष को भी नहीं छोड़ते!**

कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा! कहानी मत सुनो इनकी कहानी मालूम करो। तीन जीते हुए राज्यों को हारने के बाद कांग्रेस ने फटाफट इनकी समीक्षा बैठक कर ली। क्या नया निकला उसमें से? कुछ नहीं। जो खुद हार के जिम्मेदार हों वे क्या बताएंगे? हम पहले भी कई बार लिख चुके हैं फिर लिख रहे हैं कि राहुल के पास नई कांग्रेस बनाने का मौका था। अब भी है।

मगर वे खाली रिपेयर से काम चला रहे हैं। कांग्रेस के पास वह माध्यम ही खत्म हो गए हैं जिसके द्वारा वह अपनी बात लोगों तक पहुंचा पाए। जब मीडिया आपका साथ नहीं दे रहा। बल्कि यह कहना चाहिए कि पूरी तरह आपके खिलाफ है तो उसमें जाकर रोज अपना चेहरा दिखाने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करना चाहिए। यह प्राइवेट एजेन्सियां कांग्रेस इतना हायर करती है और पता नहीं कितना करोड़ों लेकर कांग्रेस को वह उतना ही हरवाती हैं जितना वह उनके बिना हार रही होती है। कुछ लोग तो यह भी कहते हैं कि यह उम्मीदवारों का सर्वे, विज्ञापन, प्रचार करने का ठेका लेने वाले अगर नहीं होते तो कांग्रेस के कुछ उम्मीदवार ज्यादा ही जीतते। ये जीताने वाले चुनाव विशेषज्ञ नहीं होते पैसा कमाने वाले धंधेबाज होते हैं। अगर इनके सर्वे के हिसाब से ही टिकट मिले तो फिर टिकट बेचने की शिकायतें कहां से आ गईं? इनके लड़के और लड़कियां जो फील्ड में जाते हैं वे कौन होते हैं। दूसरे समय में वे सेल के काउंटरों पर सेल्समेन और सेल्स गर्ल का काम करते हैं। उन्हें किसी प्रोडक्ट की क्वालिटी के बारे में मालूम नहीं होता वह तो जिस चीज को आप उठाकर देखने लगो उसको कहने लगते हैं कि हां अच्छी है। ऐसे ही यह सर्वे वाले क्षेत्र में जाकर जो उनसे मिल लेता है। सेवा सत्कार कर देता है उसे सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बता देते हैं। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सर्वे का हल्ला था। और कांग्रेस सबसे ज्यादा बुरी तरह मध्य प्रदेश में ही हारी है।

छत्तीसगढ़ में तो कोई कह ही नहीं रहा था कि कांग्रेस हार भी सकती है। मगर अब वहां के अखबार टिकट बेचने की खबरों से भरे पड़े हैं। कांग्रेस के नेता खुलेआम टिकट बेचने के आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रदेश में ऐसे ही आरोप लग रहे हैं। कांग्रेस में यह तो पुरानी शिकायत है कि जितना पैसा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाता है उसमें से बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर काट लिया जाता है। लेकिन इस बार एक नई शिकायत और सुनने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के इंतजाम के लिए 25-25 लाख रुपए हर जगह भेजे गए थे। उसमें से आधे खर्च किए जाते थे और आधे बांट लिए जाते थे। कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष को भी नहीं छोड़ते!

राहुल को यह सब चीजें मालूम करना चाहिए। जैसे उम्मीदवारों के सर्वे के लिए कहते हैं तीन-तीन एजेन्सियों से करवाया गया। वैसे ही हर राज्य के लिए दो या तीन लोगों को पहुंचाना चाहिए। पार्टी के। इसके अलावा राहुल को अपने आफिस के लोगों से भी थोड़ा काम लेना चाहिए। उन्हें भी फील्ड में भेजना चाहिए कि क्या हुआ, क्या हो रहा है मालूम करके आएं। और तीसरे उन प्राइवेट एजेन्सियों से पूछना चाहिए जिन्हें इतना पैसा दिया है कि लिखित में बताओ कि क्यों हारे? यह तीनों राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान हारने के नहीं थे। कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है। दोषी कौन है?

वही जो जीत जाते तो इसका श्रेय लेते। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में गहलोत और पायलट एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव। यही तो गाल बजाते। 2018 में यही तो किया था। राहुल को एक रत्ती जीत का श्रेय नहीं दिया था। अब हारे हैं तो मानें अपनी गलतियां। क्या किसी ने कहा कि मैं इस्तीफा देता हूं? मैं अपना अहंकार, गुटबाजी में लगे रहना, आत्ममुग्धता स्वीकार करता हूं? तीनों राज्यों की रिव्यू मीटिंग हो गई। कहीं पश्चाताप के स्वर सुनाई दिए। दिग्विजय ने 2003 की हार के बाद दस साल तक कोई पद नहीं लिया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# चरखारी विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## विकसित संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से कराया रूबरू

समृद्धि न्यूज।

**महोबा।** सरकार की विभिन्न योजनाओं को वंचित लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा बिहार एवं कुटरा गांव में पहुंची। जहां पर ग्रामीणों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम महेबा में किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों जिनमें भागीरथ , भारत आदि व आवास योजना के लाभार्थी गणेश आदि को प्रमाण पत्र वितरित दिये गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चरखारी विधायक ब्रजभूषण सिंह राजपूत ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित है जिनका धरातल पर सही क्रियान्वन भी हो रहा है और जो वंचित लोग हैं उन्हें भी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही साथ जो लाभार्थी है उन्हें सा सम्मान इसका लाभ प्राप्त हो सके यही सरकार की मंशा है। चरखारी विधायक ब्रजभूषण सिंह राजपूत ने मीडिया मुखातिब होते हुए राजस्थान की घटना को लेकर कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दिन दहाड़े ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी जाती है। ऐसे ही लखनऊ में कमलेश तिवारी की हत्या हुयी थी इसी तरह कई हिन्दुत्व की आवाज उठाने वाले लोगों की धमकियां देकर नृशंस हत्या कर दी गई है चरखारी विधायक ने सभी हत्यारों को फांसी की सजा दी जाने की मांग की है। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने भी संबोधित करते हुए कहा कि इन आयोजनों से जन-जन तक जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंचेंगी। मनरेगा उपयुक्त राघवेंद्र तिवारी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा सहित तमाम ऐसी योजनाएं हैं। जिनमें गांव के अति वंचित समुदाय व अन्य ग्रामीण लाभांवित हो रहे हैं इन सभी योजनाओं की जानकारी आप सबको दी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्तीदीन के द्वारा सभी आगंतुकों का व ग्रामीणों का आभार प्रकट किया गया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा निर्गत कार्ड करोड़ों लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ कौशल सोनी, महेंद्र गुरुदेव, दिनेश गोस्वामी, उदित राजपूत, मनरेगा उपश्रमायुक्त राघवेंद्र तिवारी, खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत दयाशंकर जायसवाल, पंकज तिवारी, योगेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।




# गोरखगिरि में मनाया ओशो का 92वां जन्मोत्सव

> जो पहले ओशो को गाली देते थे, अब उनके मुरीद हैं

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बीसवीं सदी के सबसे विवादास्पद क्रांतिकारी संत ओशो का 92वां जन्मोत्सव आज गोरखगिरि पर्वत के ऊपर गोरखेश्वर महादेव परिसर में मनाया गया। ओशो के प्रशंसकों व अनुयायियों ने सक्रिय ध्यान किया एवं उनके जीवन, कृतित्व और आध्यात्मिक क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि वे खुद ओशो के अनुयायी हैं और उन्होंने 2000 में संन्यास लिया था। उनके संन्यास का नाम स्वामी अंतर्यात्री है। वे किशोरावस्था में ही ओशो के चिंतन से बेहद प्रभावित हो गए थे। ओशो नारीशक्ति के सम्मान में हर स्त्री, हर बालिका को मां कहकर संबोधित करते थे। उनकी ध्यान विधियों में नृत्य व संगीत का अदभुत समावेश है। इसी वजह से पश्चिमी देशों में लोग सबसे ज्यादा आकर्षित हुए। भारत में लोग उनकी ध्यान विधियों से अभी कम परिचित हैं। जो प्रबुद्ध वर्ग पहले उनका विरोध करता था, अब चाव से उनके प्रवचन सुनता है। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, प्रहलाद पुरवार, मुकुल गुप्ता, गया प्रसाद कोस्टा, डा. देवेन्द्र पुरवार, प्रेम चौरसिया, उपेन्द्र सुल्लेरे, पवन सोनी, सिद्धे, ऋषभ अग्रवाल, दीपू सोनी, विकास, धन्नू, मुन्ना, अंजली, अंजू व खुशी समेत लोग मौजूद रहे।




## खबरें एक नजर में

### मनचलों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** महिला थानाध्यक्ष ने शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। महिला थानाध्यक्ष ने शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त कर मंदिर, पूजा घर, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा, साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समृद्धि न्यूज, राठ।** कोतवाली क्षेत्र के इकठौर गाँव में 23 वर्षीय एक युवक ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर में रस्सी के फंदे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के इकठौर गाँव के निवासी 23 वर्षीय युवक गनेशी पुत्र रामपाल ने मानसिक तनाव के चलते अपने कमरे में रस्सी के फंदे से फाँसी लगाकर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया। जब परिजनों ने उसे फाँसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गये। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक गनेशी अविवाहित था तथा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण सहयोग करता था। जो कि अपने पीछे छोटे भाई राहुल , बहन गीता व माँ कौशल्या को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### बाइक सवार वृद्ध को ट्रक ने कुचला, मौत

**पौथिया, समृद्धि न्यूज।** थाना ललपुरा के पौथिया गांव में राशन की दुकान से खाद्यान लेकर बाइक से लौट रहे वृद्ध को बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया। जिससे बाइक सवार वृद्ध की घटना स्थल पर मौत हो गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने राठ हमीरपुर हाईवे में जाम लगा दिया। करीब 45 मिनट लगे इस जाम के बीच पहुंचे और ग्रामीणों को ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया। इसी के साथ फौरी तौर पर बिजली के टूटे सीमेंट के खंबों को डलवाकर ब्रेकर भी बनवा दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मार्ग निर्माण के लिए प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मवईजार के पूर्व प्रधान ने जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इंगोहटा छानी मार्ग को बनवाए जाने के मांग की है। साथ ही बांकी से मवईजार तक बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में घटिया कार्य कराने का आरोप लगाया है। मवईजार के पूर्व प्रधान महेशचंद्र शिवहरे ने जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है कि इंगोहटा छानी मार्ग बेहद जर्जर है। पीडब्ल्यूडी मरम्मत का टेंडर कराने के बाद कार्य नहीं करा रहा है। इससे लोगों को आवागमन में तमाम कठिनाइयां हो रही हैं। पूर्व प्रधान ने मंत्री से तत्काल कार्य शुरू कराने की मांग की है। वहीं पूर्व प्रधान ने मंत्री को अवगत कराया है कि सुमेरपुर से मवईजार तक बन रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में घटिया निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चंदीलीजार के समीप सड़क किनारे की गई इंटरलाकिंग अभी से ध्वस्त होने लगी है जबकि सड़क का कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है। पूर्व प्रधान ने मंत्री से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

### ववाहिता को घर से निकाला

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** चंदपुरवा बुजुर्ग के निवासी एक विवाहिता ने दहेज में 50 हजार की मांग पूरी न होने पर मारपीट करके घर से निकाल देने का आरोप लगाकर पति, सास, देवर, ननद के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा कायम कराया है। चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी राकेश अनुरागी की पुत्री शालनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी फतेहपुर जनपद के बिंदकी थाना क्षेत्र के जैनपुर जहानाबाद निवासी अजय कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति अजय कुमार, सास भानमति, देवर संजय कुमार, ननद विनीता 50 हजार नगदी की मांग करके प्रताड़ित कर रहे थे। विगत दिवस सभी ने एकजुट होकर जमकर मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति, सास, देवर, ननद के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### शराब की दुकानों पर पुलिस ने की छापेमारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शराब की दुकानों पर पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी कर जांच पड़ताल की। पिछले दिनों जनपद उन्नाव में शराब पीने से हुई मौत के बाद जिला प्रशासन चौकन्ना हो गया। जहां अवैध शराब विक्रेताओं की धर पकड़ तेज करने के साथ ही सरकारी लाइसेंसी दुकानों पर भी पुलिस क्षेत्राधिकारी कविवेक जावला, जिला आबकारी अधिकारी रंजीत सिंह ,थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी हाकिम सिंह ने नगर के जवाहर रोड स्थित अंग्रेजी व देसी शराब की दुकानों सहित आस-पास की दुकानों में अचानक छापेमारी कर जांच पड़ताल की। पड़ताल के दौरान उन्होंने शराब की बोतलों के ऊपर लगे स्कैनिंग लेवल को स्कैन कर शराब की गुणवत्ता को देखा। साथ ही उन्होंने साफ-सफाई को भी देखा। वही जांच के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी ने संबंधित लाइसेंस होल्डर को दुकान के आस-पास साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। फोटो -पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला व जिला आबकारी अधिकारी रंजीत सिंह, थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह नगर व देहात क्षेत्र के सरकारी शराब की दुकानों की औचक निरीक्षण करते हुये।

# किशोर की गला रेत कर हत्या से हड़कंप

महोबा, समृद्धि न्यूज।

> माता-पिता दिल्ली में रह कर करते हैं मजदूरी

फसल की रखवाली करने गए 17 वर्षीय किशोर की गला रेत कर हत्या करके शव खेत में अधबने कुएं में फेंक दिया गया। उसके शाम तक वापस न लौटने पर बाबा उसकी तलाश करने निकले तो उन्हें अपने खेत में अधबने कुएं के पास पौत्र का रक्तरंजित शव पड़ा मिला।

हत्या होने की सूचना लगते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। एएसपी सत्यम, कुलपहाड़ सीओ हर्षिता गंगवार पहुंची और मामले की जानकारी ली। घटनास्थल पर पहुंचे फारेंसिक एक्सपर्ट ने साक्ष्य एकत्र किए। एएसपी ने कहा कि घटना की जांच के लिए दो पुलिस टीमों को लगाया गया है। पनवाड़ी थाना के महुआ गांव निवासी विश्वनाथ उर्फ खलकाईं के पास आठ बीघा जमीन है। उनका पुत्र सिद्धगोपाल अहिरवार अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में रह कर मजदूरी करता है। सिद्धगोपाल के दो पुत्रों में 17 वर्षीय अमित अपने छोटे भाई 15 वर्षीय सुमित और सबसे छोटी 12 वर्षीय बहन के साथ गांव बाबा के पास रह रहा था, वह पनवाड़ी के नेहरू इंटर कालेज में कक्षा नौ का छात्र था। रविवार दोपहर करीब एक बजे अमित अपने बाबा से खेत पर फसलों को देखने जाने की बात कह कर निकला था। वह प्रतिदिन शाम चार बजे तक लौट आता था लेकिन आज शाम सात बजे तक जब वह घर नहीं लौटा तो बाबा को चिंता हुई। उन्होंने गांव में उसके दोस्तों से पूछताछ की। किसी से कोई जानकारी नहीं मिलने पर वह कुछ ग्रामीणों के साथ टार्च लेकर अपने खेत पर पहुंचे। वहां उनके अधबने पड़े कुएं में पौत्र अमित का पड़ा रक्त से सनी हालत में पड़ा मिला। किशोर की गर्दन आधी कटी थी, शर्ट के बटन खुली हालत में थे। बाबा ने घटना की सूचना फोन करके पनवाड़ी थाने को दी। दारोगा देवेंद्र मिश्रा ने उच्चाधिकारियों को जानकारी देकर घटनास्थल पर पहुंचे। रात करीब नौ बजे एएसपी पहुंचे और फारेंसिक टीम के एक्सपर्ट भी पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। एएसपी ने किशोर के बाबा से जानकारी ली। परिजनों की ओर से किशोर के पिता को फोन कर सूचना दे दी गई थी।

पुलिस अधिकारियो ने बताया कि महुआ गांव के एक किशोर का शव उसके खेत में अधबने कुएं में पड़ा मिला है, उसकी गर्दन आधी कटी हालत में है, फारेंसिक टीम को बुलाया गया था, घटना की छानबीन के लिए दो पुलिस टीमों को लगाया गया है, घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना से परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## कोटेदार से परेशान हो ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को बहदीना अछपुरा गांव के दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ नारेबाजी की और उस पर धांधली का आरोप लगाया। इस संबंध में डीएम को शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि कोटेदार रामायण प्रसाद नियमित राशन वितरण नहीं कर रहा है। अंगूठा लगवाकर रिसीविंग दे दी जाती है। परन्तु राशन नहीं दिया जाता है। राशन वितरण में घटतौली व महिलाओ के साथ अभद्रता करने जैसे आरोप लगाए। उन्होंने कोटा निरस्त कर खुली बैठक कराकर नई राशन की दुकान प्रस्तावित करने सहित कैम्प के माध्यम से नए राशन कार्ड बनवाने की मांग की है। इस दौरान मीरा, कमलेश, पार्वती, सरस्वती, शकुंतला, सुघरकली, शांति, रूचि, रामकली, रामगोपाल, कलावती सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सांसद कुंवर पुष्पेंद्र ने संसद में आगमशास्त्र पर पूछा अतिमहत्वपूर्ण प्रश्न

महोबा, समृद्धि न्यूज।

> केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अन्य सांसद भी प्रश्न के हुए मुरीद

देश में सबसे अधिक संसदीय चर्चा में भाग लेने वाले व लगातार राष्ट्रीय व स्थानीय मुद्दे जैसे सड़क रेल,स्वास्थ्य, किसानों के मुद्दे, गौवंश के मुद्दे,जल प्रबंधन के लिए केन-बेतवा रिवर लिंकिंग की मांग इत्यादि अनेक विषयों को पूरी निष्ठा से दमदार तरीके से सदन में उठाने वाले सांसद पुष्पेंद्र चन्देल ने देश की संस्कृति से सम्बंधित स्टार (तारांकित) प्रश्न सदन में पूछा।

संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सांसद पुष्पेंद्र चन्देल के प्रश्न से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने इसे बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न बताया और यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जो पंचप्रण का आवाहन किया गया है उसी का परिणाम ही कि इस तरह के महत्वपूर्ण प्रश्न सदन में पूछे जा रहे है और यह स्वस्थ्य व उत्कृष्ट संसदीय परंपरा को दर्शाता है। सदन में अनेक सांसदों ने भी सांसद पुष्पेंद्र चन्देल की बहुत सराहना की। इसी के साथ सांसद कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल ने पूरक प्रश्न के रूप में महोबा में संत शिरोमणि बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली गोरखगिरी पर्वत के पास विश्व स्तरीय सांस्कृतिक समागम के आयोजन की मांग की जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकार भी कर लिया जिससे बुन्देलखण्ड के यश में और भी वृद्धि हुई है और बुन्देलखण्ड सहित पूरे संत समाज में खुशी की लहर दौड़ गई ।




## कोरी समाज महासम्मेलन में छात्र व बुजुर्ग सम्मानित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कोरी समाज महासंस्थान के तत्वाधान में रविवार को पुरानी तहसील मैदान में कोरी समाज महासम्मेलन हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री /प्रभारी मंत्री मनोहरलाल पंथ मन्नू कोरी व विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन डा घनश्याम अनुरागी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेश कोरी और संचालन गया प्रसाद अनुरागी ने किया। कार्यक्रम में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 70 छात्र एवं इंटरमीडियट के 40 छात्रों का मुख्य अतिथि ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके बाद 70 वर्ष के समाज के बुजुर्गो को शॉल भेंट कर उनको सम्मानित किया।इस दौरान मंत्री ने कहा कि समाज को शिक्षित कर आगे बढे और हम हर तरह से अपनी समाज की मदद करेंगे। विशिष्ट अतिथि देवेश कोरी ने समाज को एक समूह में रहने का आवाहन किया, शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो और आगे बढ़ो बाबा साहब व झलकारी बाई व उधम सिंह कोरी की विचारो पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष मुकेश कोरी, प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप कमल,अनिल कुमार प्रधान बेरी, मुकेश प्रधान,संध्या वर्मा प्रदेश विधि सलाकार, देवीदास अनुरागी, रघुनंदन, चंद्रभान, राम बाबू, मुकेश तूफानी, हरिबाबू,रामहेत अनुरागी,, शिव कुमार, भगवान दास, महेश कुमार, अमित, कबीर बाबू, राम कबीर आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय एवं रोडवेज डिपो का किया निरीक्षण

> रोडवेज डिपो के प्रतीक्षालय व परिसर में गदंगी पाए जाने पर एआरएम को लगाई फटकार

समृद्धि न्यूज।

**हमीरपुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री/ श्रम एवं सेवायोजन विभाग के मंत्री मनोहर लाल ने जनपद के विभिन्न स्थलों का मौके पर निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रोडवेज के प्रतीक्षालय में फैली गंदगी पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई।

प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम शीतलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति देखी। उन्होंने बच्चों से कुछ सवाल भी पूछे। उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। विद्यालय परिसर में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज का निरीक्षण किया। जहां पर कार्य करने वाले कार्यदायी संस्था को उन्होंने समयबद्ध तरीके से गुणवत्तायुक्त कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री जी रोडवेज डिपो पहुंचे। जहां पर स्थित मंदिर में उन्होंने पूजा की। मंदिर के पास फैली गंदगी तथा मंदिर के मुख्य द्वार बंद होने पर एआरएम को फटकार लगाते हुए तत्काल मंदिर के सामने रखी दुकान को हटवाकर मुख्य द्वार का रास्ता साफ कराने को कहा। इसके साथ ही डिपो के प्रतीक्षालय व परिसर में फैली गंदगी व बसों की हालत खस्ता देख जमकर फटकार लगाई और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, बीएसए, अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम लक्ष्मीरतन साहू, नीशू गुप्ता, बाबूप्रसाद




## झाड़ियों में मिला नवजात का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के उपरांत दफनाया

**समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर (हमीरपुर)।** लोक लाज के भय से किसी ने नवजात शिशु को रात के अंधेरे में देवगांव के पास झाड़ियो में फेंक दिया। ठंड के चलते उसने सिसकते हुए दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफन किया है। किसी कलयुगी मां ने लोकलाज के भय से शिशु को जन्म देने के बाद देवगांव के समीप झाड़ियों के मध्य बने गड्ढे में फेंक दिया। सर्दी के चलते उसने सिसककर दम तोड़ दिया सुबह लोगों की जब नजर पड़ी तो पुलिस को सूचित किया। पत्योरा चौकी इंचार्ज विजय बहादुर ने बताया कि नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद दफन किया गया है। देवगांव के पास नवजात शिशु मिलने की चर्चा पूरे गांव में लोग कलयुगी मां को पानी पीकर कोस रहे हैं।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता व भाषा गोष्ठी में दिखा उत्साह

समृद्धि न्यूज।




**इटावा।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान इटावा ने प्रसिद्ध तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिवस पर भारतीय भाषा उत्सव के अन्तगर्त लाभार्थियों द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता व भाषा गोष्ठी का आयोजन इटावा शहर के न्यू कॉलोनी में निदेशक हरि नारायण बाजपेयी व मुख्यातिथि नमिता तिवारी, अनामिका वर्मा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

मुख्यातिथि नमिता तिवारी ने कहा जब से मानव ने मानवता का विकास शुरू किया है, तब से मानवता का विकास हुआ है। सबसे बहुपठित भाषा और आवश्यक माध्यम है जिससे माध्यम से मनुष्य एक दूसरे से जुड़ते हैं। प्रत्येक संस्कृति की अपनी भाषा होती है और उनकी अपनी सागर में विशाल साहित्य की रचना होती है। निदेशक हरि नारायण बाजपेयी ने कहा देश भर में बोली जाने वाली भाषाओं की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए, भारतीय भाषा उत्सव ने विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में छात्रों को बहुभाषी अनुभव प्रदान करने की भी योजना बनाई है। यह एक प्रयास है जिसका उद्देश्य इन भाषाओं में रुचि पैदा करना और भाषाई सहिष्णुता को बढ़ाना है, जिससे राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में महिला लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया एवं भाषा गोष्ठी में पुरुष लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में चन्दन, कमल किशोर , इन्दु, रामकुमार, सूर्य कुमार चौधरी, शिवम, यश कश्यप, अमन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## ब्रह्मदेव बाबा में विशाल दंगल का आयोजन आज



**समृद्धि न्यूज आजसुमेरपुर।** मुंडेरा मार्ग में बिरखेड़ा चौकी के ब्रह्मदेव बाबा स्थान में सपा संस्थापक धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की स्मृति में विशाल दंगल का आयोजन 12 दिसंबर को किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक बिरखेरा के प्रधान अशोक कुमार यादव ने बताया कि सपा संस्थापक धरतीपुत्र मुलायम सिंह की स्मृति में ब्रह्मदेव बाबा स्थान में 12 दिसंबर को विशाल दंगल का आयोजन किया गया है। दंगल में नामी गिरामी पहलवानों को आमंत्रित किया गया है।

# एनसीसी कैडेट्सों ने मोटे अनाज खाने के फायदे के बारे में किया जागरूक

समृद्धि न्यूज।

राठ। कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय एवं बीएनवी इंटर कॉलेज के एनसीसी क्रेडिट के द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जो ब्रह्मानंद महाविद्यालय से होते हुए रानी लक्ष्मीबाई चौराहा पड़ाव तक निकाली गई।

इस रैली का उद्देश्य नागरिकों को मोटे अनाज खाने के फायदे के बारे में जागरूक करना था।जिसमें क्रेडिट द्वारा मोटे अनाज खाने के फायदे के स्लोगन एवं हाथों में तख्तिया लिए हुए चल रहे थे। फास्ट फूड है स्वास्थ्य के लिए हानिकारक आदि नारे लगाते हुए क्रेडिट चल रहे थे। मोटे अनाज अपनाओ रोग भगाओ आदि नारे छात्राओं द्वारा लगाया जा रहे थे। रैली वापस ब्रह्मानंद महाविद्यालय में आकर एक गोष्ठी के रूप में संपन्न हुई।




इस गोष्ठी में मेजर संतराम, लेफ्टिनेंट अतुल कुमार शुक्ला, सूबेदार एख्मान पुन, हवलदार सुभाष लिंबू, सीनियर कैडेट अभय कुमार, रोशनी व 100 से अधिक क्रेडिट मौजूद रहे।

# इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

समृद्धि न्यूज।

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी एक महीने तक चलने वाली एवं महोत्सव के विधिवत शुभारंभ परंपरागत बेदी पूजन कार्यक्रम पंडित जी द्वारा कराया गया एवं शहीद स्मारक स्तंभ के पास तिरंगा झंडा का राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण करने के बाद सभी अधिकारियों ने शहीद स्तंभ पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

महोत्सव में बैंड बाजे के साथ सभी का स्वागत करते हुए महोत्सव पंडाल में कार्यकारिणी की ओर से प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों का सम्मान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रदर्शनी 113 वर्ष पुरानी है यह महोत्सव जनपद इटावा का लोक पर्व है आज इसका शुभारंभ किया गया है, मैं इटावा वासियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा लोग आए और इस महोत्सव का आनंद लें। उन्होंने कहा कि एक माह तक पंडाल और प्रदर्शनी के मैदान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि यहां अधिक से अधिक संख्या में आए और कार्यक्रमों का आनंद लें। उन्होंने यह भी कहा कि महोत्सव में आने वाले लोग हमारे द्वारा की गई तैयारी में अगर कुछ परिवर्तन की चाह रखते हो तो अपने विचार व फीडबैक भी जरूर दें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने कहा कि महोत्सव को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन इस आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है ऐसे आयोजन में आने वाले लोग विशेष रूप से महिला सुरक्षा को वरीयता दी गई है। उन्होंने कहा कि आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए 24 घंटे पुलिस बल भी तैनात रहेगी।




## पुलिस ने चलाया आपरेशन चक्रव्यूह

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अपराध/आपराधियों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में इटावा पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह चलाकर कार्यवाही की। पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह के तहत कुल 38 विवेचनाओं का निस्तारण किया, 85 वांरटी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और 2 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजकर कार्यवाही को अंजाम दिया।

# एक यादगार संगीत यात्रा के गवाह बनें हजारों लोग

समृद्धि न्यूज।

**इटावा।** कोंकण कलेक्टिव बैंड की संगीत मय यात्रा महोत्सव पंडाल के लिए अविश्वसनीय से कम नहीं थी। मज़ेदार मध्य-शूट धुनों से लेकर उन्होंने समर्पण, जुनून और एकता की शक्ति का प्रदर्शन किया। प्रत्येक सदस्य के अद्वितीय व्यक्तित्व और प्रतिभा ने आपस में जुड़कर एक सामंजस्यपूर्ण बंधन बनाया है जो संगीत की सीमाओं से परे था। पंडाल में मौजूद लोग बिना ताली बजाए नहीं रह सके। द कोंकण कलेक्टिव की मनमोहक धुनों का परिचय एंकर खुशबू सुल्तानिया ने अपने अंदाज में कराया। दिलों को लुभाने वाली और एक स्थायी विरासत छोड़ने वाली प्रस्तुति की शुरुआत देवी स्तुति व गणेश वंदना के साथ किया। ये शुभारम्भ वो शुभारम्भ, इंशाअल्लाह, अलवेला सजन आयो री आदि कई गीतों की प्रस्तुति महोत्सव मंच पर दी। अपने अनोखे ढंग के गायन के लिए प्रसिद्ध यह बैंड ने देश के साथ ही विदेशों में भी कई मशहूर मंचों पर अपनी प्रस्तुति दी है। बैंड में रसिका बोरकर, निकिता घाटे, आरती सत्यपाल, साक्षी मराठे व कृतिका बोरकर अपनी प्रस्तुति दी। बैंड आर्टिस्ट ड्रम पर आशीष, ऑक्टेपेड पर विवेक, गिटार पर तेजस, बेस गिटार निब्बन, की बोर्ड पर नितिन ने उनका साथ दिया।





# गौमांस बिक्री पर हिन्दूवादी संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

▸ मौन जुलूस निकालकर मांस की दुकानों के सामने धरना देने की कही बात

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



मांस की दुकानों की बंद कराने के लिए ज्ञापन देते हिंदू संगठनों के पदाधिकारी।

नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

नगर में वधशाला न होने के बावजूद होटलों पर बड़े मांस की बिक्री होने का विरोध करते हुए उन्होंने मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग की। एक सप्ताह में कार्यवाही न होने पर मौन जुलूस निकालकर मांस की दुकानों के सामने धरना देने की भी बात कही। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, गोरक्षा अभियान महिला इकाई की अध्यक्ष मधु पांडेय आदि ने नगर में गोमांस व गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि नगर में एक भी पशुवधशाला नहीं है और न ही कोई लाइसेंस धारक है। इसके बाद भी बड़े पशुओं के मांस की लगातार बिक्री हो रही है। आरोप लगाया कि इन दुकानों पर गोमांस के साथ ही गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है। जिससे हिंदू समाज के लोगों में रोष पनप रहा है। इस संदर्भ में पूर्व तत्कालीन एसडीएम सना अख्तर ने टीम बनाकर चौकिंग कराई थी। लेकिन टीम ने होटलों में मिले मांस को बिना किसी लैब में भेजे ही चिकिन और मटन बता दिया। कहा कि नगर में लगभग 20 होटलों पर बिक रहे बड़े मांस एवं मांस से बने अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बंद कराई जाए। यदि एक सप्ताह में इन होटलों को बंद नहीं किया गया तो हिंदू समाज के लोग एक सप्ताह के बाद द्वारिकाधीश मंदिर से जामा मस्जिद होते हुए तकिया मैदान तक मौन जुलूस निकालेंगे और वहां मांस की दुकानों के सामने धरना देंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की ही होगी। इस मौके पर निशांत गुप्ता, मनोज गुप्त, विपिन पटेल आदि मौजूद रहे।

# खंड शिक्षाधिकारी ने योगा एथलीट्स को किया सम्मानित

**उरई, जालौन। समृद्धि न्यूज**



योगा एथलीट्स को सम्मानित करते बीईओ डकोर साथ में खड़े शिक्षक।

योग और योगासना के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक डकोर के छात्र छात्राओं को ब्लॉक संसाधन केंद्र मड़ोरा में बीईओ डकोर ज्ञान प्रकाश अवस्थी द्वारा सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक जालौन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष वंदना श्रीवास्तव ने अपनी माता जी स्व.पुष्पा श्रीवास्तव की पुण्य स्मृति में 10 दिसंबर 2023 से इस पुरुस्कार की घोषणा की।

उन्होंने बताया की अब से हर वर्ष 10 दिसंबर को योग एवं योगासना मे मंडल एवं प्रदेश के लिए चयनित योगा एथलेट्स को ये पुरुस्कार दिया जायेगा। इस वर्ष 7 बच्चों को ये पुरुस्कार दिया गया। जिसमें उन्हें एक सोलर लाइट एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। डकोर ब्लॉक के यूपीएस अटरिया की छात्र मुस्कान ने इस वर्ष की उत्तर प्रदेश योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यूपीएस अटरिया के गुड़िया, प्राची, प्रीती, अंजलि एवं आयुष प्रजापति ने योग प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान पाकर मंडलीय बाल क्रीड़ा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सुश्री व्यंजना सिंह एवं डकोर ब्लॉक अध्यक्ष अरुणा सक्सेना ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

एवं उत्तर प्रदेश योगासना स्पोर्ट चौंपियनशिप 2023 की गोल्ड मैडलिस्ट गौरी नायक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी रोहित कुमार के साथ शोभा नायक, रविन्द्र शाक्यवर उपस्थित रहे।

## रंजिशन घर में आग लगाने के आरोप में दर्ज हुई रिपोर्ट

**कोंच (जालौन)।** रंजिशन घर में आग लगा देने के आरोप में पुलिस ने बाप बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवगाँव निवासी महिला गुड्डी देवी पत्नि रामरतन कुशवाहा ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बीती 2 दिसंबर को गाँव के ही देवकी व उसके बेटे मिथलेश कुशवाहा ने रंजिशन उसके घर में आग लगा दी जिससे उसके घर का सामान जलकर खाक हो गया। विरोध करने पर उक्त दोनों ने उसे धमकी दी। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने उपरोक्त बाप बेटे के खिलाफ दफा 436, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाँच आरंभ कर दी है।

# प्रशासन ने अवैध होर्डिंगों को हटाने का छेड़ा अभियान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



अवैध होर्डिंग से नगर पालिका को एक धेले की कमाई नहीं है। इसके बावजूद नगर में जगह जगह अवैध होर्डिंग की बाढ़ आई हुई थी। अवैध होर्डिंग को लेकर अब प्रशासन ने सख्ती अपना ली है। सोमवार को नगर पालिका ने अभियान चलाकर मुख्य मार्ग से अवैध होर्डिंग को हटाया।

नगर में जगह जगह टंगे फ्लैक्स बोर्ड पर तस्वीरों के साथ शुभ कामना संदेश नजर आते हैं। यह स्थिति तब भी होती है जब नगर में किसी दल के नेता का दौरा या आमसभा होती है या फिर कोई अन्य त्योहार नजदीक हो। चाहे स्ट्रीट लाइट हो या बिजली के पोल या फिर कोई दीवार ही सही हर जगह आपको होर्डिंग टंगी हुई नजर आ जाएगी। नगर में स्थित स्ट्रीट लाइट के प्रत्येक खंभे पर होर्डिंग टंगी हुई नजर आ रही है। चौराहों पर चारों ओर कहीं लकड़ी के खंभे के सहारे तो कहीं दीवार के सहारे होर्डिंग लगाई गई हैं। इससे जहां वाहन चालकों का ध्यान भंग होता है तो दूसरी ओर बिजली आदि के खंभे पर टंगी होर्डिंग बिजली कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बनती है। ऐसे में इन अवैध होर्डिंग को हटाने के लिए कई बार मांग की गई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध होर्डिंग के खिलाफ सोमवार को अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम ने उरई रोड बंबा के पास से चुंगी नंबर चार तक मुख्य मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों और अन्य स्थानों पर अवैध रूप से टंगी होर्डिंग को हटाया है। इस बाबत ईओ सीमा तोमर ने बताया कि अभियान के पहले दिन मुख्य मार्ग से अवैध होर्डिंग हटाई गई हैं। आगे नगर क्षेत्र से सभी अवैध होर्डिंग को हटाया जाएगा।

# ताइक्कांडो प्रतियोगिता में अर्सलान हसन ने जीता कांस्य पदक

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता अर्सलान।

मिर्जापुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में एमएल कांवेंट स्कूल के छात्र अर्सलान हसन को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। उनके साथियों और शिक्षकों ने छात्र को बधाई दी। ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए पहले जिला स्तरीय फिर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में अर्सलान ने बेहतरीन प्रर्दशन किया।

जिसके बाद उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन मिर्जापुर में किया गया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में लखनऊ रीजन एवं मेरठ रीजन के प्रतिभागियों को पराजित करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ी अर्सलान ने इसका श्रेय कोच रितेश कुमार एवं सभी शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय पांडे एवं प्रबंधक गौरव गुप्ता ने छात्र. की इस सफलता पर शुभकामनाएं दी और उसे आगे गोल्ड मेडल लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# गन्ना मूल्य बकाया पर किसान यूनियन ने दिया धरना



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने ब्लॉक विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्लॉक परिसर में धरने पर देकर बजाज चीनी मिल इंटई मैदा द्वारा किसानों का गन्ना मूल्य बकाया सहित कई मांग मुख्यमंत्री से की है ब्लॉक अध्यक्ष बड़े लाल पाण्डेय के अगुवाई में ब्लॉक श्रीदत्तगंज परिसर में भारतीय किसान क्रांति यूनियन द्वारा धरने पर बैठकर विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध जताया मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी सुमित सिंह को सौपा ब्लॉक अध्यक्ष बड़े लाल पाण्डेय ने बताया कि बजाज चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ना का भुगतान अभी तक नही किया गन्ना मूल्य तत्काल भुगतान कराया जाये। मिल द्वारा गन्ने के पर्ची पर गन्ना मूल्य नही लिखा जाता है गन्ना मूल्य पर्ची पर लिखा जायें।

छुट्टा जानवर से किसान काफी परेशान है छुटकारा दिलाया जाय चँवई बुजुर्ग में मार्का इंडिया नल खराब है बनवाया जाये ग्राम जिगना में पशु आश्रय केंद्र व खड़ंजा लगवाया जाय इमामंगर चौराहे से कोटवा मन्दिर तक खडंजा का निर्माण कराया जाय रामपुर बगनहा में जय करन का घर अग्नि कांड में जले घ की क्षति पूर्ति शासन से दिलाया जोय।

इस अवसर पर सियाराम दुःखी प्रसाद वासुदेव राम करन वर्मा अशोक कुमार दुबे राम बहादुर राम फेर राम उजागर बालक राम सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गाय के अरहर का फसल खाने पर स्वामी की हुई पिटाई



**दुद्धी सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के जाबर गांव में एक गाय के द्वारा खेत मे बोया हुआ अरहर का सफल खाने पर खेत स्वामी ने गाय स्वामी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था मे पीड़िता ने दुद्धी कोतवाली पहुँचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर दुद्धी पुलिस ने घायल व्यक्ति जयप्रकाश पुत्र हीरा साव निवासी जाबर को आज सोमवार को करीब साढ़े 12 बजे दुद्धी सीएचसी में लाया गया। जहाँ वार्ड बॉय रामेश्वर प्रसाद के द्वारा ड्रेसिंग के बाद पीड़ित जयप्रकाश का पुलिस के द्वारा मेडिकल भी कराया गया है।

### बच्चे को तेंदुए ने बनाया निवाला

**बलरारामपुर।** हरैया थाना क्षेत्र के जंगल से सटे धर्मपुर गांव में बकरी चराने गए समीर अंसारी उम्र 10 वर्ष को तेदुए ने शिकार बना लिया । पिता शफीक अंसारी मेहनत मजदूरी करने मुंबई गए हैं मृतक की मां रूकवाना ने बताया कि बेटा समीर अंसारी तीन बजे घर से गांव के दक्षिण पंचायत भवन के पास बकरी चरा रहा था झाड़ी से निकल कर तेंदुआ समीर अंसारी को मुंह में दबोचकर भाग गया। साथ में बकरी चराने गए अन्य बच्चों द्वारा चिल्लाने पर तथा ग्रामीणों के घेराव करने पर शवको झाड़ी में छोड़कर भाग गया। वन क्षेत्राधिकारी केपी सिंह ने बताया कि तेंदुआ से बचाव के लिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। घटना स्थल पर वनकर्मियों के साथ गस्त जारी है। मौके पर प्रभारी निरीक्षक हरैया गोविंद कुमार पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

### देवनगर चौराहे से बाइक चोरी

**जालौन (उरई)।** नगर के देवनगर चौराहे से अज्ञात चोर मोटर साइकिल चुरा ले गये हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली माधौगढ़ क्षेत्र के ग्राम रूद्रपुरा निवासी अवधेश सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह मोटरसाइकिल से जालौन आये थे। देवनगर चौराहे पर मोटरसाइकिल खड़ी करके वह सामान खरीदने लगे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल चोरी करके ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब मोटरसाइकिल नहीं मिली तो उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का मामला अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज कर लिया है।

### घरेलू बंटवारे को लेकर हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक बंटवारे को लेकर जेठ ने अनुज वधू के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी शिवानी ने पुलिस को बताया कि उनके जेठ मानसिंह पारिवारिक बंटवारा नहीं कर रहे हैं। जब वह अपना हिस्सा मांगती है तो वह झगड़ा करने लगते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बंटवारे को लेकर जेठ सोमवार की सुबह गाली, गलौज कर रहे थे। जब उसने गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# विकास भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



म्योरपुर विकास भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया किरबिल ,देवरी एवं करहीया ग्राम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। देवरी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोड़ ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की देन है कि आज लोगों के पास तक विकास की किरण पहुंच रही है। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई और बच्चों के अन्नप्राशन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी गई और उनका समाधान भी किया गया कार्यक्रम में भाजपा नेता जीत सिंह खरवार एडियो पंचायत काशीराम ठाकुर, अजय कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# घटिया सीसी रोड निर्माण पर ग्रामीण ने किया प्रदर्शन

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



विंढमगंज विकास खंड दुद्धी के अंतर्गत मेदनीखाड कुशवाहा बस्ती में हो रहे रामदुलारे कुशवाहा के घर से पवन कुशवाहा के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के दौरान ग्रामीणों ने घटिया सामग्री उपयोग में लेने का आरोप लगाते हुए विरोध किया। मेदनीखाड पंचायत द्वारा बड़ी लागत से सीसी रोड निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के उपयोग में लेने का आरोप लगाते हुए बताया कि सीमेंट के जगह भस्सी का प्रयोग किया जा? रहा है , गिट्टी भी घटीया क्वालिटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीसी रोड घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि रोड कि दोनों और दिवार खड़ा किया गया है जो बहुत ही कम मसाले और खराब ईट से किया जा रहा है। जो अपने आप गिर रहा है। वही अशोक कुशवाहा ने कहा कि जेई का कोई अता पता नहीं मुंशी के देख रेख में हो रहा कार्य ग्रामीण गुणवत्ता कार्य करने को कहते हैं तो मुंशी झगड़ा को हो जाते हैं उतारू ।वही ग्राम प्रधान भी कुछ नहीं कहते अगर गांव के विकास में ग्राम प्रधान नहीं बोलेंगे तो कोन बोलेगा राम पवन ने कहा कि प्रधान भी ठिकेदार से मिले हुए है इसलिए तो कुछ नहीं कहते आंख के सामने इतना खराब कार्य फिर भी मौन ।वही ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार गांव के विकास के लिए लाखों रुपए दे रही है, तो रकम का सही इस्तेमाल हो। गांव में पहले भी जो निर्माण कार्य हुआ है उसका हश्र सबके सामने है। लोगों का कहना है कि गांव में घटिया निर्माण बर्दाश्त नही किया जाएगा और उसे रोकने सभी ग्रामीण एकजुट होंगे। ग्रामीणों ने कहां की इस सीसी रोड को जिला अधिकारी द्वारा जांच कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराया जाए।

सैल फोन से जेई से वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि मुझे ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिली है मैने तुरंत काम बंद करा दिया हु मेरे आने के बाद ही कार्य होगी।मौके पर राम पवन कुशवाहा, सुदामा कुशवाहा,परशूराम ,रंजन कुशवाहा ,जगमौहन गौड़, प्रताप कुशवाहा, राजनाथ कुशवाहा,राजू कुमार, हुलाश कुशवाहा गौतम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## ऑक्सीजन के अभाव में व्यक्ति की मौत

**दुद्धी, सोनभद्र।** विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में ऑक्सीजन गैस अभाव के कारण इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में व्यापारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मृत्यु का आरोप लगाते हुए मृतक के पुत्र धर्मपाल जायसवाल वार्ड संख्या 5 नगर पंचायत दुद्धी के निवासी फफक पड़े जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को सायं काल 6:00 बजे तबीयत बिगड़ा ।तत्काल अस्पताल लेकर के गए आधा घंटा यानी 6:30 बजे पिता का जीवन के लीला समाप्त होगी। पिता गंगा प्रसाद का उम्र 80 वर्ष प्लस बताते हुए उन्होंने कहा कि पिताजी के पूर्णता स्वस्थ थे ।

## कुएं में अधेड़ का शव मिला परिजनों में कोहराम

**दुद्धी, सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के जावर गांव में आज दोपहर में कुएं में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। जावर गांव निवासी अजय कुमार 57 पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल जो तहसील में कर्मचारी बताए गए हैं। घटना की सूचना मृतक के पुत्र आयुष कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिया। घटना की सूचना पर कोतवाली के प्रभारी नागेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर कुएं से शव को निकाल कर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक घर से कुछ दिन से लापता थे आज दोपहर में उनका कुएं में शव पाया गया। घटना का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सपाइयों ने किया राजा चतुर्वेदी का स्वागत

**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



रविवार शाम सपा के पूर्व मंत्री राजा चतुर्वेदी का उतरौला आगमन हुआ। तहसील के सामने स्थित सपा कार्यालय पर सपा नेता डॉ एहसान खान, नगर अध्यक्ष मोहम्मद समी, जिला उपाध्यक्ष सादिक अली, जिला सचिव मोईन सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद शमीम खान, आमिर निजाम द्वारा फूल माला पहनाकर पूर्व मंत्री का स्वागत किया गया। सैयद समीर रिजवी ने पूर्व मंत्री को अंग वस्त्र भेंट किया। पूर्व मंत्री राजा चतुर्वेदी ने सपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व नेताओं से औपचारिक भेंट कर उनके साथ बैठक किया। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी शमीम ने किया। पूर्व मंत्री ने पार्टी के हर कार्यकर्ता से मेहनत करके पार्टी के लिए कार्य करने को कहा। कार्यकर्त्ताओं से पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। डॉ एहसान खान ने पार्टी को मजबूत करने अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने पर बाल दिया। समाजवादी विचारधारा जन जन तक पहुंचाने और लोक सभा चुनाव में मेहनत कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी वोटों से जिताने का आह्वान किया। डॉ अताउल्ला खान, सलाहुद्दीन खान सल्लू, अतीक खान, मोहम्मद वसी, अशफाक अहमद, लल्लू अंसारी, बब्बू एमोहम्मद मसीह, जमाल अहमद, सईद सिद्दीकी, डॉ वारिस अली समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब नौसड़ चौराहे पर नहीं लगेगा जाम : एडीजी जोन



**गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए एडीजी जोन कमिश्नर डीएम एसएसपी नगर आयुक्त एसपी सिटी एडीएम सिटी सिटी मजिस्ट्रेट , चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात कैसे आम जनमानस को मिले जिससे सुचारू रूप से आवागमन चलाता रहे संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एडीजी जोन ने सभी अधिकारियों से वार्ताकार कहा आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चौराहे के अगल.बगल की दुकान को व्यवस्थित किया जाए जिससे चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिल सके। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को के निर्देशित किया गया कि चौराहे पर किए जा रहे सुंदरीकरण कार्यो को और पीछे बंधे से सटा कर किया जाए जिससे आवागमन प्रभावित ना होने पाए इस दौरान जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर सिटी मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई थाना अध्यक्ष गीड़ा राजेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद हैं।

**सूचना**

अभिषेक यादव पुत्र हृदेश यादव जो आधार कार्ड में अंकित है, जो सही नाम है। भूलवश पेनकार्ड में मेरा नाम सचिन कुमार अंकित हो गया है, जो गलत है। इसके स्थान पर सही नाम अभिषेक यादव अंकित किया जाये और अब मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**अभिषेक यादव पुत्र हृदेश यादव निवासी पिपरगांव, जिला फर्रुखाबाद।**

**पहल** | **नया स्वरूप लेगा मां शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर**

# आर्किटेक्ट की टीम ने प्रस्तुत किया हाईटेक प्रस्ताव

▸ लेज़र शो व हाईटेक पार्क बनेगा आकर्षण का केंद्र बनेगी प्रदर्शनी सभी 51 शक्तिपीठों का होगा समावेश

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



शक्तिपीठ मां देवीपाटन धाम को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु को आकर्षित करने की कवायद को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आर्किटेक्ट टीम एवं विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर विकास की रूपरेखा पर गहन चर्चा की। तीन घंटे चली बैठक में डीएम ने मंदिर को नया स्वरूप देने एवं कॉरिडोर विकसित करने के प्रेजेंटेशन के एक एक बिंदु को गहनता से देखा एवं विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि मंदिर को एकीकृत थीम के साथ डेवलप किया जाए जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं में अच्छा भाव आए। बैठक में आर्किटेक्ट की टीम द्वारा नागर शैली एवं द्रविड़ शैली का समावेश करते हुए तैयार किए गए प्रेजेंटेशन को दिखाया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर के विकास में नागर शैली और द्रविड़ शैली के साथ.साथ नाथ संप्रदाय से जुड़े हुए बिंदुओं को अनिवार्य रूप से समाहित किया जाए। मंदिर के उच्चीकरण एवं सुंदरीकरण में प्रशासनिक भवन, पार्क, बहुउद्देशीय हाल, लेजर शो, लाइब्रेरी, फव्वारा, शॉपिंग एरिया, पब्लिक प्लाजा, बच्चों के लिए विशेष ध्यान रखते हुए सुविधाओं से युक्त हाईटेक पार्क, श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भवन, बोटिंग सुविधा, पार्किंग इत्यादि का बेहतरीन प्रबंध रहेगा मंदिर के उच्चीकरण एवं सुंदरीकरण में राजस्थान से पिक सैंड मार्बल का उपयोग किया जाएगा। मंदिर तीन जोन में विभाजित रहेगा जिसमें आवासीय जोन स्पिरिचुअल जॉन तथा कल्चरल एवं पब्लिक जोन बनेगा। भवन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए फसाड लाइट्स का प्रयोग किया जाएगा। लेज़र शो के लिए थीम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही थीम के साथ लैंडस्केप पर रिसर्च कर कार्यों को कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बैठक में आर्किटेक्ट की टीम को निर्देश दिए की मंदिर को उच्चीकृत करने में नाथ संप्रदाय से संबंधित सभी बिंदुओं को अच्छे से जान ले।

## कार्यालय नगर पंचायत रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

पत्रांक-55/न.पं.रा./अलाव/2023-24 दिनांक- 06.12.2023

नगर पंचायत रामसनेहीघाट बाराबंकी क्षेत्र में शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति हेतु समस्त टिम्बर, मर्चेन्ट, लकड़ी की ठेकी वाले व्यक्तियों एवं ठेकेदार तथा लकड़ी आपूर्ति करने वाली फर्मों जिनका पंजीकरण एवं आयकर एवं जी.एस.टी. में हो को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत निधि से जलौनी लकड़ी की आपूर्ति हेतु दिनांक 15.12.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे तक दरें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह 02:00 बजे तक पंचायत कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। आपूर्ति से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | आपूर्ति | अनुमानित दर | निविदा शुल्क+12% जी.एस.टी. |
|---|---|---|---|
| 1. | अलाव जलाने हेतु सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति। | 600/- कुन्तल | 1500/- |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, रामसनेहीघाट**
**बाराबंकी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, रामसनेहीघाट**
**बाराबंकी**

# कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में लूट का सामान भरा हुआ है: वीरसिंह भदौरिया

- भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झारखंड से कांग्रेस पार्टी के राज्य सभा सांसद धीरज साहू व कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका
- भाजपाईयों ने कांग्रेस पार्टी को भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टी बताया

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**झारखंड से** कांग्रेस पार्टी के राज्य सभा सांसद धीरज साहू के यहां इनकम टैक्स के छापे में करोड़ों का कालाधन मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन ने कांग्रेस पार्टी पर जुबानी हमला बोलते हुए कांग्रेस पार्टी के राज्य सभा सांसद धीरज साहू व कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर जोरदार नारेबाजी की। सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के कन्नौज सरायमीरा रोड स्थित बोर्डिंग ग्राउण्ड के निकट झारखंड से कांग्रेस पार्टी के राज्य सभा सांसद धीरज साहू का पुतला दहन करते हुए सोनिया गांधी मुर्दाबाद धीरज साहू मुर्दाबाद के नारे लगाये। पुतला दहन के दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त पार्टी है। कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस पार्टी ने देश को लूटा और अब जिन-जिन प्रदेशों में कांग्रेस की सरकारें है वहा इनके सांसद विधायक लूट-खसोट का गंदा काम कर रहे है और जनता की खून पसीने की कमाई को लूट रहे है। श्री भदौरिया ने कहा कि इसमें कोई दो राय नही है कि ÷कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में लूट का सामान भरा हुआ है। पुतला दहन के दौरान भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुर्दाबाद, सोनिया गांधी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाये। भाजपा नेताओं कांग्रेस पार्टी पर भ्रष्टाचा में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की खून पसीने की कमाई को कांग्रेस पार्टी ने लूटने का काम किया है। पुतला दहन के दौरान प्रमुख रुप से ओमकार शाक्य, आईटी जिला प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, श्याम दुबे, विशाल शुक्ला, सौरभ कटियार, जीतू तिवारी, शिल्पी भारती, नीतीश तिवारी, छोटू यादव , प्रभात बाजपाई, अशोक सिंह, मंगलम पांडेय, शरद मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंकते भाजपाई समृद्धि न्यूज

# समधन चेयरमैन प्रतिनिधि ने भ्रमण कर सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों का लिया जायजा

समधन, समृद्धि न्यूज़

**नगर** पंचायत समधन में चल रहे निर्माण कार्यों सहित सफाई कार्य का अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने भ्रमण कर निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने ठेकेदारों को मानक अनुरूप कार्य करने के कड़े निर्देश दिए सोमवार को चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन ने समर्थकों के साथ नगर में चल रहे पानी टंकियां व नई सड़कों के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदारों से चल रहे कार्यों की जानकारी ली साथ ही निर्माण कार्यों को मानक अनुसार कार्य करने के निर्देश देते हुए घटिया निर्माण सामग्री पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी इसके बाद उन्होंने मोहल्ला अशफाक उल्ला खान नगर आजाद नगर सहित अन्य मोहल्ले में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर सफाई नायक को जमकर फटकार लगाई और दोबारा लापरवाही होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी इस दौरान उनके साथ मो0आमीन शेख,मोहम्मद कलीम उर्फ कल्ले ,शोएब खान, मानू खान, मुजम्मिल हुसैन सहित दीपक श्रीवास्तव विवेक गुप्ता आलोक शाक्य, अताउल्ला अली आदि मौजूद रहे।


समधन में चल रहे विकास कार्यों व सफाई व्यवस्था का भ्रमण करते अखलाक हुसैन सिद्दीकी समृद्धि न्यूज

# महिला विकास केंद्र के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आयोजित हुआ कम्बल समपर्ण समारोह

- मोहल्ला शेखाना स्थित आठवी शताब्दी के बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**महिला विकास** केंद्र की ˙ स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत चल रहे आयोजनो की श्रंखला में सोमवार को मोहल्ला शेखाना स्थित आठवी शताब्दी के बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर में कंबल समर्पण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त एसडीएम नवनीता राय व दण्डी स्वामी रामेश्वराश्रम द्वारा लोगो को कम्बल समर्पित किए गए। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था महिलाओ व समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए पुनीत कार्य कर रही है। कहा कि संस्था उत्तरोत्तर उन्नति करे। मालती शुक्ला की स्मृति में हो रहे इस आयोजन के अवसर पर मेरा उनके प्रति भाव पूर्ण नमन तथा आयोजकों को बहुत-बहुत बधाई। विशिष्ठ अतिथि नवनीता राय ने कहा कि समाज के विकास के लिए किए जा रहे संस्था के प्रयासों के लिए आप सब साधुवाद के पात्र है। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम वेदमंत्रो के साथ सभी का पूजन अर्चन कर पटुका उढ़ाकर किया गया। इस अवसर पर विकाश दुबे, लल्ला सविता, मलिखान कश्यप, मुकेश पाठक, लल्लन सामवेदी, रामू, सोनू कश्यप, विमल दुबे, रानी सैनी, संगीता दिवाकर, रजनी बाथम पर पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया। संस्था की संरक्षिका पदमा बाजपेई, अध्यक्ष मधू शुक्ला, कांति सैनी, सुमन तिवारी, सरोज सिंह, ममता दुबे, प्रीति शुक्ला, अनामिका शुक्ला, नीरजा त्रिपाठी, रामकंती सैनी, रजनी सैनी आदि लोगो ने अतिथियों को शाल उढ़ाकर माला पहनाकर बैच लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनीता सक्सेना ने किया।




# पूर्व राज्य मंत्री ने सांस्कृतिक भवन का हवन पूजन कर किया शिलान्यास



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

पूर्व राज्य मंत्री विधायका ने शहर के वार्ड नंबर 4 में संस्कृतिक भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडेय नगरपालिका छिबरामऊ के अंतर्गत वार्ड नंबर 4 संजय नगर में विधायक निधि से निर्मित सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन किया।10.97 लाख की लागत से बनने वाला सांस्कृतिक भवन का निर्माण ब्लाक छिबरामऊ के माध्यम से कराया जाऐगा। चेयरमैन मनोज दुबे,नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता,ईओ छिबरामऊ, सभासद, गोपाल वाल्मीकि, किशनलाल वाल्मीकि, दिनेश गिहार आदि लोग उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने अवैध शराब सहित पांच को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की। जिसमें पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते समय पांच लोगों को धर दबोचा। जिसके बाद आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बा इंचार्ज अजब सिंह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खांडेदेवर की ईदगाह के पास से अवैध कच्ची शराब की बिक्री करते हुए चार युवकों को 20 लीटर कच्ची शराव सहित पकड़ लिया। वही उपनिरीक्षक आनंद कुमार मिश्रा ने सराय प्रयाग गिहार बस्ती के पास से एक युवक को 10 लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। पुलिस हिरासत में युवकों ने अपना नाम अजीत, संजय, राहुल, मिथुन निवासी ग्राम खांडेदेवर व अमर उर्फबच्चा निवासी ग्राम सराय प्रयाग गिहार वस्ती बताया है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध आवकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## नगदी व सामान चोरी का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते दिनों पूर्व घर में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन मोहल्ला कादर खान नगर निवासी दिनेश चंद्र पुत्र प्यारेलाल ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि बीते शुक्रवार की रात करीब 11.15 बजे वह अपने घर पर सो रहा था। तभी चोरों ने उसकी अलमारी में रखें पैसे व गहने चोरी कर लिए। जिसके बाद उसने कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिनेश कुमार ने स भाला बीडीओ पद का अतिरिक्त प्रभार

**कोंच(जालौन)।** गत 7 दिसंबर को जिलाधिकारी के अनुमोदन पर सीडीओ द्वारा कोंच बीडीओ पद से हटाई गयीं प्रतिभा शाल्य के स्थान पर बीडीओ पद का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद सोमवार को दिनेश कुमार उपायुक्त (स्वतरूरोजगार) ने खंड विकास कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। दिनेश कुमार ने खंड विकास कार्यालय में नियुक्त अधीनस्थ कर्मियों से परिचय प्राप्त कर खासतौर से मनरेगा कार्यों और गौशालाओं की व्यवस्थायें दुरुस्त किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाएंगे। किसी प्रकार की कोई भी समस्या शिकायत होने पर संबंधित व्यक्ति अपनी समस्या उन्हें बता सकता है। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही और गडबड़ी करने वाले कर्मियों को ब शा नहीं जाएगा। गौशालाओं की व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाएगा।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)।** तमंचे के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कैलिया पुलिस ने रविवार की देर शाम गश्त के दौरान एक युवक को पीपरी तिराहे से संदिग्ध अवस्था में खड़ा देख पकड़ लिया। पुलिस ने जब उसकी जामातलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूँछताछ में उसने अपना नाम कृष्णकुमार पुत्र हरनारायण निवासी ग्राम पीपरी कलां बताया। पुलिस ने कृष्णकुमार को आ र्स एक्ट में निरुद्ध कर जेल भेज दिया है।

## बगैर अनुमति नगर में लगी होर्डिंग्स के खिलाफ नगर पालिका का अभियान शुरू

**कोंच (जालौन)।** नगर के मु य मार्ग सहित बाजारों और अन्य गली कूँचों में बिजली के पोलों, डिवाइडर, सरकारी इमारतों सहित अन्य स्थानों पर नगर पालिका कार्यालय से बगैर अनुमति लिए ही लगायी गयीं बड़ी बड़ी होर्डिंग्स और बैनर को हटाये जाने का अभियान नगर पालिका ने सोमवार से शुरू कर दिया है। एसडीएम अतुल कुमार की अगुवाई में अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य ने पालिका कर्मियों के साथ मिलकर पहले दिन नगर में उरई रोड पर सड़क किनारे लगी तमाम होर्डिंग्स और बैनर उतरवाते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली के सहारे पालिका कार्यालय में इकट्ठे करा दिये। उक्त अभियान को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय से अनुमति लिए बगैर होर्डिंग्स और बैनर लगाने पर कार्यवाही की जाएगी और समूचे नगर में लगी सभी होर्डिंग्स व बैनर हटाये जाएंगे।

# जिले भर में पुलिस ने अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों पर चलाया चेकिंग अभियान



- एसपी ने तिर्वा थाना क्षेत्र स्थित शराब की दुकानों पर स्टाक रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों को किया चेक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जिले में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों की चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत अनिमियता, अवैध भण्डारण एवं अपमिश्रित शराब की बिक्री को रोकने हेतु अभियान चलाया गया।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस बल के साथ थाना तिर्वा क्षेत्र में स्थित शराब के ठेके और केंटीन आदि को चेक किया। यहां शराब को चेक किया गया तो वहीं स्टाक रजिस्टर का अवलोकन किया गया। एसपी ने तिर्वा थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाए। उन्होने शराब विक्रेताओं को भी आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकार तिर्वा, थाना प्रभारी तिर्वा व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी सदर प्रियंका बाजपेई ने पुलिस बल के साथ शराब ठेकों पर स्टाक रजिस्टर समेत शराब की चेकिंग की। वहीं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ द्वारा थाना छिबरामऊ क्षेत्र में पडने वाले देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों पर शराब, स्टाक रजिस्टर व सीसीटीवी कैमरों को चेक किया।

# ताहिर ने बंगलौर में जीता फस्ट प्राइज अवार्ड



बेस्ट अवार्ड के साथ मौजूदेक ताहिर अहमद समृद्धि न्यूज

- इस्तांबुल में भी इससे पहले जीत चुके हैं एक अवॉर्ड

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर** निवासी ताहिर अहमद ने बैंगलोर में हुए ईथ-इंडिया कम्पटीशन में हिस्सा लिया। बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में केटीपीओ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में फर्स्ट प्राइज अवॉर्ड हासिल किया। किदवई नगर स्थित अपने आवास पर ताहिर अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी पर आधारित एक एप जिसका नाम फर्स्ट क्रिप्टो प्रतियोगिता में प्रस्तुत किया। जिसमें उन्हें जर्मनी कंपनी फर्स्ट लॉन्च प्रथम प्राइज अवार्ड दिया।

उन्होंने बताया कि प्राइज की धनराशि लगभग 04 लाख रुपये है। जोकि एप्प और बेहतर बनाने और मार्किट में लांच करने के लिए दी कंपनी द्वारा उन्हें दी गयी है। इससे पूर्व भी ताहिर अहमद ने इसी एप्प के आईडिया के लिए तुर्की में आयोजित ईथ-इस्तांबुल में भी बेस्ट प्रोजेक्ट अवार्ड जीता था। इस अवसर पर उनके साथ मौजूद मास्टर इकबाल अहमद रिजवान अहमद डॉक्टर साजिद हुसैन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

# युवक को मारपीट कर, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी भी विवाद को लेकर मोहल्ले के ही लोगों ने युवक से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी लखन पुत्र विनय तिवारी ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार को रात करीब 10 बजे घर से कुछ सामान लेने के लिए तिर्वा रोड पर गया था। जहां पहले से मौजूद भोला ठाकुर, कल्लू, कृष्णा पुत्र छोटे सिंह ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवको के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैठक | जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार मे बैठक कर सम्बन्धित विभागीय अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये

# बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल एवं नकलविहीन सम्पन्न कराया जाए: जिलाधिकारी



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**हाईस्कूल एवं** इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार मे बैठक कर सम्बन्धित विभागीय अफ़सरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने बैठक में कहा कि परीक्षा केन्द्रों का चयन निर्धारित मानक अनुसार होना चाहिए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी, वाइस रिकार्डर कैमरा एवं सड़क तथा प्रकाश व पानी, शौचालय, साफ-सफाई, बाउण्ड्रीवाल, खिड़की, आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि विगत वर्ष 2023 में 105 केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा सम्पन्न हुई थी, उन्ही परीक्षा केन्द्रों को परीक्षण कर अंतिम निर्णय लिया जाये। प्रत्येक बिन्दु पर गहनता से जांच करें। परीक्षा केन्द्र पर बच्चों के आने-जाने की सुविधा एंव सुरक्षा को देखते हुये मानक दूरी के अनुसार ही नवीन सेंटर का चयन किया जाये। कहा कि सरकार की मुख्य उद्देश्य है कि हाईस्कूल एंव इण्टरमीडिएट परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन, सम्पन्न कराया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तिर्वा, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, आदि राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाध्यापक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने ग्राम पंचायत सतौरा में हाट बाजार स्थल का किया निरीक्षण



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सोमवार को सदर विकासखंड की ग्राम पंचायत सतौरा में हाट बाजार हेतु स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सभी दुकानदारों से उनके द्वारा लगाई जा रही सब्जियों के उत्पादन एवं भाव आदि के बारे में जानकारी ली। ग्राम वासियों ने बताया कि सोमवार को छोटी बाजार एवं बुधवार और शनिवार को बड़ी बाजार लगती है। यह बाजार बहुत पुरानी है। ग्राम वासियों ने डीएम को बताया कि बारिश एवं धूप, गर्मी के मौसम में उन्हें बाजार लगाने में समस्या होती है। शेड का निर्माण हो जाए तो बाजार लगाने में सुविधा होगी। डीएम ने बाजार में दुकानदारों से वार्ता की, जिसमें दुकानदारों ने आवश्यकतानुसार अपनी-अपनी बात बताई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने उल्लेखित समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री आर0एन0 सिंह, खंड विकास अधिकारी कन्नौज, ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत टिटावली,विकास खण्ड चकरनगर (इटावा)

पत्रांक:- ...../ग्रा.पं./निविदा/कुटेशन विज्ञाप्ति/2023-24 दिनांक: 06.12.2023

कार्यालय ज्ञापन

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत टिटावली विकास खण्ड चकरनगर इटावा में निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु जनपद-इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कान्टेक्टर से निविदायें/कुटेशन दिनांक 07.12.2023 से 13.12.2023 तक समय 02.00 बजे अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 13.12.2023 को ग्राम पंचायत समिति द्वारा उपस्थित कुटेशन/निविदादाताओं के समक्ष अपरानह 03.00 बजे खोली जायेगी। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बंधित नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव से कार्यालय कार्य दिवस में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा/कुटेशन की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान में निहित है। निविदा/कुटेशन संबंधी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. स. | योजना/ विभाग | कार्य विवरण | प्राक्कलन लागत | राज्य/केन्द्रीय वित्त आयोग | मनरेगा | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | पंचायत घर का निर्माण अर्द्ध का पूरा | 1149672 | राज्य/केन्द्रीय वित्त | Nil | 2% |

ब्रजेन्द्र सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत टिटावली
विकास खण्ड चकरनगर, इटावा

अल्क्षेन्द्र सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत टिटावली
विकास खण्ड चकरनगर, इटावा









# साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी से अमर फार्मास्यूटिकल्स कानपुर ने किया एमओयू

- छात्रों को मिलेगा प्रशिक्षण व रोजगार, कौशल विकास का ज्ञान होगा साझा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अमर** फार्मास्यूटिकल्स, कानपुर ने साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के साथ कॉलेज के तत्वावधान में अकादमिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) किया। इस समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) के दौरान अमर फार्मास्यूटिकल्स एंड लैब्स (इंडिया) प्राइवेट लि0 कानपुर के डायरेक्टर भारत भूषण गुलाटी एवं साईं मीर कॉलेज आर्फ फार्मेसी प्राचार्य डॉ0 अर्पित कटियार ने महाविद्यालय को औद्योगिक पहलुओं को बढावा, विद्यार्थियों को उपकरणों के अंशांकन पर जोर देते हुये उपकरणों को चलाना तथा उपकरणों पर निपुणता और फॉर्मेसी शिक्षा को आगे बढ़ाने की बात कही। यह समझौता ज्ञापन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लायेगा, जो कि छात्रों के उज्जवल भविष्य को बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन डॉ0 जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह समझौता छात्रों की शिक्षा, प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देगा। इस समझौते से कॉलेज के सभी छात्रों के साथ -साथ शिक्षकों का भी कौशल विकास एवं ज्ञान साझा करने के क्षेत्र में नाम होगा। इस समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) के मुताबिक अमर फार्मास्यूटिकल्स, कानपुर वर्ष 2023-24 में कॉलेज के छात्रों को प्रशिक्षण एवं रोजगार देगा। साईं मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी की निदेशक डॉ0 अनीता रंजन ने कॉलेज के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों की विशेष सराहना की। जिनके प्रयासों से यह समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) संभव हो सका एवं उन्होंने साई मीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी व अमर फार्मास्यूटिकल्स के बीच दूरगामी शैक्षणिक सम्बंधों की कामना की। इस एम0ओ0यू0 से विद्यालय के छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है।



समझौता ज्ञापन दिखवाते साईं मीर कॉलेज आर्फ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ0 अर्पित कटियार

## दीवार गिरने से दो बच्चे घायल



**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** दीवार गिरने से दो बच्चे गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना राजापुर के अंतर्गत ग्राम सभा कुइयां निवासी मिथुन की दीवार गिरने से रागिनी उम्र 12 वर्ष पुत्री मिथुन, निगम पुत्र राजेंद्र उम्र 12 वर्ष घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर लेकर आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी आरिफ सिद्दीकी ने बताया की दोनों बच्चों की हालत सही है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बच्चों को देर शाम घर भेज दिया गया। गनीमत रही कि दीवार गिरने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# बुक स्टोर के ताले तोड़कर हजारों की नगदी चोरी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**लगातार हो** रही चोरियों से कस्बे में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिसिया गश्त पर सवालिया निशान उठाये हैं।

जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला दलमीर खां में राकेश पुत्र ओमप्रकाश की शर्मा बुक स्टोर के नाम से मैन रोड शमसाबाद ढाईघाट टेंपो स्टैंड के पास दुकान है। वह दुकान के पीछे बने घर में ही रहते हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने बुक स्टोर का ताला तोड़कर उसमें रखे काउंटर को सड़क के पास ले गए और उसकी गुल्लक को तोड़कर 15000 रुपए की नगदी ले गए। वहीं कुछ रेजगारी की एक रैक को भी अपने साथ ले गए। आए दिन होने वाली घटनाओं से कस्बे में दहशत का माहौल है। मोहल्ले वालों की मानें तो पुलिस चोरों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है और चोर एक के बाद एक घटना को अंजाम दिए जा रहे हैं। कस्बे में अभी तक आधा दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। पीड़ित ने सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसआई विशेष कुमार ने जांच पड़ताल की। क्षेत्र में इन दिनों चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। एक माह में एक दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी हैं। जिसमें एक भी चोरी का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। जिसको लेकर अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद हैं। वह आए दिन कहीं ना कहीं चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।



चोरों द्वारा डाली गयी रैक को देखते लोग — समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### ओवरटेकिंग के दौरान टेंपो डीसीएम से भिड़ा, गड्ढे में पलटा, कई घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर सोमवार की शाम एक टेंपो सवारियां भरकर फर्रुखाबाद जा रहा था। एक डीसीएम को ओवरटेक करने के चक्कर में टेंपो डीसीएम से टकराकर असंतुलित हो गया और गड्ढे में जाकर पलट गया। इस दुर्घटना में टेंपो सवार कई लोग घायल हो गए। बताया गया है इस दुर्घटना में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने टेंपो को सीधा कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना की सूचना फैजबाग पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल करते हुए घायलों को संबंधित अलग-अलग चिकित्सालय में भिजवाया। अचानक टेंपो डीसीएम से टकराने के बाद पलट गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने टेंपो को कब्जे में ले लिया, जबकि डीसीएम चालक डीसीएम सहित मौके से फरार हो गया। बताया गया टेंपो में लगभग एक दर्जन लोग सवार थे जो दुर्घटना के बाद घायल हो गए। कुछ को उपचार के लिए भिजवाया गया। कुछ खुद इधर उधर भटकते रोते बिलखते हुए चले गए।

### तेज रफ्तार अनियंत्रित टेंपो पलटने से तीन गंभीर

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर के अंतर्गत फर्रुखाबाद बदायूं हाईवे ग्राम सभा अलीगढ़ के सामने फर्रुखाबाद से सवारी भरकर आ रहे हैं टेंपो जिसका पंजीयन संख्या यू.पी.76के249 अलीगढ़ तिराहा पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें बैठी सवारियों में अनुपम पत्नी अजय प्रताप निवासी इनायतपुर थाना पाली जनपद हरदोई अपने मायके थाना अमृतपुर के अंतर्गत ग्राम सभा नगला हूसा निवासी अपने पिता ओमपाल सिंह के यहां जा रही थी। संगीता पत्नी रवि निवासी हरसिंहपुर थाना अमृतपुर शिकोहाबाद से शादी समारोह से वापस बेटी मान्या के साथ बापू पुत्र अंश के साथ वापस हरसिंहपुर जा रही थी। टेंपो पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती करवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी आरिफ सिद्दीकी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में महिला संगीता पत्नी रवि को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया रेफर कर दिया।

### बेची गयी जमीन पर दबंग ने पुनः किया कब्जा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम मिल्क सुल्तान निवासी राजीव कुमार पुत्र नरेश चंद्र ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया आज से लगभग 3 वर्ष पूर्व मेरी माता गुड़िया देवी पत्नी नरेश चंद्र ने अपने ही परिवार के जवाहरलाल पुत्र पातीराम से 3 डिसमिल जगह 2 लाख 20000 में खरीदी थी। उस जमीन पर मैंने निहास भी भरी थी, लेकिन मेरी माता के नाम से उन्होंने बैनामा नहीं किया था। जिस जगह को लेकर जवाहरलाल पुत्र पातीराम ने कब्जा कर रखा है। जब उनसे जगह छोड़ने को कहता हूं, तो गाली-गलौज करने लगते हैं। जगह देने से मना कर रहे हैं। पीड़ित ने बताया मैंने कई बार प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### किसान के अहाते में खड़े ट्रैक्टर का बैटरा और साइकिल चोरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के गॉव ख्वाजा अहमदपुर कटिया निवासी हरीराम के घर के पास अहाते में ट्रैक्टर व साईकिल खड़ी थी। रात्रि में अज्ञात चोरो ने अहाते की दीवाल फांदकर अहाते में खड़े ट्रैक्टर का बैटरा व साईकिल चुरी कर लिया। सुबह परिजनों के जागने पर घटना की जानकारी हुई। परिजन चोर को तलाशने के प्रयास में लगे रहे। चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दे दी है। थाना चौराहे पर साईकिल खड़ी होने की सूचना मिलने पर परिजन थाना चौराहे पर चोर को तलाश करते रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव गांव लोगों को किया गया जागरुक

- भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को विकासित भारत बनाने की दिलायी शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने गांव-गांव लोगों को जागरूक किया। भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाकर भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई। जानकारी के अनुसार केंद्र तथा यूपी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचने तथा देश को विकसित देश बनाने के लिए जगह-जगह हाई कमान के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लोगों को सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराकर उन्हें भारत को विकसित देश बनाने की शपथ में दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा नेताओं ने विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम नगला दमू तथा घमुईया रसूलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों से रूबरू कराते हुए उन्हें भारत देश को विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख के ससुर रामकिशोर राजपूत, ब्लाक प्रमुख पति राजवीर सिंह, पूर्व विधायक कायमगंज अमर सिंह खटीक, खंड विकास अधिकारी शमशाबाद शमीम अशरफ के अलावा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंकज राजपूत, प्रधान रजनी देवी, प्रधान नरेंद्र सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराकर भारत को विकसित देश बनाने की शपथ दिलाई गयी।



महिलाओं को सम्मानित करते ब्लाक प्रमुख के ससुर व पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक — समृद्धि न्यूज

# ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलटा चालक-परिचालक बाल-बाल बचे



कायमगंज, समृद्धि न्यूज

राजस्थान से टॉयल लादकर हरदोई जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक जैसे ही पलटा मौके पर काफी भीड़ लग गयी। हालांकि घटना में चालक तथा परिचालक बाल-बाल गये। जानकारी के अनुसार सोमवार को कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा कैंसर खॉ अड्डा के पास मोड़ पर अनियन्त्रित होकर ट्रक खाई में पलट गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गयी। ग्रामीणों ने चालक व परिचालक को बाहर निकाला। हालांकि इस घटना में चालक व परिचालक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उनको किसी भी प्रकार की चोट नहीं आयी है। चालक ने बताया कि राजस्थान से टॉयल लादकर जनपद हरदोई जा रहा था, तभी मोड़ पर अनियंत्रित होकर ट्रक खाई में पलट गया।

# पुलिस व आबकारी निरीक्षक ने छापा मारकर पकड़ी 80 लीटर लहन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एव अपराधियों व शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, महिला उपनिरीक्षक नीरज त्यागी सहित आबकारी निरीक्षक राजेश चौबे ने ग्राम प्रेम नगर गिहार वस्ती में छापा मारा। इस दौरान सतीश पुत्र लालाराम के घर छापेमारी कर 80 लीटर लहन बरामद किया। जिसे नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि लहन को कई जगह छिपाकर रखा गया था। जिसे खोजकर नष्ट कर दिया गया। इस दौरान कारोबारिए मौके से भाग गये। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कच्ची शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। किसी को भी इस अवैध कारोबार को करने की छूट नहीं दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कच्ची शराब कैमिकल व यूरिया आदि डालकर बनायी जाती है। जो मानव के शरीर के लिए बहुत ही हानिकारक है। जिसको पीने से कुछ ही सालों में मनुष्य की मौत जाती है। उन्होंने लोगों से इसका सेवन न करने की सलाह दी। साथ ही जो भी कच्ची शराब की बिक्री करता पाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस या आबकारी निरीक्षक को दें। जिसे समय रहते कारोबारियों को दबोचा जा सके।



लहन को नष्ट करती पुलिस व मौजूद कोतवाल व आबकारी निरीक्षक

# पीड़िता को ससुरालीजनों ने मारपीट कर किया घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुकदमेबाजी की रंजिश व हिस्सा हड़पने को लेकर ससुरालीजनों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने ससुरालीजनों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार नीतू पत्नी चंदनलाल निवासी ग्राम सरह थाना कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद की निवासिनी है। पीड़िता बीते दिन अपने घर पर घरेलू कामकाज निपटा रही थी, तभी ससुरालीजन सर्वेश पुत्र बृजनंदन शुक्ल, गोविन्द शुक्ला, त्रिपुरारी, त्रिभुवन, विशाल पुत्रगण बृजनंदन शुक्ला, सास माधुरी पत्नी बृजनंदन शुक्ला, पिंकी पत्न गोविन्द, राधा पत्नी त्रिपुरारी निवासीगण सरह पीड़िता के घर में घुस आये और उसके साथ मारपीट करने लगे। प्रार्थिनी के दो मोबाइल भी उपरोक्त लोगों ने छीन लिया। साथ ही उपरोक्त लोगों ने कहा कि इसने हम लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर कर रखा है। इसे आज खत्म कर दो। जिस पर उपरोक्त ससुरालीजनों ने प्रार्थिनी के मुंह में कपड़ा ठूसकर उसे बुरी तरह से मारापीटा तथा गले में अंगौछा डालकर खींचा। जिससे उसकी सांस अवरुद्ध होने लगी। उपरोक्त लोग मरा समझकर मौके से चले गये। पीड़िता का कहना है कि ससुरालीजन इसलिए उसे मारने की कोशिश करते हैं कि उसकी सास माधुरी के नाम पर मेन रोड पर दुकानें हैं। उसकी सास दुकानें बेचना चाहती है और उसे हिस्सा देना नहीं चाहती है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।



हाथ में लगी चोट दिखवाती पीड़िता नीतू

# व्यापारी नेताओं ने नगर में भ्रमण कर बाजार बंदी सफल बनाने की अपील की

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर भ्रमण कर कस्बे के व्यापारियों से सोमवार को बाजार बंदी सफल बनाने की अपील की। छोटे बड़े सभी व्यापारियों को सचेत करते हुए बाजार बंदी के नियमों से खिलवाड़ करने वालों को इसका खमियामजा भी भुगतना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर में सोमवार को होने वाली बाजार बंदी पूर्व से ही चली आ रही है। इस बाजार बंदी को व्यापारी नेताओं द्वारा समय-समय पर सहयोग दिया जाता रहा। नियमों की अवहेलना करने वाले कुछ व्यापारियों को समय-समय पर चेतावनी भी दी गई। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए व्यापार मंडल के नेताओं ने पदाधिकारियों के साथ नगर भ्रमण कर नियमों से खिलबाड़ करने वाले व्यापारियों को चेताया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष संजय गंगवार, युवा नगर अध्यक्ष रवि पांडे ने अन्य पदाधिकारियो के साथ नगर भ्रमण किया तथा सभी व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर साप्ताहिक बंदी को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा सोमवार को साप्ताहिक बंदी का सफल होना आवश्यक है, क्योंकि इस दिन सभी व्यापारी वर्ग के लोग आवश्यक कार्य का निस्तारण कर परिजनों के साथ अपना समय गुजार लेते हैं। साथ ही आवश्यक कार्य भी कर लिए जाते हैं। शमशाबाद नगर में बाजार बंदी शत-प्रतिशत सफल रहती है। इसके बावजूद भी कुछ व्यापारीगण नियमों का उल्लंघन कर अपनी आदतों से बाज नहीं आते। ऐसा नहीं होना चाहिए। व्यापारी नेताओं ने नगर की गलियों का भ्रमण करते हुए सभी व्यापारियों से संपर्क किया। छोटे बड़े सभी व्यापारियों से साप्ताहिक बाजार बंदी को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा बाजार बंदी आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यापारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। अगर उनके खिलाफ कोई प्रशासनिक कार्रवाई होती है तो इसका खामियाजा भी उन्हें ही भुगतना पड़ेगा। फिलहाल उन्होंने सभी व्यापारियों से सोमवार को होने वाली साप्ताहिक बंदी को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष संजय गंगवार, कन्हैयालाल भारद्वाज, शशांक रस्तोगी, नितिन रस्तोगी, शुभम रस्तोगी, संजय गुप्ता, विवेक कुमार मिश्रा, अनुपम शर्मा, नावेद मियां सहित तमाम व्यापारीगण मौजूद रहे।



व्यापारियों से बंदी की अपील करते व्यापार मंडल के नेता

**अक्षत कलश** | 22 जनवरी को विराजेगें रामलला, मनाये दीपावली उत्सव

# अयोध्या से आये अक्षत कलश व प्रभु श्रीराम के स्वरुप की पूजा के लिए उमड़ा जन सैलाब

- नगर हुआ राममय, हुई पुष्प वर्षा, छुड़ाई गयी आतिशबाजी
- घर-घर अक्षत पहुंचायेंगे सदस्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अयोध्या** से आए हुए अक्षत कलश का पूजन सोमवार को जेएनबी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान घर-घर अक्षत पहुंचने के लिए 21 सदस्यीय अभियान समिति भी बनाई गई। सरस्वती विद्या मंदिर जेएनवी रोड से एक यात्रा के रूप में सैकड़ो नागरिकों के साथ प्रभु श्री राम का स्वरूप अक्षत कलश को अपने साथ लेकर नुनहाई स्थित संघ कार्यालय पहुंचे। कार्यालय पर पं0 शरद मिश्र सोनू ने विधि विधान से मंत्रोचार कर कलश का पूजन कर आरती उतारी, नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प बरसा कर एवं आरती उतार कर प्रभु श्रीराम एवं अक्षत कलश का स्वागत, वंदन व अभिनंदन किया। यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। समिति के सदस्यों ने सभी से अपील की कि 22 जनवरी 2024 को बनने वाले श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम घर पर सभी लोगों के साथ मिलकर देखें एवं शाम के समय दीपोत्सव कर प्रभु श्री राम का स्वागत करें। वहीं फतेहगढ़ जयनारायन वर्मा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर यात्रा भोलेपुर, आवास विकास, लाल गेट, घुमना चौक होती हुई नुनहाई स्थित संघ कार्यालय पहुंची। वहीं नेहरू रोड पर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और अक्षत कलश का पूजन किया। वहीं चौक पर जोरदार स्वागत हुआ। जगह-जगह भक्तों ने अक्षत कलश व पूजन व पुष्प वर्षा कर प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाये। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण श्रीराममय हो गया। जगह-जगह आतिशबाजी भी छुड़ाई गयी। जिला सह अभियान प्रमुख ऋषि दत्त गुड्डू पंडित ने बतायाकि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह अभियान समिति तत्वाधान में जो अक्षत राम मंदिर में पूजे गये थे वह कलश यात्रा के माध्यम से प्रत्येक हिन्दू परिवार में अक्षत जायेंगे और चित्र और पत्रक जायेगा। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम विराजमान होंगे। इस दिन सभी सनातन धर्मी अपने घरों, मित्रों के साथ इस उत्सव के रुप में मनाये। घर पर व मंदिरों में प्रकाश की व्यवस्था करें। आतिशबाजी छुड़ाये और इसे दीपावली उत्सव जैसा ही मनाये। 500 वर्षों की तपस्या 22 जनवरी को पूरी होने जा रही है। यह सभी हिन्दुओं के बहुत ही गौरव का दिन है। इस मौके पर ठा0 जितेंद्र सिंह, ठा0 अनिल प्रताप सिंह, डा0 वीरेन्द्र सिंह राठौर, मुकेश बाथम, विश्वास गुप्ता, सुरेंद्र पांडे, आकांक्षा सक्सेना, श्वेता दुबे, गुड्डू पंडित आदि लोग मौजूद रहे।



स्वागत करते संजय गर्ग, श्वेता दुबे आदि



जय श्रीराम का उद्घोष करते सुरेन्द्र पाण्डेय आदि — समृद्धि न्यूज

# घर-घर पिलायी गई बच्चों को पोलियो खुराक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जनपद में** वैक्सीन लगवाने के प्रति जहां जागरूकता बढ़ी है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के प्रयास भी असरदार साबित हो रहे हैं। पोलियो वैक्सीन लगवाने के मामले में ग्राफ काफी बढ़ा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण एनएचएफएस 4 में जहां 12 से 23 माह के 64.5 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की तीन डोज दी गई। वहीं एनएचएफएस 5 में यह तादात बढ़कर 72.2 प्रतिशत हो गई। पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान चल रहा है। इसके अंतर्गत शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। सीएमओ डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने कहा कि जिले में पल्स पोलियो अभियान 10 दिसम्बर से शुरु हुआ है जो 15 दिसम्बर तक चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक



बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाती नर्स समृद्धि न्यूज

पिलाएंगी। अभियान के दौरान कोई भी कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव ने बताया कि पोलियो वायरस मुंह के रास्ते से नर्वस सिस्टम में पहुंच जाता है। इससे लकवा और यहां तक कि मृत्यु तक हो सकती है। भारत में पोलियो अब एक बड़ी समस्या नहीं रही है, लेकिन फिर भी यहां पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पोलियो का टीका लेना जरूरी है। यूएनडीपी से वीसीसीएम मानव शर्मा ने बताया कि जिले में लगभग 2.81 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए 691 टीमों को लगाया गया है जो इस लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करेंगी। साथ ही यह भी बताया की 127 भट्ठों और निर्माण साईट्स पर विशेष ध्यान रखा जायेगा। सिविल अस्पताल लिंजीगंज के प्रतिरक्षण अधिकारी अक्षय सेंगर ने बताया कि शहर के मोहल्लों और मलिन बस्तियों में पोलियो टीम द्वारा पांच साल से छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है।

# शिक्षक संघ प्रतिनिधि मण्डल ने डीआईओएस से नवम्बर वेतन भुगतान की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**▸ तदर्थ शिक्षकों किया गया प्रताड़ित तो करेंगे धरना प्रदर्शन: लालाराम दुबे**

**माध्यमिक** शिक्षक संगठन का प्रतिनिधि मण्डल जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला। प्रतिनिधि मण्डल ने डीआईओएस से मांग की है कि नवम्बर 2023 का वेतन भुगतान किया जाये। अल्पसंख्यक विद्यालयों को वेतन क्रिसमस त्योहार से पूर्व प्रत्येक दशा में करने का आदेश दिया जाये। अन्य सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के वेतन भुगतान में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं लेखाधिकारी द्वारा विनिमियतीकरण आइडी का प्रारुप अवैधानिक रुप से शोषण करने हेतु मांगे जा रहे है, जबकि प्रदेश के अन्य किसी जिले में इस प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। शासन द्वारा निर्गित पत्र में 7 अगस्त 1993 से 25 जनवरी 1999 तक तदर्थ शिक्षकों के वेतन रोकने के आदेश है। जबकि जनपद के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधक द्वारा तदर्थ शिक्षक न होने का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है। परन्तु फिर भी जिला विद्यालय निरीक्षक एक कोषाधिकारी वेतन भुगतान नहीं कर रहे है। यदि वेतन भुगतान की कार्यवाही शीघ्र न की गई तो इसकी शिकायत जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी से की जायेगी और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जबकि तदर्थ शिक्षक 25 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत है। प्रतिनिधि मण्डल में लालाराम दुबे, नरेन्द्र सिंह सोलंकी, शैलेश दुबे, संतोष दुबे, सत्येन्द्र सिंह, अतुल दास आदि लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष व ठेकेदार पर सभासद ने लगाया घटिया निर्माण कराने का आरोप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**▸ एडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग**

**नगर पंचायत नवाबगंज** द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किए जाने के मामले में नवाबगंज के पुराना गनीपुर वार्ड नंबर 11 दीन दयाल नगर के सभासद ने अपर जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर मामले की जांच कर कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

वार्ड नंबर 11 के सभासद पुष्पेंद्र सिंह पुत्र रामनिवास ने एडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में दर्शाया कि वह अपने वार्ड से सभासद है। मोहल्ले में दो गलियों तथा क्रॉस पुलिया के ऊपर पटिया निर्माण के लिए 10 दिसंबर को निर्माण सामग्री नगर पंचायत द्वारा भेजी गई। जो सामग्री नगर पंचायत द्वारा भेजी गई वह अमानक थी व उसकी गुणवत्ता बहुत ही खराब है। इस निर्माण सामग्री से पुलिया का निर्माण प्रारंभ कर दिया। ईट सेम किस्म की लगाई जा रही है। स्थानी लोगों ने मुझसे शिकायत की, जिस पर मैंने अपने अन्य सभासदों के साथ मौके पहुंचे और अच्छी ईट लगाकर तथा मानक के अनुसार कार्य जाने को नगर पंचायत अध्यक्ष के साढ़ू महेंद्र सिंह ग्राम प्रधान निवासी नगला गुलरिया से कही वह निर्माण कर रहे थे। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत से फोन पर बात कराई। जिस पर अध्यक्ष ने मुझे धमकाते हुए कहा कि तुम बहुत बड़ा नेता बनने लगा है। अध्यक्ष हम हैं जैसा चाहेंगे वैसा काम करेंगे। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व बड़ी धाराओं में मुकदमा लगाकर तुझे जेल भिजवा दूंगा। इस दौरान महेंद्र सिंह ने अपने 5-6 साथियों को बुला लिया और हम लोगों के साथ अभद्रता व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गए। अन्य सभासद साथियों ने मुझे बचाया। ठेकेदार अपने साथियों के साथ गाली- गलौज करते हुए चला गया। ठेकेदार तथा अधिशासी अधिकारी त्रिवेंद्र कुमार, अध्यक्ष अनिल राजपूत अपने गुंडों से मुझे वह मेरे सभासद साथियों के साथ अप्रिय घटना घटित करा सकते है और झूठे मुकदमे में भी फंसा सकते है। सभासद ने मानकविहीन कार्य की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# शादी के नाम पर तीन वर्षों से प्रेमी कर रहा है दुष्कर्म

**▸ पीड़िता ने डीएम से लगायी न्याय की गुहार**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शादी का** झांसा देकर 3 वर्षों तक जबरियां दुष्कर्म करने के मामले में पीड़िता ने जिलाधिकारी से फरियाद कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी। कोतवाली कायमगंज के एक मोहल्ला की रहने वाली पीड़िता ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में दर्शाया कि कोतवाली कायमगंज के ग्राम नरसिंहपुर निवासी अनिकेत उर्फ मोनू दुबे पुत्र उपेंद्र 3 वर्ष पूर्व से लगातार शादी का झूठा वादा कर जबरियन मेरे साथ दुष्कर्म करता चला रहा है। जब भी शादी की बात करते तो वह टालमटोल कर देता है। 3 दिसंबर को जब मैं उसके घर जाकर उसके पिता उपेंद्र उर्फ बंटू पुत्र सुधीर, अभय उर्फ गोलू व उसकी मां शशि से इस संदर्भ में बात कही तो उन सभी लोगों ने आश्वसन दिलाया कि कोई बात नहीं हम ब्राह्मण जाति के और तुम कोरी हो हमें कोई आपत्ति नहीं है। तुम दोनों साथ रहो खुश रहो। मुझे शशि दुबे व परिजनों ने 4 दिसंबर को अपनी सहमति से अनिकेत दुबे के साथ बाहर भेज दिया और 2 दिन बाद वापस बुलाया। इस दौरान मुझे घर में नहीं घुसने दिया और कहा कि तू दलित जाति की है। तू मेरी बहू नहीं बन सकती हो और जाति सूचक गाली-गलौज किया। मेरे साथ जो कुछ हुआ परिजनों की सहमति से हुआ। पिता ने यही बताया कि मैं इस संदर्भ में कायमगंज पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराकर न्याय दिलाये जाने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### गार्ड बाहर तैनात रहे और चोर चोरी करते रहे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरियों पर अंकुश पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी नहीं लग रहा है। घर के बाहर गार्ड तैनात रहे और चोर ताले तोड़कर हजारों की नकदी व सामान चोरी कर ले गये। चोरी का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अमृतपुर निवासी अनुभव अवस्थी के पिता दिनेश अवस्थी व भाई पियूष अवस्थी की गाँव के ही लोगों ने 7 मई 2022 को हत्या कर दी थी। जबकि पिता दिनेश अवस्थी गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। उपचार के दौरान दिनेश अवस्थी नें भी दम तोड़ दिया था। वर्तमान में अनुभव के साथ उनकी माँ मीरा देवी, बहन गुड़िया, प्रियंका रहतीं हैं। बीते दिन अनुभव अपने परिजनों के साथ मामा सुधीर कुमार की तबियत खराब होने पर उन्हें देखनें फतेहगढ़ आये थे। परिवार की सुरक्षा के लिए घर के बाहर पुलिस का पहरा रहता है। जिससे अनुभव बेफिक्र होकर मामा के घर रुक गया। सोमवार सुबह जब उसकी बहन गुड़िया व प्रियंका घर आयीं तो बाहर तैनात गार्ड ने पीने के लिए पानी माँगा, तो वह पानी लेने के लिए घर के भीतर दाखिल हुई, तो कमरों के रखे बक्से आदि का ताला टूटा पड़ा था और सामान बिखरा पड़ा था। चोर एक चेन, दो अंगूठी व 30 हजार रूपये नकद चोरी कर लिए गये। जानकारी होने पर सीओ रविन्द्र नाथ राय, थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी, फिल्ड यूनिट की टीम मौके पर पंहुची और जाँच की। अनुभव ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने बताया कि तहरीर मिल गयी है। जाँच की जा रही है।

### दीवार फांदकर घुसे चोरों ने मोबाइल नकदी व जेवर किये पार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दीवार फांदकर घर में घुसे चोर ने मोबाइल, जेवर व नगदी चोरी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी गोविन्द रविवार की बीती रात परिवार के साथ घर में सो रहे थे। किसी पहर चोर दीवार फांदकर घर के घुस गया। चोर ने कमरे में रखी अलमारी को खोलकर उसमें रखे सोने के जेवर, तीस हजार की नगदी व आंगन में रखे दो मोबाइल चोरी कर लिए। खटपट की आवाज सुन स्वजन जाग गए। स्वजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह बागों की तरफ भाग गया। सोमवार सुबह स्वजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया मामला संदिग्ध है। जांच की जा रही है।

### जिला स्तरीय नव परिवर्तन प्रदर्शनी 20 दिसम्बर को होगी आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय नव परिवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज में 20 दिसम्बर को प्रातः 10बजे आयोजित होगा। प्रदर्शनी में नव परिवर्तक किसान, मजदूर, शिल्पकार, मैकेनिक, कारीगर जिन्होंने कार्य को सरल बनाने हेतु नवीन तकनीकी, औषधि, यंत्र, उपकरण आदि का अविष्कार किया हो वह प्रतिभाग करेंगे। प्रथम पुरस्कार 8 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपये, एवं पांच सांत्वना पुरस्कार 2 हजार व प्रमाण पत्र प्रत्येक प्रतिभागी को दिया जायेगा। सभी लोग चिन्हित कर 15 दिसम्बर तक विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक दीपिका राजपूत को सूचित करें।

### आईटीआई स्कूल में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 12 दिसम्बर मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। जिसमें आठ कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 350 अभ्यार्थियों के आवेदन मांगे गये है। इच्छुक अभ्यार्थी प्रातः 10 बजे विद्यालय में शैक्षिक प्रपत्रों के साथ उपस्थित हो। यह जानकारी प्रधानाचार्य इं0 राजवीर सिंह ने दी है।

### शराबी दबंगों ने टेंपो चालक को पीटकर छीने रुपये

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव नरायनपुर निवासी राजकुमार ने दी तहरीर में बताया कि वह कंपिल रुदायन मार्ग पर टेम्पो चलाता है। सोमवार शाम को वह टेम्पो में सवारियां भरकर कंपिल से रुदायन गया था। टेम्पो चालक रुदायन स्टेशन पर सवारियां उतारकर उनसे रुपए लेने लगा। उसी दौरान पड़ोस के गांव के कुछ शराबी युवक मौके पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। आरोप है कि युवकों ने चालक का मोबाइल तोड़कर जेब में रखे साढ़े बारह हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साइकिल से गिरकर बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम हरकरनपुर निवासी दीपक उम्र 7 वर्ष पुत्र रमेश चंद्र स्कूल से पढ़कर वापस घर साईकिल द्वारा लौट रहा था। जैसे ही गाँव के निकट पहुँचा, तभी गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पीआरडी के स्थापना दिवस में शामिल हुए पूर्व महानिदेशक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मुड़गांव स्तिथ विभागीय स्टेडियम में पीआरडी स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के



परेड का निरीक्षण करते पीआरडी के पूर्व महानिदेशक समृद्धि न्यूज

मुख्य अतिथि उमेश चंद्र तिवारी आईएएस (रिटायर्ड) पूर्व महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल ने पीआरडी परेड का निरीक्षण किया एवं पीआरडी स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी देवेन्द्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र, अनुराग, जीतू कंचन, पीआरडी स्वयंसेवक आदि उपस्तिथ रहे।

# समस्याओं को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पावर कारपोरेशन** निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रामकिशन व महामंत्री विष्णु सिंह ने समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पावर कारपोरेशन द्वारा रिक्त पदों के साक्षेप नियमित प्रकार के कार्यों को मस्टरोल व्यवस्था के तहत कर्मचारियों की तैनाती कर कार्य कराने के स्थान पर संविदाकारों के माध्यम से तैनात कर्मचारियों के लेवरों के अनुबंध कर लाइनमैन, उपकेंद्र परिचालक, कम्प्यूटर आपरेटिंग आदि तकनीकी एवं घातक प्रकृति के कार्यों को कराया जा रहा है। कर्मचारियों के वेतन भुगतान में भेदभाव करते हुए सैनिक कल्याण निगम के तैनात कर्मचारियों का अनुबंध लगभग 30 हजार का तथा संविदाकारों के माध्यम से तैनात कर्मचारियों का अनुबंध लगभग 13 हजार का किया जा रहा है। तुलना में कर्मचारियों की तैनाती न करने के कारण कर्मचारियों से आठ घंटे 26 दिन के स्थान पर 12 से 16 घंटे 30 दिन कार्य लिया जा रहा है। यह



डीएम को ज्ञापन सौंपते संविदा कर्मचारी संघ समृद्धि न्यूज

मानक अनुरुप है। सुरक्षा उपकरण भी नहीं है। बिजली की चपेट में आने से लोग गिरकर घायल हो जाते है और मृत्यु हो जाती है। संविदाकारों को ईएसआईसी के मद से कर्मचारियों के अंशदान सहित 481 रुपये का भुगतान करने के बावजूद घायल कर्मचारियों का उपचार नहीं कराया जा रहा है। ईपीएफ घोटाले की जांच भी नहीं करायी गई है, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# भाकियू की किसान जोड़ों यात्रा 13 दिसम्बर को

**▸ नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट ने 10 सूत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर 13 दिसम्बर को जमापुर चौराहे से राजेपुर तक किसान जोड़ों यात्रा निकालकर महापंचायत का आयोजन होगा। इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर महापंचायत कार्यक्रम की जानकारी दी है। 13 दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में महापंचायत के साथ किसान जोड़ों यात्रा निकाली जायेगी और ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन में गंगा जी के दोनों तरफ पांचाल घाट से लेकर ढाई घाट पुल तक बांध बनवाया जाये और बजट स्वीकृत किया जाये। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को परिवर्तित किया जाये। गंगा जी को गहरा किया जाये। मुख्यमंत्री के उद्बोधन



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते नरेन्द्र सोमवंशी समृद्धि न्यूज

का ध्यान रखते हुए दोनों एक्सप्रेस-वे को लिंक से जोड़ा जाये। ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से होकर ही निकाला जाये। जनपद की क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाये। राजस्व विभाग में मेड़बंदी की समस्या जटिल बनी हुई है। किसानों को ध्यान में रखकर टीम गठित कर पैमाइश करायी जाये। किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान कर्जदार है। उसका कर्जा माफ किया जाये। जनपद में आलू चिप्स आदि की फैक्ट्री लगायी जाये। देवरामपुर क्रासिंग पर पुल बनवाया जाये आदि मांगों को लेकर महापंचायत की जायेगी।

# आलू के भाव में 150 रुपये कुंटल की आयी गिरावट, किसान मायूस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आलू की आमद बढ़ने से सातनपुर मण्डी में भाव में लगातार गिरावट जारी है। सोमवार को आलू की आमद लगभग 150 मोटर रही। आलू का भाव एकदम धड़ाम से गिरने से किसान बेहाल हुआ। निबल आलू 251 रुपये से 281 रुपये पैकेट बिका। मोटा पीला आलू 301 रुपये से 341 रुपये पैकेट बिका। आलू का भाव गिरने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें बन गयी। ऐसे में आलू की लागत भी नहीं निकल पा रही है। आलू की बुआई, खाद, पानी लगाने के बाद आलू की खुदाई व आलू को मण्डी के लिए ट्रैक्टर का भाड़ा, आढ़तियों की तुलाई शामिल है। 600 रुपये कुंटल से भी कम दाम मिलने से आलू किसान



मण्डी में लगे आलू के पैकेट

बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अन्य फसलों की अपेक्षा आलू में दाम ठीकठाक न मिलने के कारण किसान आलू की पैदावार करने से तौबा करने लगा है। मण्डी में भाव में 150 रुपये कुंटल की गिरावट आने से किसानों के चेहरों पर मायूसी है। सोमवार को एकदम आलू की आमद बढ़ने से आलू के भाव में गिरावट जारी है।

# शीतलहर से बचाव हेतु प्रशासन ने जारी किये दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शीत लहर से बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने जानकारी देते ही बताया कि शीतकाल प्रारंभ हो चुका है एवं ठंड के दिन में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। शीतलहर/पाला के दौरान निराश्रित असहाय, कमजोर, गरीब व्यक्ति परिवारों को राहत पहुंचाने हेतु अलाव जलवाने एवं शेल्टर होम, रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। बढ़ते शीतकाल प्रकोप के दृष्टिगत आपदा विशेषज्ञ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण फर्रुखाबाद ने शीतकाल से बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिन्हें ध्यान में रखा जाये। शीतलहर से बचाव हेतु उपाय मौसम की जानकारी समय-समय पर लेते रहे। कोयले की अंगिठी, हीटर आदि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें, कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन वेंटिलेशन, वायु संचार बनाए रखें, ताकि कमरे में विषात्क/जहरीला धुआ इकट्ठा ना हो सके। शरीर को सूखा रखे, कपड़े गीले होने पर तुरन्त बदले, गीले कपड़े आपके आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधिक ठंड के दिनों में सामुदायिक केंद्रो स्थानों पर जाएं जहां प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया है। गर्म कपड़े जैसे ऊनी स्वेटर, टोपी, मफलर आदी का प्रयोग अवश्य करें। शीतलह से बचने में काफी मददगार साबित होगा। अत्याधिक ठंड कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके घर के अंदर रखें, बाहर न निकलने दे। शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थ का सेवन करें। हाइपोथर्मिया के लक्षण जैसे असामान्य शरीर का तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, असीमित, ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना, थकावट आदि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर संपर्क करें। शीतदंश के लक्षण जैसे शरीर के अंगों को सुन्न पड़ना, हाथों पैरों की उंगली का नाका आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग ऊपर आने पर नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। बिजली चले जाने पर फ्रिज का दरवाजा बंद रखने पर फ्रीजर 48 घंटे तक भोजन को सुरक्षित रख सकता है। ऐसे में बिजली न होने पर बार-बार फ्रिज को ना खोलें। अपने आसपास के अकेले रहने वाले किसी भी पड़ोसी की जानकारी आप अवश्य रखें, खासकर बुजुर्गों की, किसी भी आपातकाल स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पर संपर्क करें।

# टेलर की दुकान में नकब लगाकर हजारों की चोरी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**चोर बीती** रात टेलर की दुकान में नकब लगाकर पांच हजार की नकदी, सिले कपड़े सहित बैट्री व इन्वर्टर चोरी कर ले गये। सुबह जब दुकान स्वामी दुकान खोलने पहुंचा, तब उसे चोरी होने की जानकारी हुई। उसने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत कुंवरपुर खास निवासी प्रदीप पुत्र सुरेश की मेन रोड पर टेलरिंग की दुकान है।



दुकान में चोरों द्वारा की गयी चोरी के बाद अस्त व्यस्त सामान



चोरों द्वारा दुकान में लगाया गया नकब समृद्धि न्यूज

कपड़े सिलकर व अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीती देर शाम वह दुकान ठीक प्रकार से बंद कर अपने घर चला गया था। सोमवार को सुबह जब वह दुकान खोलने आया, तो दीवार में नकब लगा देख उसके होश उड़ गये। उसने अंदर जाकर देखा, तो सारा सामान बिखरा पड़ा था तथा गोलक में रखी पांच हजार की नकदी गायब थी। दुकान ने बताया कि चोर नकदी के अलावा सिले कपड़े व इन्वर्टर व बैटरा भी चोरी कर ले गये हैं। उसने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने की बात कही। बताते चलें कि आये दिन चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में पुलिस के प्रति रोष देखा गया।

# विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए मिलकर करें काम : दत्तात्रेय

**विकसित भारत-2047 विषय पर आयोजित सेमिनार को राज्यपाल ने किया संबोधित**



**चंडीगढ़, एजेंसी।**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 आइडियाज पोर्टल लॉन्च करते समय कल्पना की है कि देश को विकसित करने के लिए हम सभी के पास पूरे समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता के साथ काम करने के लिए 24 वर्ष है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें मिलकर कड़ा परिश्रम करना होगा।राज्यपाल दत्तात्रेय सोमवार को हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में विकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित एक सेमिनार में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, रजिस्ट्रार व संकाय सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। इस सेमिनार में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता व मुख्य सचिव संजीव कौशल भी कार्यशाला में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में नया भारत बनाने का लक्ष्य एक महत्वाकांक्षी उद्देश्य है, जो देश के नागरिकों और नेतृत्व की सामूहिक आकांक्षाओं को दर्शाता है।

यह एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है, जहां राष्ट्र अपनी वर्तमान चुनौतियों को पार कर व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रगति हासिल करेगा। राज्यपाल ने सभी वीसी को कहा कि सभी अपने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक विजन 2047 सेल बनाएं, जो विशेष रूप से आज की अति महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए समर्पित हो। विकसित भारत पोर्टल तक सीधी पहुंच के लिए अपने विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर क्यूआर कोड डालें। हमें राष्ट्र के भावी कर्णधारों यानि अपने छात्रों को विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण से काफी मिलती-जुलती है। कौशल विकास और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में काफी मदद करेंगे। हमारे पास जापान, जर्मनी, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के उदाहरण हैं, जो अत्यधिक बाधाओं के बावजूद उठे और आर्थिक दिग्गज बनने के लिए अपने निर्णायक मोड़ लाए। अमृत काल में भारत भी ऐसे ही अवसर के शिखर पर है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान विचार-विमर्श-मंथन में यहां विभिन्न सम्मानित प्रतिभागियों से अनेकों महत्वपूर्ण विचार और सुझाव आएंगे। हमें उन्हें संकलित करने और उन पर आगे चर्चा करने की आवश्यकता है, ताकि अंतिम विचार केंद्र सरकार के साथ साझा कर सकें।

# आईएएस पूजा सिंघल के वकीलों ने किए सवाल

**रांची, एजेंसी।**

मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के महत्वपूर्ण गवाह के बचाव पक्ष की ओर से सोमवार को क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया। इस केस की प्रमुख अभियुक्त निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने ईडी के गवाह अभयनंद अम्बष्ट से सवाल किए।

बचाव पक्ष के वकीलों का ईडी के गवाह ने एक-एक कर जवाब दिया, जिसके बाद अब इस केस के अन्य अभियुक्तों सुमन कुमार और निलंबित जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिंह की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से उपस्थित रहे। वहीं पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष 12 अप्रैल को मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी। बंगाल बीजेपी ने अगले साल 12 सीटों पर महिला उम्मीदवार उतारने का रखा है लक्ष्यकोलकाता भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 42 सीटों में से कम से कम 12 सीटों पर महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का लक्ष्य रखा है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाजपा राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा,आदर्श स्थिति यह होगी कि हम 42 लोकसभा सीटों में से 14 पर महिला उम्मीदवारों को नामांकित कर सकें, यह देखते हुए कि राष्ट्रीय स्तर पर हमारी पार्टी का लक्ष्य कम से कम 33 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारना है। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो भी इस बार हमारा लक्ष्य कम से कम 12 लोकसभा सीटों पर महिला उम्मीदवारों को नामांकित करना है।

## खबरें एक नजर में

### एमवे इंडिया ने टूथपेस्ट को किया लॉन्च




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुंह के स्वास्थ्य और समग्र स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को पहचानते हुए अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में कई लाभों के साथ एकदम नए ग्लिस्टर मल्टीएक्शन टूथपेस्ट को लॉन्च किया। नए लॉन्च के बारे में बताते हुए एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहाए श्विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 95 प्रतिशत से अधिक भारतीय वयस्क दांतों में सड़न का अनुभव करते हैं जबकि 50 प्रतिशत से अधिक गम रिसेशन, यानी मसूड़ों के दांत से अलग होने दांतों की संवेदनशीलता, यानी ठंडा.गर्म लगना और मुंह की दुर्गंध से पीड़ित हैं। जैसा कि हम समग्र कल्याण की ओर बढ़ते रुझान को देख रहे हैं एमवे के सबसे ज्यादा बिकने वाले ब्रांडों में से एक ग्लिस्टर जिसने दुनिया भर में लाखों उपभोक्ताओं का विश्वास जीता है गर्व से मुंह की देखभाल को व्यापक मिसाल के तौर पर एकीकृत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। स्वास्थ्य और कल्याण की भव्य फुलकारी में मुंह की देखभाल एक ऐसे धागे की तरह है जो हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ती है और जो हमारे समग्र कल्याण के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करती है। पांच दशकों से अधिक की विरासत के साथ ग्लिस्टर उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हुआ है।

### चेक बाउंस केस मामले में अमीषा पटेल पर लगा जुर्माना

**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में रांची सिविल कोर्ट ने फिर से 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। पूर्व में भी गवाह का प्रतिपरीक्षण नहीं करने पर अमीषा पटेल पर कोर्ट ने जुर्माना लगाया था। अमीषा पटेल की ओर से गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण नहीं होने के कारण उसकी फिर से गवाही कराने का आग्रह किया गया था।दरअसल, गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में पूरा नहीं हो सका है। सोमवार की सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल की ओर से गवाह संख्या एक के प्रतिपरीक्षण के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए अमीषा पटेल पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयलक्ष्मी ने प्रतिपरीक्षण के लिए समय मांगने जाने का विरोध किया।फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने ढाई करोड़ रुपये लिये थे। वापसी के लिए अमीषा पटेल ने दो चेक दिये थे, जो बाउंस हो गये। इस पर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।

### सुक्खू सरकार ने अपनी नाकामियों का मनाया जश्न

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की वर्तमान सुक्खू सरकार अपने एक साल चल जाने का जश्न मना रही है। इस सरकार के पास नाकामियों के सिवा कुछ भी नहीं है, फिर भी जश्न मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजनाओं को अपनी उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है।जयराम ठाकुर ने सोमवार को शिमला में कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है जब सरकार और मुख्यमंत्री अपनी नाकामियों का जश्न मना रहे हैं।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री और बाकी नेताओं ने कांग्रेस के आलाकमान को बुलाने की खूब कोशिश की। दिल्ली दरबार के कई चक्कर लगाए लेकिन कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता सरकार के इस जश्न में आने को तैयार नहीं हुआ। प्रियंका गांधी वाड्रा तो शिमला आकर भी धर्मशाला की रैली में नहीं गई।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्हें पता है कि चुनाव के समय बोले गये हर झूठ का जवाब लेने के लिए प्रदेश के लोग हर सड़क चौराहे पर खड़े हैं और उनके पास जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि कम से कम कांग्रेस के बड़े नेताओं को इस बात का एहसास है कि इस सरकार के पास उपलब्धि के नाम पर जश्न मनाने जैसा कुछ भी नहीं है।जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ और क़द्दावर नेता यह जानते थे कि सुक्खू सरकार के पास लोगों को बताने के लिए एक भी उपलब्धि नहीं है।

# पर्यटन का नया केन्द्र बन रही उत्तर प्रदेश की विधानसभा



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा केवल 403 विधायको की नहीं, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता की विधानसभा है**

देश की श्रेष्ठ विधानसभाओं में सबसे आगे उत्तर प्रदेश की विधानसभा पर्यटन का नया केन्द्र बनता जा रहा है। पर्यटक छात्र छात्राएं आए दिन इसकी खूबसूरती देखने के लिए यहां आ रहे हैं। इसी क्रम में बहराइच तथा कानपुर के छात्र छात्राओं और अध्यापकों के दो दलों ने आज विधानसभा का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को बताया कि अब तक विधानसभा के बारे में केवल सुना था लेकिन आज इसे देखकर यह बात सत्य हो गयी कि अपनी विधानसभा सबसे अच्छी विधानसभा है। बहराइच के सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल 145 छात्र छात्राओं, 15 अध्यापक अध्यापिकाओं के अलावा कानपुर के एलेन हाउस पब्लिक स्कूल के 20 सदस्यीय दल ने पूरे विधानसभा परिसर का भ्रमण किया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हे बताया कि यह विधानसभा केवल 403 विधायको की नही, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता की यह विधानसभा है। उन्होंने बताया कि लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनता के प्रति जवाबदेही होने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी एक विधायक की ही होती है न कि किसी अधिकारी की। इसलिए जब तक विधायिका मजबूत नही होगी तब तक लोकतंत्र मजबूत नही होगा।

उन्होंने बताया कि 18वीं विधानसभा में अधिकतर पढ़े लिखे विधायक हैं। यह भी कहा कि राजनीति का स्वरूप अब बदल रहा है। इसलिए अच्छे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। एक छात्रा के सवाल के जवाब में श्री महाना ने बताया कि एक सिक्के दो पहलू की तरह ही लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। इस मौके पर जब एक छात्र ने यह जानना चाहा कि आखिर विधानसभा में क्या कार्य किए जाते हैं? इस पर श्री महाना ने उन्हे बताया कि विधानसभा में विधेयक पारित किए जाते हैं। जिसके अंतर्गत कानून व्यवस्था से लेकर जनहित के विकास के कार्य किए जाते हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री महाना ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सभी सदस्यों को अपनी बात कहने का अधिकार होता है लेकिन कोई भी सदस्य बिना विधानसभा की नियमावली के तहत ही सदन में अपनी बात रह सकता है। इस मौके पर प्रमुख सचिव विधानसभा श्री प्रदीप कुमार दुबे भी उपस्थिति थें।

# बीएचईएल ने जीते गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कार-2023

**हरिद्वार।** सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समर्पित नवाचार और उत्कृष्टता के लिए बीएचईएल को वर्ष 2023 के लिए तीन गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कारों का विजेता चुना गया है। गवर्नेंस नाउ पीएसयू आईटी पुरस्कार आईटी में सार्वजनिक उपक्रमों के प्रयासों और उत्कृष्टता का सम्मान करने के लिए दिए जाते हैं।

कंपनी को एक स्वतंत्र जूरी द्वारा सर्वसम्मति से साइबर सुरक्षा और डेटा संरक्षण, आईटी नवाचार और सॉफ्टवेयर विकास एवं उत्कृष्टता की श्रेणियों में पुरस्कार के लिए चुना गया। पुरस्कार जेपी श्रीवास्तव, निदेशक (ई,आर एंडडी) और निदेशक (वित्त) अतिरिक्त प्रभार ने कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी डॉ. विक्रम सिंह से प्राप्त किये।

# पीएम के नेतृत्व में होगा जम्मू कश्मीर का विकास

**मुंबई, एजेंसी**



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह साफ हो गया कि जम्मू कश्मीर का विकास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इसी तरह का निर्णय पूरा देश चाहता था। हम अखंड भारत के समर्थक हैं।

स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने मांग की थी कि अखंड भारत के लिए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाने का निर्णय लिया था, सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रधानमंत्री मोदी के फैसे को सही ठहराया है।मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि पूरा देश चाहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे हटा दिया था और आज सुप्रीम कोर्ट ने इसे सही ठहरा दिया है। इस काम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इसके लिए बहुत मेहनत की थी, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को बधाई देता हूं।उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के विकास का रास्ता आज सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आज के निर्णय के बाद यह साफ हो गया कि अब जम्मू कश्मीर में धारा 370 फिर से नहीं लग सकेगी। इससे अखंड भारत का देश का सपना पूरा हो सकेगा। बहुत जल्द पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी भारत का अंग होगा। जम्मू कश्मीर में अब पर्यटन का विकास होगा।शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की मांग उनके पिता बालासाहेब ठाकरे ने की थी।

धारा 370 हटाने के लिए शिवसेना ने मतदान किया था। आज संसद के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही बताया है। अब प्रधानमंत्री को जम्मू कश्मीर में तत्काल चुनाव करवाना चाहिए। साथ ही कश्मीर से जो कश्मीरी पंडित विस्थापित हुए हैं, उन्हें फिर से जम्मू कश्मीर में बसाना चाहिए।

# बंगाल में 12 महिलाओं को टिकट दे सकती है भाजपा

**लोकसभा चुनाव**

**हमारा लक्ष्य राज्य की कम से कम 12 लोकसभा सीटों पर महिला उम्मीदवारों को नामांकित करना है: देवश्री चौधरी**




**कोलकाता, एजेंसी**

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 42 सीटों में से कम से कम 12 सीटों पर महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का लक्ष्य रखा है।

सोमवार को पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाजपा राज्य समिति के एक सदस्य ने बताया,आदर्श स्थिति यह होगी कि हम 42 लोकसभा सीटों में से 14 पर महिला उम्मीदवारों को नामांकित कर सकें, यह देखते हुए कि राष्ट्रीय स्तर पर हमारी पार्टी का लक्ष्य कम से कम 33 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारना है। अगर ऐसा नहीं होता है तो भी इस बार हमारा लक्ष्य राज्य की कम से कम 12 लोकसभा सीटों पर महिला उम्मीदवारों को नामांकित करना है। यदि ऐसा होता है तो यह संख्या 2019 के आम चुनावों में पार्टी की ओर से मैदान में उतारी गई महिलाओं की संख्या से काफी अधिक होगी। 2019 में, भाजपा ने पांच महिला उम्मीदवार उता थेरे, इनमें से दो लॉकेट चटर्जी और देवश्री चौधरी निर्वाचित हुईं। चौधरी मई 2019 से जुलाई 2021 तक केंद्र में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री रह चुकी हैं। भाजपा सूत्रों ने यह भी बताया कि पार्टी के कुछ प्रमुख चेहरे जो वर्तमान में पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य हैं और साथ ही कुछ मुखर महिला प्रवक्ताओं को भी मैदान में उतारा जा सकता है। इस मुद्दे पर अधिक जानकारी दिए बिना, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, उम्मीदवार के चयन के लिए अभी बहुत समय है और इस संबंध में अंतिम निर्णय हमारे केंद्रीय नेतृत्व को करना है। हालांकि हमारी पार्टी का रुख हमेशा महिला नेतृत्व को आगे लाने का रहा है।

# आयकर विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ ने की गीता टंडन कपूर की जीत की कामना

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी, स्वर्ण पदक विजेता एवं आयकर अधिकारी गीता टंडन कपूर को आयकर विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ यू पी (वेस्ट) एवं उत्तराखंड के अधिकारियों व सहकर्मियों द्वारा बैंकाक, थाईलैंड में 13 दिसंबर से 17 दिसंबर 2023 तक आयोजित 14वें एशियाई कप वेटेरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए जीत की शुभकामनाएं दीं एवं उनका सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अरविन्द त्रिवेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष (आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ) राघवेंद्र सिंह डिप्टी कमिश्नर (जनरल सेक्रेटरी यू पी - उत्तराखंड) एवं समस्त आयकर विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे। थाईलैंड टेबल टेनिस वेटेरन क्लब द्वारा भारत की तरफ से गीता टंडन कपूर को खेलने एवं प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि गीता टंडन कपूर ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में भाग लिया है तथा देश के लिए कई स्वर्ण पदक जीतें हैं। इसके अतिरिक्त गीता टंडन कपूर कॉमन वेल्थ टेबल टेनिस फेडरेशन में सदस्य के रूप में नामित होने वाली पहली भारतीय महिला हैं। टाइम्स बिज़नेस अवार्ड 2023 में डायनामिक वीमेन ऑफ़ दि ईयर से सम्मानित किया गया। उन्हें उत्तराखंड में पंडित एन डी तिवारी स्मृति सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह एक ऐसी प्रतिभाशाली महिला हैं जिन्होंने आयकर विभाग के दायित्वों को पूरा करने के साथ साथ समाज के उत्थान, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# दिसंबर में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए घूमें हिल स्टेशन

अगर आप भी दिसंबर के महीने में बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं। तो हम आपको भारत की उन हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर दोस्तों और परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।



साल का आखिरी महीना दिसंबर एक ऐसा महीना है जब देश के कई हिस्सों में ठंड पड़ने लगती है। ठंड में कई जगहों की खूबसूरती देखने लायक होती है। वहीं इस महीने देश के कई हिस्सों में बर्फबारी भी शुरू हो जाती है। देश और विदेश के लाखों सैलानी बर्फबारी का मनमोहक नजारा और एडवेंचर एक्टिविटीज करने के लिए इन जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी दिसंबर के महीने में बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल के लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की उन हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनरए दोस्तों और परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**कुफरी**–जब भी हिमाचल प्रदेश घूमने की बात होती है तो इसमें शिमला का नाम सबसे पहले आता है। लेकिन आपको बता दें कि शिमला से कुछ ही दूरी पर कुफरी नामक एक हसीन जगह है। जहां पर आप बर्फबारी का खुलकर मजा ले सकते हैं। शिमला से कुफरी की दूरी सिर्फ 14 किमी दूर है और दिसंबर के महीने में यहां पर बर्फबारी होती है। कुफरी में बर्फबारी के दौरान देवदार के पेड़ए पहाड़ और सेब के बागान आदि बर्फ की सफेद चादर से ढक जाती है। ऐसे में आप यहां पर एडवेंचर का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**औली**–उत्तराखंड की हसीन वादियों में औली एक बेहतरीन और खूबसूरत जगह है। ऐसे में आप दिसंबर के महीने में औली घूमने के लिए जा सकते हैं। औली समुद्र तल से करीब 3 हजार मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। यहां पर हर साल लाखों देशी.विदेशी पर्यटक आते हैं। दिसंबर के महीने में आप यहां की खूबसूरती को निहारते ही रह जाएंगे।

**नारकंडा**–हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में मौजूद नारकंडा भी बेहद खूबसूरत जगह है। इस जगह को एक बार एक्सप्लोर करने के बाद आपका यहां पर बार.बार जाने का मन करेगा। बता दें कि कई कपल्स हनीमून के लिए नारकंडा पहुंचते हैं। ऐसे में आप भी बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए अपने दोस्तों या परिवार के साथ नारकंडा पहुंच सकते हैं। यहां पर आने के बाद आपको जन्नत में होने का एहसास होगा।



**पटनीटॉप**–बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए आप जम्मू.कश्मीर घूम सकते हैं। कई लोग जम्मू.कश्मीर में गुलमर्गए सोनमर्गए पहलगाम या श्रीनगर एक्सप्लोर करते हैं। लेकिन जम्मू.कश्मीर में आप पटनीटॉप घूमने के लिए जा सकते हैं। अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ आप स्कीइंगए पैराग्लाइडिंग और ट्रेकिंग जैसी एक्टिविटीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर पटनीटॉप पार्कए तन्नी झुब्बर झील और स्काईव्यू पटनीटॉप जैसी कई बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# बच्चों की बुद्धिलब्धि बढ़ाने के प्रशिक्षण को लेकर हुई प्रेस वार्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी**




देश की राजधानी दिल्ली में संसद भवन के पास कांस्टीट्यूशन क्लब में अति महत्वपूर्ण सम्मेलन हुआ जिसमें व्यक्ति के मन को एकाग्र कर उसकी बुद्धि.लब्धि को बढ़ाने की कला के विषय में जानकारी दी गई। आज के युग में भाग दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति बेहद तनाव में जी रहा है।

जिस कारण उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। लोगों के अंदर मानसिक तनाव इस स्तर का पनप रहा है कि लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

एक आंकड़े के अनुसार इतने लोग किसी युद्ध अथवा महामारी से नहीं मारे जा रहे हैं जितने आत्महत्या के कारण मारे जा रहे हैं। इस वैश्विक गंभीर समस्या को लेकर कई विश्व स्तरीय मनोवैज्ञानिकों व आई आई टी एलुमनाई ने ब्रेन रिकोडिंग कंपनी बनाकर लोगों के मन को एकाग्र कर उनके मानसिक स्वास्थ्य में उन्नति कर उनके आईक्यू लेवल को बढ़ाकर उनके कार्य दक्षता एवं जीवन को कुशल बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस सब प्राचीन भारतीय गुरुकुल पद्धति को नए वैज्ञानिक विधि द्वारा बच्चों व बड़ों को इसके ज्ञान से अवगत कराने हेतु इस सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई जिसमें देश भर के सभी छोटे बडे न्यूज चैनल व प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रसिद्ध वैदिक गणितज्ञ मनु त्रिपाठी ने स्मरण शक्ति के विकास की बात बताई गजेंद्र सिंह आईआईटी एलुमनाई ने बच्चों को तेज गति से सीखने की कला के विषय में बतायाए अध्यात्मिक प्रेरक रवि चौधरी ने बच्चों व बडों को अध्यात्मिक ध्यान द्वारा मानसिक सबल बनाने व मानव निर्माण के विषय में जानकारी दी।